CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 03-20-2026 21:49 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 21 मार्च 2026 > फाल्गुन 30, शक संवत 1947, चैत्र शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 67 > पेज 24* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

आज देवी चंद्रघंटा की पूजा

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

नेतन्याहू ने कहा, हमने US को ईरान जंग में नही घसीटा

▶देखें अंदर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 03-20-2026 23:11 Color:

नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

धूमधाम से हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना

दिल्ली के प्रमुख मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी के सात्विक स्वरूप की भक्तिभाव से पूजा हुई। नवरात्र और नव संवत 2083 के उल्लास के बीच, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिरों के आसपास कई इंतजाम किए गए हैं।

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** सभी मंदिरों में माता के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना भक्तिभाव से की गई। बद्री भगत झंडेवाला मंदिर में माता का श्रृंगार, पूजन अर्चन विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराते हुए पं. महावीर प्रसाद ने बताया कि माता के इस स्वरूप को अत्यंत सात्विक और भव्य माना जाता है। सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में आचार्य अनिल ने माता का पूजन, श्रृंगार संपन्न कराया।

वैष्णो दरबार नीलम माता मंदिर मयूर विहार फेज-टू में आचार्य राहुल तिवारी ने पूजन कराते हुए कहा कि यह माता भक्तों को पूर्ण विद्या देकर विजयी बनाती है। शक्तिपीठ मंदिर छतरपुर में जागरण व चौकी में भक्तों की भीड़ लगी रही। बिड़ला मंदिर में गिरिशानंदजी सरस्वती ने रामकथा में नवधाभक्ति पर प्रकाश डाला। नीलकंठ मंदिर ईस्ट पटेल नगर, बालाजी धाम मंदिर त्रिनगर, राजमाता झंडेवाला मंदिर शाहदरा, गुफा मंदिर प्रीत विहार, पंचेश्वर मंदिर विकास मार्ग, गंगेश्वर धाम करोलबाग, चिंता हरण मंदिर मानस मार्ग, चाणक्यपुरी, संतोषी माता मंदिर हरि नगर व अन्य मंदिरों में भी भक्तिभाव से पूजन हुआ।

मां ब्रह्मचारिणी भक्तों को पूर्ण विद्या देकर विजयी बनाती है

नव संवत वर्ष समारोह: नव संवत आयोजन समिति कूचा महाजनी चांदनी चौक ने नववर्ष विक्रमी संवत 2083 धूमधाम से मनाया। समिति के अध्यक्ष सुशील जैन, जयभगवान गोयल, सुरेंद्र जैन, विनोद बंसल आदि ने मिलकर इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

मां दुर्गा का तीसरा रूप
मां 'चंद्रघंटा'

नवरात्र के तीसरे दिन दुर्गाजी के तीसरे रूप चंद्रघंटा देवी के वंदन, पूजन और स्तवन करने का विधान है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्ध चंद्रमा विराजमान है इसीलिये इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। इस देवी के दस हाथ माने गए हैं और ये खड्ग आदि विभिन्न अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। ऐसा माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति प्राप्त होती है और इससे न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी परम कल्याण की प्राप्ति होती है। इनके वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है जो मन को बहुत शांति प्रदान करती है। चूंकि इनका वर्ण स्वर्ण जैसा चमकीला है और ये हमेशा आसुरिक शक्तियों के विनाश के लिये सदैव तत्पर रहती है, इसलिये इनकी आराधना करने वाले को भी अपूर्व शक्ति का अनुभव होता है। मां चंद्रघंटा की पूजा में दूध का प्रयोग कल्याणकारी माना गया है।

इनकी पूजा अर्चना के लिये निम्न मंत्र बताया गया है।

पिण्डजप्रवरारूढ़ा, चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।

अर्थात् श्रेष्ठ सिंह पर सवार और चंडकादि अस्त्र शस्त्र से युक्त मां चंद्रघंटा मुझ पर अपनी कृपा करें।

मंदिरों के आसपास दो बार सफाई के आदेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मेयर राजा इकबाल सिंह ने चैत्र नवरात्र के अवसर पर एमसीडी के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिल्ली के सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास दिन में कम से कम दो बार सफाई करने के निर्देश दिए हैं ताकि श्रद्धालुओं को साफ और सुविधाजनक माहौल मिले।

कन्या पूजन से ग्रहों की ऊर्जा को संतुलित करने का अवसर

चैत्र-नवरात्रि, गुड़ी पड़वा के साथ नव वर्ष के आरम्भ का संकेत देती है। नवरात्रि पर्व रात्रि की आध्यात्मिक साधनाओं से जुड़ा हुआ है। इस समय की गई साधना मानव शरीर में स्थित सूक्ष्म ऊर्जा केन्द्रों अर्थात चक्रों को सक्रिय करने का शक्तिशाली माध्यम बनती है।

नव आरम्भ, नव सृजन और आंतरिक ऊर्जा के जागरण का अत्यंत पवित्र एवं शक्तिशाली काल है। नवरात्रि के प्रारम्भ से पूर्व आने वाली पूर्णिमा 'चित्रा नक्षत्र' में होती है। इसी कारण इस माह का नाम 'चैत्र' पड़ा। 'चित्रा' का अर्थ है- रचना, सौंदर्य और सृजनात्मकता। ज्योतिषीय दृष्टि से यह काल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कुंडली में स्थित मंगल ग्रह से उत्पन्न नकारात्मकता को संतुलित करने और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने में सहायक होता है। वास्तव में सभी महीनों के नाम उस माह के आरम्भ की पूर्णिमा पर स्थित चंद्र नक्षत्र के आधार पर ही होते हैं, जो विभिन्न ग्रहों की ऊर्जाओं को सक्रिय और संतुलित करने का प्राकृतिक समय होता है- जैसे अगली पूर्णिमा 'विशाखा नक्षत्र' में होने पर 'वैशाख मास' का आरम्भ होगा।

डॉ. निशा शर्मा

ऋग्वैदिक परंपरा के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति अपने लग्न या चंद्र नक्षत्र के गुणों के साथ जन्म लेता है और उसके जीवन की दिशा इन्हीं की ऊर्जा से प्रभावित होती है। ये ऊर्जा ग्रहों के माध्यम से हम तक पहुंचती है। चंद्रमा मन का कारक होने के कारण हमारे विचारों और भावनाओं को सीधे प्रभावित करता है। 27 नक्षत्र और उनके स्वामी ग्रह जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नवरात्रि के दौरान चंद्रमा विभिन्न नक्षत्रों से गुजरता है, जिससे प्रतिदिन अलग-अलग ग्रहों की ऊर्जा सक्रिय होती है। इसलिए इन दिनों की साधना अपने नक्षत्र अनुसार करने से मन, बुद्धि और चेतना में संतुलन आता है, कमजोर ग्रहों को बल मिलता है और जीवन में सफलता के मार्ग भी प्रशस्त होते हैं।

शास्त्रों में कहा गया है- यद् भावं तद् भवति, अर्थात जिस भाव और चेतना से साधना की जाती है, वैसा ही फल प्राप्त होता है। नवरात्रि इसी दिव्य समन्वय का श्रेष्ठ अवसर है, जहां देवी साधना के माध्यम से हम अपनी जन्म कुंडली में स्थित ग्रहों की ऊर्जा को संतुलित कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। अष्टमी और नवमी के दिन 'कन्या पूजन' के पीछे अत्यंत गहन ज्योतिषीय और आध्यात्मिक आधार निहित है।

कन्या को 'जीवंत देवी' का स्वरूप माना गया है, क्योंकि उसमें शुद्धता (चंद्र), सौम्यता (शुक्र) और संभावनाओं की अनंत ऊर्जा (गुरु) का समन्वय होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से चंद्रमा मन, भावनाओं और शांति का कारक है, और कन्या की निष्कलुषता चंद्र को बल देती है। शुक्र सुख और समृद्धि के साथ कन्या के प्रति मातृभाव से सम्मान और सेवा करने पर सशक्त होता है। गुरु (बृहस्पति) ज्ञान, पुण्य और आशीर्वाद का कारक है, जो दान और सेवा से बलवान होता है।

कन्या पूजन की विधि

2 से 9 वर्ष आयु की कन्याओं का चयन करें, क्योंकि यह आयु निर्मल चंद्र ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करती है। नौ कन्याओं को नवदुर्गा का स्वरूप मानकर आमंत्रित करें और एक बालक को भैरव रूप में शामिल करना भी शुभ माना गया है, जो रक्षा और सहयोग का प्रतीक है। पूजन के समय सबसे पहले "पाद प्रक्षालन" करें, इसके माध्यम से अहंकार त्यागने का संकेत मिलता है। इसके बाद उन्हें तिलक लगाएं, जो आज्ञा चक्र को सक्रिय करने का प्रतीक है। स्वच्छ आसन पर बैठाकर उन्हें देवी रूप में स्थापित करें। भोग अर्पण में हलवा, पूरी और चने का विशेष महत्व है। इसके पश्चात कन्याओं को वस्त्र, फल, दक्षिणा या उपयोगी सामग्री भेंट करें। यह दान केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि 'गुरु तत्व' को आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम है। अंत में उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेना चाहिए, क्योंकि बाल रूपेण देवी स्थिता- देवी बाल रूप में ही निवास करती है।

पूजन के समय स्वच्छ आसन पर बैठाकर उन्हें देवी रूप में स्थापित करें

कन्या पूजन के आध्यात्मिक व व्यावहारिक प्रभाव से मन की अशांति कम होती है, निर्णय क्षमता मजबूत होती है, संबंधों में मधुरता आती है और आर्थिक स्थिरता के योग बनते हैं। यदि कुंडली में चंद्र, शुक्र या गुरु अथवा अन्य ग्रह कमजोर हो, तो नवरात्रि साधना और कन्या पूजन विशेष रूप से फलदायी सिद्ध होते हैं। सच्ची साधना केवल मंत्रों या अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें भाव, सेवा और समर्पण का समावेश होना आवश्यक है। जब हम कन्या में देवी का दर्शन करते हैं, तब हम वास्तव में अपने भीतर के अहंकार को त्यागकर दिव्यता को स्वीकार करते हैं। इस प्रकार, चैत्र नवरात्रि, देवी पूजन और कन्या पूजन जीवन को संतुलित, समृद्ध और सार्थक बनाने का एक दिव्य साधन बन जाती है।

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।

स्थान परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश

तिथि 27 से 30 मार्च 2026

शुल्क मात्र ₹12,999 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित है, आज ही पंजीकरण करें

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हाट्सऐप पर भेजें।

9910475909

NBT नवभारत टाइम्स — रंगमंच

व्रत में कुट्टू से बना खाना खाते ही 16 से ज्यादा लोग हो गए बीमार

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

डबुआ कॉलोनी, सेक्टर-50 में नवरात्र में कुट्टू का आटा खाने से गुरुवार रात 16 से ज्यादा लोग अचानक बीमार पड़ गए। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए अलग-अलग के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। देर रात प्राथमिक उपचार के बाद ये लोग वापस घर लौट आए। इनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि कई लोगों ने आसपास की अलग-अलग दुकानों से यह आटा खरीदा था। सभी परिवारों ने उसी आटे से पकौड़े बनाकर खाए थे। इस घटना से लोगों में काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि दुकानों पर मिलावटी सामान क्यों बिक रहा है। इसकी चेकिंग क्यों नहीं हो रही। नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने बताया कि खाना खाने के कुछ ही घंटों बाद रात में एक-एक कर लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। किसी को तेज पेट दर्द, तो किसी को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई। कई लोगों को बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और बदन दर्द जैसी समस्याएं भी हुईं। हालात ऐसे हो गए कि एक साथ कई लोगों को अस्पताल में आना पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि कुट्टू का आटा खराब या मिलावटी हो सकता है। संबंधित दुकान से आटे के सैंपल लेकर जांच कराई जा सकती है। वहीं, फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने दावा किया कि त्योहार को देखते हुए कुछ दिनों से सैंपल लिए जा रहे हैं। अभी तक 15 सैंपल लिए जा चुके हैं। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से दोषी दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और खाद्य सामग्री की जांच की मांग की है।

घर के पास की दुकानों से खरीदा था खुला आटा: बीमारों में पुलकित के अलावा उनके परिवार के विजय, गोपी, माया रानी और प्रीति शामिल हैं। इसके अलावा रिया, सुषमा, रोहित, मोहित व सत्यवती, जया, जोनी, कपिल, माया सिंह व वंश शामिल हैं। पुलकित फरीदाबाद के एक्साइज विभाग में सर्विस करते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरुवार शाम आटा खरीदकर लाए थे। यह खुला आटा था। उनके घर पर प्रीति ने व्रत रखा हुआ है।

युवा महाकुंभ महोत्सव का आयोजन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** अलीपुर स्थित दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में युवा महाकुंभ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल बी.के. चतुर्वेदी, डॉ. दिनेश [illegible], नरेंद्र ठाकुर और कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रवीण गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान बी.के. चतुर्वेदी ने कहा कि पुरातन काल से ही भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख किया। प्रिंसिपल प्रो. प्रवीण गर्ग ने कहा कि युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

गुमशुदा लड़की की तलाश

रोशनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका नामः **रोशनी** पुत्री काली चरण निवासी मकान नं. 53/8, ई 2–ब्लॉक, प्रधान एन्क्लेव, बुराड़ी, दिल्ली, **उम्र** : 26 साल, **कद** : 5.5 फुट, **शरीरः** पतला, **चेहराः** लम्बा, **रंगः** गेहुंआ, जो हरे रंग का सूट, काले रंग की सलवार और पैरों में सफेद रंग की चप्पल पहने हुए, दिनांक 07.03.2026 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 63ए दिनांक 08.03.2026 को थाना मॉडल टाउन, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्षः थाना मॉडल टाउन, नई दिल्ली

दूरभाष सं.: 8750870230, 7988609885

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

DP/3552/NW/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित, निवासी गांव पूठ कलां, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 95/24 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना प्रशांत विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 95/24 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना प्रशांत विहार, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, उत्तर
कमरा नं.14, रोहिणी कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/3512/RD/2026

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
4, विष्णु दिगंबर मार्ग, नई दिल्ली - 110002

वॉक-इन-इंटरेक्शन

राष्ट्रीय कोष-सहायता प्राप्त अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, संविदा आधार पर (सीमित अवधि के लिए) अनुसंधान सहायकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन इंटरेक्शन (सीधा साक्षात्कार) का आयोजन, निम्नलिखित पदों के लिए, दिनांक 07.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से संस्थान परिसर में किया जाएगा।

क्र. सं.	पदनाम	पदों की संख्या	समेकित पारिश्रमिक (प्रति माह)
1.	अनुसंधान सहायक (व्यावसायिक चिकित्सा)	02	₹40,000/-
2.	अनुसंधान सहायक (भौतिक चिकित्सा)	02	₹40,000/-

आयु-सीमा, योग्यता, अनुभव और समय आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://pdunippd.nic.in पर जाएं।

अद्यतन जानकारी केवल संस्थान की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

उप निदेशक (प्रशा.)
(पीडीयूएनआईपीपीडी)

CBC 38103/12/0019/2526

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है–
क्रम सं.-1, ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2026-01, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,45,36,591.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,72,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि 24 (चौबीस) माह।
● बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: 27-03-2026 ● उपरोक्त ई-निविदा समाप्ति की अन्तिम तिथि: दिनांक 10-04-2026, 15:00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10-04-2026, 15:30 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर
पूजसं/इक्यू-519

गाड़ियों की छतों व पायदान पर यात्रा न करें।

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र** नामालूम, **पता:** नामालूम, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** तकरीबन 40 वर्ष, **कद:** 5फुट 7इंच, **रंग:** सांवला, **पहचान चिन्ह:** दाहिनी आंख के नीचे मस्सा है, **पहनावा:** नीले रंग की टी–शर्ट और सिल्वर रंग की हॉफ पेंट पहने है, **बरामदी स्थल:** दिनांक 16.03.2026 को इस व्यक्ति का बेहोश शरीर, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली, के मेन गेट के सामने से पाया गया। अस्पताल के स्टाफ द्वारा, इसे MLC No.- M18001212607432/26, के तहत भर्ती कराया गया जहां ईलाज के दौरान डॉक्टरों ने इसे 'मृत लाया गया' घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **DD No. 103A, दिनांक: 16.03.2026, थाना सफदरजंग इन्क्लेव, नई दिल्ली**, में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थानाः सफदरजंग इन्क्लेव
नई दिल्ली

फोनः 8750938971, 7065036231, 8743847373

DP/3566/SW/2026

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात** पुत्र अज्ञात पताः अज्ञात, उम्रः 35–40 साल, जो दिल्ली के तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के पास केएम पोल नंबर 1519/21 पर हुई ट्रेन दुर्घटना से मृत पाया गया। इस बाबत **DD No. 23A Dt. 16.03.2026, थानाः हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

उम्रः 35–40 साल, **कदः** 5'5", **रंगः** गोरा; ; **पहनावाः** नारंगी रंग की टी–शर्ट, ग्रे रंग की बनियान और हल्के बैंगनी रंग का लोअर। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639

थानाध्यक्ष
थानाः हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 7303708714, 8851859788

DP/3540/Rly/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मेसर्स अमनविजन कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि.**, पंजीकृत कार्यालयः शॉप नं. 241, शॉपिंग स्क्वायर बिल्डिंग, सेक्टर–डी, पॉकेट II, सुशांत गोल्फ सिटी, अंसल एपीआई, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226030 और इसके निदेशक, लाल बहादुर, निवासः 1/3479, स्ट्रीट नं. 6, राम नगर एक्सटेंशन, शाहदरा, दिल्ली – 110032 ने **CC No. 1308/2019 U/s 138 NI Act**, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मेसर्स अमनविजन कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि.** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मेसर्स अमनविजन कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि.** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1308/2019 U/s 138 NI Act**, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त मेसर्स अमनविजन कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
उत्तर, कोर्ट नं. 14
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2974/RD/2026 (Court Matter)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

निविदा सं.: डीसी/यूटी/सीपीएम-डीपी/[illegible] — ई-निविदा सूचना — निविदा आईडी 2026_NCRTC_[illegible]

दिल्ली–करनाल नमो भारत कॉरिडोर के चैनेज 100.34 किमी से 136.30 किमी के बीच स्थित मौजूदा सिविल उपयोगिताओं (स्टेशन एवं वायाडक्ट आदि) जैसे सीवर लाइन, जल आपूर्ति मुख्य लाइन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन आदि के स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी एवं परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app पर 23.03.2026 से 13.04.2026 (1500 बजे तक) देखें।

हस्ता./- सीपीएम/[illegible]

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झांसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-PVB-25-26-57	
कार्य का नाम : एस एस - II/III शेड्यूल के दौरान वंदे भारत रेक के लिए बाहरी PU पेंट और विनाइल रैपिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग।"	
कार्य की लागत : Rs. 2,20,76,196.45/- (18% जीएसटी सहित)	
अग्रिम राशि : Rs. 2,60,400.00	कार्य पूरा होने का समय : बारह महीने
ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय : 11.04.2026 समय 11:00 बजे तक	

● निविदा एवं निविदा प्रपत्र के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

626/26 (AS)

North central railways — www.ncr.indianrailways.gov.in — @CPRONCR

गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला नाम **पूनम भारती** पत्नी जितेंद्र भारती, निवासी- मकान नंबर ए-232, गली नंबर 4, सिंधु फार्म रोड, जैतपुर। उक्त महिला दिनांक 17.03.2026 दोपहर 03:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी संख्या 03ए दिनांक 18.03.2026 पुलिस थाना जैतपुर, नई दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है:

पूनम भारती

नामः पूनम भारती, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 30 वर्ष, **शरीरः** 5'2" ft, **रंगः** गोरा, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** पीले रंग की फ्रॉक, हरे रंग का पजामा और पैरों में चप्पलें। यदि किसी के पास इस गुमशुदा महिला के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी/ जैतपुर, नई दिल्ली को सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639

थाना प्रभारी
थाना, जैतपुर, नई दिल्ली
फोन नं. 011-26666412, 8750871645

DP/3618/SE/2026

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि दो व्यक्ति जिनका 1. नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 40–45 साल, कदः 5'6", लिंगः पुरुष, रंगः गेहुँआ, शरीरः मजबूत, पहनावाः नीले रंग की जीन्स और सफेद रंग की टी–शर्ट पहने है और 2. नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 35–40 साल, कदः 5'2", लिंगः पुरुष, रंगः गेहुँआ, शरीरः मध्यम, चेहराः गोल, पहनावाः काले रंग की जीन्स, नीले रंग की जैकेट और आसमानी नीले रंग की टी–शर्ट पहने है, बरामदगी स्थलः जो केएम नं. 07/29जी से 8/32जीएफ के बीच गाजियाबाद – नई दिल्ली रेलवे लाईन की ओर, महाराजपुर फ्लाईओवर, दिल्ली के नीचे मृत मिले। इस सम्बंध में डीडी नं. 21ए, दिनांक 18.03.2026, थानाः आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

मृतकों के शवों को पहचान के लिए जीटीबी अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। यदि इनके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
थानाः आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 9999151767

DP/3589/Rly/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1.अरविंद जनवा, पुत्र बद्री लाल जनवा, निवासीः ग्राम इंटाली, तहसील मावी, थाना वल्लभ नगर, जिला उदयपुर, राजस्थान, 2. गुरवेल सिंह, पुत्र बलदेव सिंह, निवासीः सी–74, भगत सिंह पार्क, सिरसपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 528/25, Dated: 27.09.2025, U/s: 15/25 NDPS Act, पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.अरविंद जनवा, 2.गुरवेल सिंह** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.अरविंद जनवा, 2.गुरवेल सिंह** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1.अरविंद जनवा, 2.गुरवेल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरविंदर सिंह जोहल
एल.डी. एएसजे, विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), उत्तर,
दूसरी मंजिल, कमरा नंबर 207,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3633/ON/2026

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि. पात्र ठेकेदारों से आयआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से दो पैकेट प्रणाली में निम्नलिखित कार्य हेतु विशेष सीमित निविदा आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** विस्तृत डिजाइन परामर्श (डिडिसी) एवं साइट सेवाएं/पर्यवेक्षण – (i) गोवा राज्य में कोंकण रेलवे मार्ग पर मौजूदा 544 मीटर लंबी ओल्ड गोवा सुरंग के समानांतर एक नई सुरंग तथा मौजूदा 1561 मीटर लंबी पेडणे सुरंग के समानांतर दूसरी नई सुरंग के निर्माण हेतु और (ii) मौजूदा ओल्ड गोवा एवं पेडणे सुरंगों के पुनर्वास हेतु। **निविदा सूचना सं.: केआर/डब्ल्यू/09/2025/24, विज्ञापित कार्य लागत:** रु. 17,13,50,000/- (जीएसटी छोड़कर)। **बंद होने की तिथि/समय:** 13.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। **पूर्णता अवधि:** 38 (अड़तीस) माह। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण/भागीदारी हेतु कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 03-20-2026 23:17 Color:

आयकर विभाग
आयकर अधिनियम, 2025
1 अप्रैल 2026 से लागू
ज्यादा स्पष्ट एवं समझने में आसान
आयकर अधिनियम 2025
विकसित भारत का आधार
सरल कर, सशक्त भारत
टैक्स कानून बना आसान
विकसित भारत की पहचान

CBC 15101/13/0017/2526

इंतज़ार खत्म: NBT की ऑल वुमन बाइक रैली कल

NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026
Powered By SIGNATURE GLOBAL | Co-powered by

■ दीपाली श्रीवास्तव, गुड़गांव

इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने को है। दिल्ली के बाद गुड़गांव में NBT की ऑल वुमन बाइक रैली कल रविवार 22 मार्च को पूरे जोश के साथ निकलेगी। सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली की कंक्रीट पार्किंग से शुरू होने वाली रैली के लिए आपने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है तो अब देर न करें। रजिस्ट्रेशन बिलकुल मुफ्त है। आपको सिर्फ 7003890071 नंबर पर AWBR लिखकर Whatsapp करना होगा। रविवार सुबह 6:30 बजे से आयोजन स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन होंगे। बाइक रैली के फ्लैग ऑफ का समय सुबह 8:30 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के कैबिनेट मिनिस्टर विपुल गोयल होंगे। इसके अलावा यहां राजनीति, खेल, शिक्षा और ग्लैमर जगत की कई हस्तियां पहुंचेंगी।

शादी में बाइक पर पहुंची, अब है रैली की बारी

जुनून सिर्फ शौक नहीं, बल्कि मिशन बन जाए तो कहानियां नहीं, इतिहास बनता है। सुपर्णा सरकार इसी बदलाव की पहचान है। सुपर्णा टेक-प्रफेशनल से मार्केटर और फिर प्रफेशनल मोटरसाइकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर तक है। उनका सफर प्रमाण है कि साफ इरादे के सामने हर रास्ता खुद बनता है। उन्होंने अपनी अकैडमी की स्थापना की, जहां रिवर्स मैट सेफ्टी सिर्फ एक टैगलाइन नहीं, बल्कि एक सोच और जिम्मेदारी है। वह हजारों राइडर्स को बाइक चलाना सिखा चुकी है।

नवभारत टाइम्स की ओर से ऑल वुमन बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजन से बेटियों का हौसला मजबूत होता है। यह पहल हर महिला के सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक है।
-विपुल गोयल, कैबिनेट मिनिस्टर, हरियाणा

NBT की ऑल वुमन बाइक रैली के लिए मैं तैयार हूं। वहां आप सभी से मुलाकात होगी। तो गर्ल्स हेलमेट और बाइक-स्कूटी लेकर तैयार हो जाइए। हम मिलकर दिखा देंगे कि जमाना वुमन पावर का है।
-सयाली भगत, पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड (2004) और अभिनेत्री

22 मार्च को सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली की कंक्रीट पार्किंग से होगी शुरुआत

6:30 बजे सुबह से मौके पर भी करवा सकेंगी मुफ्त रजिस्ट्रेशन

8:30 बजे सुबह मोटरसाइकल रैली के फ्लैग ऑफ का समय रहेगा

अदालत ने कहा- खाना बनाना और कपड़े धोना सिर्फ पत्नी की जिम्मेदारी नहीं

पत्नी कोई नौकरानी नहीं, वह जीवनसाथी है: सुप्रीम कोर्ट

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने एक वैवाहिक विवाद मामले की सुनवाई के दौरान महिला के पति से कहा कि आप किसी नौकरानी से शादी नहीं कर रहे है बल्कि जीवनसाथी से शादी कर रहे हैं। पति को भी खाना बनाने में अपना योगदान देना होगा। आप (पति) को खाना बनाने, कपड़े धोने आदि में योगदान देना होगा। आज का समय अलग है। एक वैवाहिक मामले में जब पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की तो सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि पत्नी द्वारा घरेलू कामकाज (जैसे खाना बनाना आदि) ठीक से न करने जैसे आरोप क्रूरता नहीं माने जा सकते।

यह मामला वैवाहिक विवाद से संबंधित है, लंबे समय से चल रही है सुनवाई

अगली सुनवाई में दोनों को उपस्थित होने के आदेश

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि आप (पति) किसी नौकरानी से शादी नहीं कर रहे है, बल्कि एक जीवनसाथी से शादी कर रहे है। अदालत द्वारा अगली तारीख पर दोनों पक्षों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, अदालत ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता (मेडिएशन) के लिए भेजा था, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। दरअसल यह मामला वैवाहिक विवाद से संबंधित है। तथ्य यह है कि दोनों पक्षों की शादी 2017 में हुई थी और उनका एक 8 साल का बेटा है। याचिकाकर्ता-पति ने तलाक की कार्यवाही शुरू करते हुए आरोप लगाया कि शादी के एक सप्ताह बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया और उसने उसके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। पति के अनुसार, पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया, उनके लिए खाना बनाने से इनकार किया, और बच्चे के जन्म के बाद उसे झूला समारोह (cradle ceremony) में आमंत्रित नहीं किया।

पत्नी ने लगाया दहेज मांगने का आरोप

दूसरी ओर, पत्नी ने कहा कि वह बच्चे के जन्म के लिए पति और उसके परिवार की सहमति से अपने मायके गई थी, लेकिन वे लोग झूला समारोह में शामिल नहीं हुए और उसके माता-पिता से नकद और सोने की मांग की। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपनी सैलरी देने के लिए मजबूर किया गया। फैमिली कोर्ट ने पति की याचिका स्वीकार करते हुए क्रूरता के आधार पर तलाक का डिक्री दे दिया था। इसके खिलाफ पत्नी ने हाई कोर्ट में अपील की, जिसने तलाक के आदेश को रद्द कर दिया। इस फैसले से असंतुष्ट होकर पति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

आतंकी संगठनों से जुड़े नौ और संदिग्ध पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

देश की जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए पाक परस्त आतंकियों के मददगारों से पूछताछ के बाद कई संदिग्धों के नाम सामने आए। इसके बाद एसआईटी ने शुक्रवार को नौ और आरोपियों को पकड़ा। इनमें पांच नाबालिग है। इनके पास से दो सीसीटीवी कैमरे, नौ मोबाइल फोन और 10 सिम कार्ड बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी पहले गिरफ्तार किए आरोपियों के वॉट्सऐप ग्रुपों में भी जुड़े थे। सूत्र बताते है कि सभी ने जासूसी और संवेदनशील स्थानों के फोटो और विडियो बनाकर पाक में बैठे अपने आकाओं को भेजे थे। उधर, मसूरी और हापुड़ के धौलाना क्षेत्रों में गिरफ्तारी के बाद से मोदीनगर और मुरादनगर के कुछ संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। इससे पहले इन क्षेत्रों में पीएफआई से जुड़े पाक समर्थक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

कौशांबी में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद बड़ी कार्रवाई

अडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर ने बताया कि आरोपियों की पहचान मेरठ के परतापुर निवासी गणेश, बिहार के पूर्णिया जिला स्थित ओली टोला निवासी विवेक, मेरठ के शास्त्री नगर निवासी गगन कुमार और जौनपुर के कानीपुर स्थित सराय मोहद्दीन जमदग्नि शाहगंज निवासी दुर्गेश के रूप में हुई है। आरोपियों में मेरठ, गाजियाबाद और कौशांबी के रहने वाले पांच नाबालिग भी शामिल है। गणेश पांचवीं तक, गगन 12वीं तक, दुर्गेश ने नौवीं तक की पढ़ाई की है जबकि विवेक अनपढ़ है। दुर्गेश हाल में नवी मुंबई के सोनारी रायगढ़ में रहता था। मामले में दो और सरगनाओं के नाम सामने आए है, जो फरार है। सभी आरोपी विदेशी व्यक्ति से सीधे संपर्क में थे और उसके इशारे पर देश की जासूसी कर रहे थे। कौशांबी से पहले पकड़े गए संदिग्ध पुलिस रिमांड पर है। अभी कई और गिरफ्तारी हो सकती है।

बांग्लादेशी ने बेची 300 ई-मेल ID

■ **NBT रिपोर्ट, गुड़गांव :** शहर के स्कूलों में बम होने की झूठे ई-मेल भेजकर दहशत फैलाने के मामले में गुजरात से एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर क्राइम पुलिस साउथ की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई की। पता चला कि आरोपी 9 साल पहले बांग्लादेश के जंगल से अवैध रूप से भारत में आया और फर्जी डॉक्युमेंट के आधार पर यहीं रहने लगा। वह पांच साल से डिजिटल मार्केटिंग में फ्रीलांसिंग का काम करता रहा। इसी बीच उसने करीब 300 ई-मेल आईडी बनाई और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आए एक बांग्लादेशी को बेच दी। सामने आया कि इन्हीं ई-मेल आईडी का इस्तेमाल कर स्कूलों में बम की धमकी दी गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फर्जी डॉक्युमेंट बनवाने के संबंध में पश्चिम बंगाल पुलिस से संपर्क करेगी।

28 जनवरी को गुड़गांव के लगभग 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकीभरे ई-मेल मिले थे। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

UNI को HC से नहीं मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को यूनाइटेड न्यूजऑफइंडिया (UNI) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने 9, रफी मार्ग पर अपनी जमीन के आवंटन को रद्द करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। इस फैसले के साथ ही, इस कीमती जमीन को लेकर करीब पांच दशकों से चला आ रहा विवाद भी खत्म हो गया।

जस्टिस सचिन दत्ता ने अपने फैसले में भूमि और विकास कार्यालय (L&DO) के लाइसेंस रद्द करने के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि न्यूज एजेंसी एक 'कंपोजिट ऑफिस बिल्डिंग' बनाने की अपनी मुख्य जिम्मेदारी को पूरा करने में बुरी तरह नाकाम रही है। यह जमीन मूल रूप से दिसंबर 1979 में UNI को इस खास शर्त के साथ आवंटित की गई थी कि एक संयुक्त कार्यालय परिसर का निर्माण दो साल के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इन सालों में आवंटन की शर्तों में कई बदलाव किए जाने के बावजूद, जिसमें प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) को भी एक सह-आवंटी के तौर पर शामिल करना है-कोर्ट ने पाया कि 45 साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आवंटन का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया है। कोर्ट ने UNI को एक मात्र लाइसेंसधारी माना, जिसके पास जमीन पर कोई मालिकाना हक या लीज का अधिकार नहीं है।

सैन्ट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज एम्पोरियम
कॉटेज
www.thecottage.in
Showcasing Authentic Handicrafts & Handlooms
Visit:- Central Cottage Industries Emporium
Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001

MINISTRY OF TEXTILES
Kunj
SHOP AT THE BEST CRAFT STORES AND ARTISAN GALLERY
DELHI'S FIRST CRAFT MALL
प्रातः | सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक
8, नेल्सन मंडेला मार्ग, दिल्ली
CBC 41103/11/0021/2526

महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए
nbtreader@timesofindia.com पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

रवनीत का लगातार दूसरा शतक

रवनीत ठाकर ने टॉप फॉर्म दिखाते हुए लगातार दो मैचों में दो शतक जड़े। बुधवार को डीडीसीए टी20 लीग में एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर (207/4) की ओर से खेलते हुए सिर्फ 55 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाकर अपना लगातार दूसरा शतक पूरा किया। हालांकि इस शतक पर हरकिशन यादव के 38 गेंद पर बनाए गए 88 रन भारी पड़े और एमसीडी (211/4) ने छह विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। रवनीत ने इससे पहले भी उन्होंने इंडी क्रिकेट क्लब के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 106 रन की पारी खेली थी।

समर्थ ने जमाया सैकड़ा

समर्थ सेठ (103* रन, 53 बॉल, 10 फोर, 5 सिक्स), अंकित प्रताप सिंह (88 रन, 53 बॉल, 6 फोर, 7 सिक्स), राजेश शर्मा (43 रन, 14 बॉल, 4/20), विष्णु (3/19) और विक्रम मेहरा (2/37) की बदौलत कौलाज स्पोर्ट्स क्लब (238/1) ने डीडीसीए टी-20 टूर्नामेंट में सर्पेंटाइन क्लब (172/9) को 66 रन से हराया। पराजित टीम से लक्ष्य सांगवान (46) और रोहित (45) ने अच्छी पारियां खेली।

आर्यवीर का चला बल्ला

आर्यवीर सहवाग (92 रन, 60 बॉल, 16 फोर, 2 सिक्स), सुमित कुमार (44, 3/33), जितिन यादव (40), विनय दुबे (2/20) और तरुण राजपूत (2/34) की बदौलत सहवाग क्रिकेट अकैडमी (248/5) ने दूसरे राधे श्याम शर्मा मेमोरियल ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर (245/9) को 5 विकेट से हराया। पराजित टीम से लक्ष्य सिकरी (85, 2/36) और माही चोपड़ा (नाबाद 50) ने अच्छा खेल दिखाया।

वृंदा, हर्षिता, मयूरी चमकीं

वृंदा शर्मा (76* रन), भाव्या चौहान (27 रन), हर्षिता फालसवाल (3/27) और मयूरी (3/31) की बदौलत बाल भवन क्रिकेट अकैडमी (144/4) ने प्रथम ईएसआर अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में फेयरमॉन्ट क्रिकेट क्लब (143/10) को 6 विकेट से हराया। पराजित टीम से आराधना झा (52) ने अर्धशतक लगाया।

माहिश का डबल अटैक

माहिश सिंह (3/30, 20* रन), वंश तोमर (3/37), सानव त्यागी (2/8) और पवन पांडे (40 रन) के दम पर विश्वकर्मा अकैडमी (115/6) ने 7वें मंजीत और जोबन कालिक स्पोर्ट्स ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में ज्ञानदी अकैडमी (114/10) को 4 विकेट से हराया।

आर्यन की बड़ी पारी

आर्यन कपूर (94 रन, 82 बॉल, 11 फोर, 1 सिक्स), अर्णव सोलंकी (33 रन), दैवेन राणा (22 रन, 2/22), ब्रजेंद्र सिंह (2/24) की बदौलत वेंकटेश्वर क्रिकेट अकैडमी (204/10) ने फ्रेंडशिप क्रिकेट सीरीज 2026 में आरकेबी अकैडमी (202/10) को महज 2 रन से हराया।

लक्ष्य का अर्धशतक

लक्ष्य बंसल (74 रन), हर्ष गुप्ता (29* रन), रॉबिन सिंह मलिक (2/29), आयुष गुप्ता (2/27), अनमोल रोहिल्ला (2/21), वसीम अहमद (2/9) की बदौलत से सिटी जिमखाना क्लब (131/2) ने डीडीसीए टी-20 टूर्नामेंट में डीडीए (127/10) को 8 विकेट से हराया।

आर्यन, शिवांक, प्रदीप चमके

आर्यन शर्मा (2/22, 56* रन), शिवांक वशिष्ठ (4/17), प्रदीप मलिक (61* रन) और आर्यन कुमार (2/22) की बदौलत पीएमजी (152/3) ने डीडीसीए टी20 लीग में दिल्ली पुलिस सीसी (147/10) को सात विकेट से मात दी। पराजित टीम से रोहन ने 73 रन की शानदार पारी खेली।

CSIR CRRI
सीएसआईआर – केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
दिल्ली मथुरा रोड, पी.ओ. सीआरआरआई
नई दिल्ली-110025

विज्ञापन सं. सीआरआरआई/06/पीसी/2026

"वॉक-इन-साक्षात्कार"

सीएसआईआर-सीआरआरआई में दिनांक 01.04.2026 (बुधवार) को पूर्ण रूप से अस्थायी आधार पर परियोजना संख्या OLP-0670 में परियोजना कर्मचारी के पद पर चयन हेतु वॉक-इन-साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। शैक्षिक योग्यता, पात्रता मानदंड, आयु, परिलब्धियां, आवेदन पत्र आदि की जानकारी के लिए विस्तृत विज्ञापन को सीएसआईआर-सीआरआरआई की आधिकारिक वेबसाइट https://www.crridom.gov.in पर दिनांक 01.04.2026 तक देखा जा सकता है। इस विज्ञापन के संबंध में, भविष्य में सभी अधिसूचनाएं/सूचनाएं केवल सीएसआईआर-सीआरआरआई की वेबसाइट पर ही अधिसूचित की जाएँगी।

सीएसआईआर-सीआरआरआई कार्यालय भवन, दिल्ली-मथुरा रोड (सुखदेव विहार डीटीसी बस डिपो के निकट), नई दिल्ली-110025 में वॉक-इन-साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे एवं वॉक-इन-साक्षात्कार का 'रिपोर्टिंग समय' विस्तृत विज्ञापन में देखा जा सकता है। **विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।**

हस्ता/-
वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक
CBC 36211/12/0011/2526

भारत सरकार
आयकर निदेशालय (विधि एवं अनुसंधान)
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, ड्रम शेप भवन
आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
दूरभाष: 011-23379508

विषय: आयकर निदेशालय (विधि एवं अनुसंधान) में निम्नांकित अनुबंधों के लिए संविदा के आधार पर विज्ञापन।

आयकर निदेशालय (विधि एवं अनुसंधान) निम्नांकित कार्यों के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र.सं.	अनुबंध का नाम	प्रकृति	रिक्त पदों की संख्या	पात्रता	अधिकतम आयु-सीमा
1.	युवा प्रोफेशनल	संविदात्मक	04 (चार)	विधि स्नातक। नोटिस में "पात्रता" खंड के तहत पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है	विज्ञापन की तिथि को 30 वर्ष
2.	विधिक परामर्शदाता	संविदात्मक	04 (चार)	विधि स्नातक। नोटिस में "पात्रता" खंड के तहत पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।	विज्ञापन की तिथि को 35 वर्ष
3.	सेवानिवृत्त सरकारी कार्मिक	संविदात्मक	02 (दो)	वे अधिकारी जो केंद्र सरकार के विभाग से वेतन स्तर 10,11,12 या 13 पर सेवानिवृत्त हुए हैं और प्रत्यक्ष कर कानूनों के कार्यान्वयन में आने वाले मुकदमे और कानूनी मामलों को संभालने का अनुभव रखते हैं। नोटिस में "पात्रता" खंड के तहत पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।	01.06.2026 को आयु 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2- पदों की संख्या, पात्रता मानदंड, नियुक्ति की शर्तें, नियम और शर्तें, कार्य का दायरा, वेतन/फीस/पारिश्रमिक आदि सहित संपूर्ण विवरण आयकर विभाग की वेबसाइट (https://incometaxindia.gov.in/Pages/recruitment-notices.aspx) से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन आयकर अधिकारी (प्रशासन) (विधि एवं अनुसंधान), आयकर निदेशालय (विधि एवं अनुसंधान), कमरा नं. 413, चौथी मंजिल, ड्रम शेप भवन, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को 13 अप्रैल 2026 (13-04-2026) शाम 6 बजे तक भेजे जा सकते हैं। आवेदन पत्र delhi.ito.lr.admin@incometax.gov.in पर ई-मेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं, तथा तत्पश्चात निर्धारित समय के भीतर हार्ड कॉपी भेजी जा सकती है। नियत तिथि के बाद या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह/-
आयकर अधिकारी(प्रशासन)
(विधि एवं अनुसंधान), नई दिल्ली

राष्ट्रीय जैविक संस्थान
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
नोएडा, उ.प्र.

ए-2.0/2/2025-प्रशासन-एनआईबी | दिनांक: 18.03.2026

शुद्धिपत्र

राष्ट्रीय जैविक संस्थान (NIB) द्वारा विज्ञापन संख्या **A-2.0/2/2025-Admin-NIB दिनांक 23.02.2026**, जो दिनांक 28.02.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों (रोजगार समाचार 7-13 मार्च 2026) में प्रकाशित किया गया था, के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि वैज्ञानिक ग्रेड-II पद के लिए पूर्व में विज्ञापित **02 (दो) अनारक्षित (UR)** पदों को संशोधित करते हुए **01 (एक) अनारक्षित (UR)** पद माना जाए।
2. तदनुसार, वैज्ञानिक ग्रेड-II के लिए भर्ती प्रक्रिया अब केवल **01 (एक) अनारक्षित (UR)** पद हेतु ही संचालित की जाएगी।
3. वैज्ञानिक ग्रेड-II पद से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।
4. यह शुद्धिपत्र उपर्युक्त मूल विज्ञापन का अभिन्न अंग माना जाएगा।
दिनांक: 18.03.2026
स्थान : नोएडा | **निदेशक, NIB**

संख्या: 11023/1/2026-प्रशासन
भारत सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग
'बी' विंग, चतुर्थ तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

रिक्ति परिपत्र

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, नई दिल्ली, सेवारत/सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों और योग्य पेशेवरों की नियुक्ति के लिए प्रतिनियुक्ति/अनुबंधात्मक/अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

पद का नाम	पदों की संख्या
उप निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)	1
अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)	1
वरिष्ठ हिंदी अनुवादक	1
अनुसंधान सहायक	1
सहायक	1
स्टेनो ग्रेड 'डी'	1
एलडीसी	4

2. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के इच्छुक अधिकारी/केन्द्र सरकार के कर्मचारी/केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी/केवल पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले योग्य पेशेवर ही आयोग की वेबसाइट से रिक्ति परिपत्र की प्रति और अन्य विवरण डाउनलोड कर सकते हैं https://ncsk.nic.in. संबंधित प्रश्नों के लिए 24618119 पर संपर्क कर सकते हैं।

3. सभी अपेक्षित दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपनिदेशक कक्ष संख्या 19, बी विंग, चौथी मंजिल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली- 110003 को संबोधित करके रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर प्राप्त होना चाहिए। आवेदन की एक प्रति ई-मेल के माध्यम से भी भेजी जा सकती है: ankush.chugh86@gov.in / secy-ncsk@gov.in.

CBC 38120/11/0012/2526

फटाफट खबरें

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट का विस्तार

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार हुआ। इसमें विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा को मंत्री बनाया गया। लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (रिटायर्ड) ने सभी नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नैशनल डेंटल कमिशन बना

■ NBT रिपोर्ट, दिल्ली: केंद्र सरकार ने डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए नैशनल डेंटल कमीशन का गठन किया है। इसके साथ ही देश में अब तक डेंटल शिक्षा को नियंत्रित करने वाली संस्था डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया को समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना 19 मार्च को जारी की गई। सरकार के मुताबिक, यह बदलाव डेंटल शिक्षा में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता आधारित नियम सुनिश्चित करने के मकसद से किया गया है।

स्कूल न जाने वालों की होगी पहचान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्कूल से बाहर और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान करने और उन्हें फिर से मुख्यधारा में शामिल करने के लिए शिक्षा मंत्रालय एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने जा रहा है। नई शिक्षा नीति में साल 2030 तक प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 फीसदी नामांकन का लक्ष्य तय किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 14-18 साल की उम्र के लगभग 2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, जबकि कक्षा 3-8 के लगभग 11 फीसदी बच्चे स्कूल से बाहर हैं। बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले स्टूडेंट्स में से भी काफी स्कूल छोड़ देते हैं।

पश्चिम बंगाल में TMC का घोषणा पत्र, केरल में भी चुनावी तैयारियां तेज़

घर के पास इलाज, ₹1500 हर महिला को, ममता के वादे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ममता बनर्जी ने जारी किया TMC का घोषणा पत्र

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे बंगाल के लिए 10 प्रतिज्ञाएं बताते हुए राज्य के विकास और सामाजिक सुरक्षा को केंद्र में रखा है। घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और बुजुर्गों के लिए कई अहम वादे किए गए हैं। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को 1,500 (सामान्य वर्ग) और 1,700 (एससी/एसटी) प्रति माह देने का वादा किया गया है। वहीं युवा साथी योजना के जरिए बेरोजगार युवाओं को 1,500 हर महीने सहायता जारी रखने की बात कही गई है। कृषि क्षेत्र के लिए 30,000 करोड़ का बड़ा बजट प्रस्तावित है, जिससे किसानों और भूमिहीन किसानों को आर्थिक मदद और खेती के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा हर परिवार को पक्का घर और हर घर तक पाइप से स्वच्छ पानी पहुंचाने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए हर ब्लॉक और शहर में दुआरे चिकित्सा कैंप आयोजित किए जाएंगे।

294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे।

TMC के घोषणा पत्र में ये हैं 10 प्रतिज्ञाएं

- लक्ष्मी भंडार योजना में बढ़ोतरी: महिलाओं को अब हर महीने 1,500 (सामान्य वर्ग) और 1,700 (एससी/एसटी) की आर्थिक सहायता
- बेरोजगार युवाओं को 1,500 प्रति माह की सहायता जारी
- किसानों और भूमिहीनों की सहायता को 30,000 करोड़ का कृषि बजट
- हर परिवार को पक्का घर
- हर घर तक पाइप से पानी:
- दुआरे चिकित्सा कैंप: लोगों को घर के पास इलाज मिलेगा
- सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाया जाएगा
- बंगाल को ट्रेड हब बनाना:
- बुजुर्गों के लिए पेंशन विस्तार: मौजूदा लाभार्थियों को पेंशन
- 7 नए जिले बनाए जाएंगे: नए जिलों और शहरी निकायों का विस्तार

तबादलों के खिलाफ HC में अर्जी

■ भाषा, कोलकाता: तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद कई IAS और IPS अधिकारियों के तबादले के ECI के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। सांसद बनर्जी ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को प्रतिवादी बनाया है। चीफ जस्टिस सुजॉय पाल की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने जल्द सुनवाई की मांग की।

केरल में CPM के 11 मंत्री, 54 मौजूदा MLA फिर मैदान में

File Photo

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केरल विधानसभा चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPM) ने अनुभव और निरंतरता पर दांव खेलते हुए अपने 11 मंत्रियों और 54 सिटिंग विधायकों को दोबारा टिकट दिया है। पार्टी का यह फैसला साफ संकेत देता है कि वह मौजूदा नेतृत्व पर भरोसा बनाए रखते हुए चुनावी मैदान में उतर रही है। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) के तहत CPM 86 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिनमें 80 सीटों पर पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे।

दूसरी ओर कांग्रेस में उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर आंतरिक मतभेद सामने आए हैं। पार्टी ने 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर कुल 92 नाम घोषित किए हैं, लेकिन कन्नूर में सांसद के. सुधाकरन को टिकट नहीं दिया गया है जो विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक थे।

नेमम सीट पर कांग्रेस ने के. एस. सबरीनाथन को उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला बीजेपी और CPM दोनों से होगा। बीजेपी यहां अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है, जबकि CPM के सीनियर नेता वी. शिवनकुट्टी भी मैदान में हैं।

दिव्यांगों के लिए कैब में वीलचेयर की सुविधा ज़रूरी: सुप्रीम कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- कोर्ट ने फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जताई चिंता
- दिव्यांगों के लिए खास कैब और ऐप में अलग विकल्प बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिव्यांगजनों की मदद के लिए बेहतर इंतजाम करने की जरूरत पर जोर दिया। कोर्ट ने कहा कि कैब सेवाओं को इस तरह तैयार किया जाना चाहिए कि उनमें वीलचेयर और अन्य सहायक डिवाइस रखने की सुविधा हो। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच दिव्यांगजनों के लिए फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

बेंच ने कहा कि आज बड़े शहरों में हर जगह कैब उपलब्ध हैं, इसलिए कैब कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे दिव्यांगजनों की वीलचेयर और अन्य सहायक डिवाइस को समायोजित कर सकें। कोर्ट ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैब की व्यवस्था करने का भी सुझाव दिया। अदालत ने कहा कि कैब ऐप में ऐसे विकल्प हो सकते हैं, जहां से दिव्यांगजनों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई कैब बुक की जा सके।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि दिव्यांगजनों को कैब में चढ़ने में काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर कैब सीएनजी किट वाली होती हैं, जिससे गाड़ी में जगह कम हो जाती है और वीलचेयर रखने की सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने यूरोपीय देशों की तरह यूनिवर्सल डिजाइन लागू करने का सुझाव भी दिया।

इस पर बेंच ने केंद्र सरकार के वकील से सवाल किया कि अगर किसी व्यक्ति का घर मुख्य सड़क से एक किलोमीटर दूर है और वह ऑटोमेटिक वीलचेयर पर आता है, लेकिन उसे कैब में नहीं रख सकता, तो वह क्या करेगा। केंद्र सरकार के वकील ने बताया कि इन मुद्दों की समीक्षा संबंधित डिपार्टमेंट द्वारा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह के मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक कमिटी बना चुका है।

बेंच ने कहा कि इस याचिका में उठाए गए मुद्दों पर भी वही कमिटी विचार कर सकती है। हालांकि याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनका मामला अलग है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को तय की है।

'वर्चस्व ही दुनिया में संघर्ष की जड़'



■ भाषा, नागपुर: RSS प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली जड़ स्वार्थ और वर्चस्व की चाह है। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति सिर्फ एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही संभव है। नागपुर में भागवत ने कहा, दुनिया संघर्षों के समाधान के लिए अलग-अलग विचारों को अपनाती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली है।

जल दिवस पर विशेष

जल संकट के बीच संरक्षण ही कुंजी

सी आर पाटील

हर साल 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस के अवसर पर मैं सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

जल हमारे जीवन, पारिस्थितिकी तंत्र और अर्थव्यवस्था की धुरी है। विश्व की करीब 18% जनसंख्या और पशुधन भारत में निवास करते हैं, जबकि हमारे पास वैश्विक मीठे जल संसाधनों का मात्र 4% ही उपलब्ध है। शहरीकरण, बढ़ती मांग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बीच जल का प्रभावी प्रबंधन आज राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है।

इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जल प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। जल शक्ति मंत्रालय की स्थापना से जल से जुड़े विभिन्न विभागों का एकीकरण हुआ है, जिससे योजनाओं के बेहतर और समन्वित क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

यह दृष्टिकोण जल के पूरे चक्र को साथ लेकर चलता है। एक ओर संरक्षण और भूजल पुनर्भरण पर बल दिया जा रहा है, वहीं बांधों और जलाशयों के माध्यम से भंडारण क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। नदी जोड़ परियोजनाएं संतुलित जल-वितरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं। जल जीवन मिशन और कमांड एरिया विकास के आधुनिकीकरण से जल की उपलब्धता बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है, जबकि नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जल गुणवत्ता सुधारने का कार्य आगे बढ़ रहा है। साथ ही, अनुसंधान, नवाचार और जन जागरूकता के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने पर भी जोर दिया गया है।

इस पूरे प्रयास का मूल भाव जन भागीदारी है। प्रधानमंत्री जी ने जलसंचय को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। सरकार दिशा और संसाधन उपलब्ध करा सकती है, लेकिन स्थायी परिवर्तन तभी संभव है जब समाज स्वयं इसमें भागीदार बने।

जल जीवन मिशन इसी सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुंच चुकी है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इस मिशन का एक बड़ा प्रभाव महिलाओं के जीवन में दिखाई देता है। पानी लाने के श्रम में कमी आई है, स्वास्थ्य बेहतर हुआ है, शिक्षा और आजीविका में उनकी भागीदारी बढ़ी है। ग्राम पंचायतों, स्थानीय जल और स्वच्छता समितियों की भूमिका से समुदाय का जुड़ाव मजबूत हुआ है, वहीं फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की निगरानी में महिलाओं की भागीदारी ने स्थानीय स्वामित्व को और सुदृढ़ किया है।

नमामि गंगे कार्यक्रम ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में जल गुणवत्ता सुधारने और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निर्मल और अविरल गंगा के साथ-साथ 'अर्थ गंगा' और 'जन गंगा' जैसी पहलें नदी संरक्षण को लोगों के जीवन और आजीविका से जोड़ती हैं।

'कैच द रेन' अभियान और 'जल संचय-जन भागीदारी' जैसे प्रयासों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, बोरवेल रिचार्ज और चेक-डैम निर्माण जैसे कार्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

सितंबर 2024 से अब तक देशभर में 45 लाख से अधिक वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह दिखाता है कि जब सरकार और समाज साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिवर्तन व्यापक और स्थायी होता है।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं। गुजरात के बनासकांठा में डेयरी सहकारी समितियों और किसानों ने मिलकर कम लागत वाले रिचार्ज पिट बनाए हैं। छत्तीसगढ़ के कोरिया में किसानों ने अपनी भूमि का एक हिस्सा भूजल पुनर्भरण के लिए समर्पित किया है। उद्योग जगत भी आगे आ रहा है।

कृषि क्षेत्र में भी जल के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में बदलाव दिखाई दे रहा है। माइक्रो-इरिगेशन, खेत स्तर पर बेहतर जल प्रबंधन और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसी पहलें न केवल किसानों की आय को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता को भी बढ़ावा देती हैं। जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना समय की मांग है। वर्षा जल संचयन, उपचारित जल का पुनः उपयोग और पानी की बर्बादी को रोकना- ये ऐसे कदम हैं जिन्हें अपनाकर हम अपने शहरों को अधिक जल-सुरक्षित बना सकते हैं। भारत की जल सुरक्षा की यह यात्रा एक सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास है। यह हमारे व्यवहार और सोच में बदलाव से ही संभव है। आइए, हम जल संरक्षण को अपनी आदत में लाएं और अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करें।

(लेखक: केंद्रीय जलशक्ति मंत्री)

जुडिशरी से जुड़े चैप्टर लिखने के लिए एक्सपर्ट कमिटी बनी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- SC ने मामले में अपनी ओर से सुनवाई का निपटारा किया
- NCERT की किताब में जुडिशरी में जुड़े विवादित चैप्टर से शुरू हुआ था मामला

NCERT के किताब में जुडिशरी से जुड़े चैप्टर पर हुए विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि NCERT ने 8वीं क्लास की किताब में जुडिशरी से जुड़े चैप्टर फिर से लिखने के लिए 3 मेंबरों की एक एक्सपर्ट कमिटी का गठन किया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि 3 मेंबरों की कमिटी बनाई गई है। इसमें पूर्व सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस इंदु मल्होत्रा, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल हैं। कमिटी के गठन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपनी ओर से सुनवाई का निपटारा कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह एक सप्ताह के भीतर डोमेन एक्सपर्ट की एक कमिटी गठित करे, जो NCERT की पुस्तकों में लीगल स्टडीज से जुड़े पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दे। NCERT की 8वीं क्लास की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में जुडिशरी में भ्रष्टाचार से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री होने के कारण कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया था।

CAPF कैडर को 16 साल बाद भी नहीं मिल पा रहा प्रमोशन!

डेपुटेशन पर IPS अफसरों की तैनाती से भी नाराज़गी

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

File Photo

■ नई दिल्ली: केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) यानी CRPF, BSF, CISF, ITBP और SSB में इन दिनों कैडर अधिकारियों के प्रमोशन में देरी और IPS अधिकारियों के डेपुटेशन पर आकर अहम पद संभालने को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को 'अलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन' (AAPWA) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एसोसिएशन ने 23 मार्च को जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना देने का ऐलान किया है। साथ ही 'ऑर्गेनाइज्ड ग्रुप-ए सर्विस' का दर्जा देने और 'ओल्ड पेंशन स्कीम' लागू करने की मांग की है।

'16 साल बाद भी पहला प्रमोशन नहीं': CAPF अधिकारियों के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले AAPW एसोसिएशन के अध्यक्ष और CRPF के रिटायर्ड एडीजी एच. आर. सिंह के मुताबिक, CAPF में असिस्टेंट कमांडेंट के तौर पर भर्ती हुए अधिकारियों को 16 साल की नौकरी के बाद भी पहला प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। इसके उलट 2012 बैच के IPS अधिकारी करीब 14 साल की सेवा में ही DIG बन चुके हैं और CAPF में सीधे इस पद पर तैनात हो रहे हैं। करीब 13 हजार CAPF कैडर अधिकारी अलग-अलग रैंक में प्रमोशन रुकने की समस्या से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि CAPF को भी बाकी 57 ग्रुप-ए सेवाओं की तरह OGAS का दर्जा मिलना चाहिए, जो अभी तक नहीं मिला है।

'यह CAPF Vs IPS की लड़ाई नहीं'
CRPF की कोबरा विंग के रिटायर्ड आईजी कमल कांत शर्मा ने कहा कि यह CAPF बनाम IPS की लड़ाई नहीं है। CAPF में करीब 700 IPS अधिकारी हैं, जबकि CAPF कैडर अधिकारियों की संख्या 13 हजार से ज्यादा है। एक्सपर्ट का मानना है कि समय पर कैडर रिव्यू नहीं होने से ऊंचे पदों की संख्या सीमित रह गई है, जिससे प्रमोशन में देरी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विवाद में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की अनदेखी हो रही है, जिनकी संख्या करीब 15 लाख है। BSF के रिटायर्ड DIG धर्मेंद्र और AAPWA के जनरल सेक्रेटरी रणबीर सिंह का कहना है कि कई कमिटी और सुप्रीम कोर्ट CAPF के पक्ष में फैसला दे चुके हैं।

कब से चल रहा है विवाद

BSF के रिटायर्ड एडीजी संजीव कृष्ण सूद के अनुसार, करीब 13 साल की कानूनी लड़ाई के बाद 23 मई 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने CAPF के पक्ष में फैसला दिया था। इसके बावजूद सरकार ने रिव्यू पिटिशन दाखिल की, जिसे 28 अक्टूबर 2025 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद भी गृह मंत्रालय ने 6 महीने में फैसला लागू नहीं किया। इस पर अधिकारियों को अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ी, जिसकी सुनवाई 10 फरवरी और 10 मार्च 2026 को हुई। अब अगली सुनवाई 1 अप्रैल 2026 को होगी। सरकार की तरफ से कहा गया है कि वह वैधानिक बदलाव पर विचार कर रही है। साथ ही यह भी कि मंत्रिमंडल ने CAPFs (General Administration & Regulation) Bill, 2026 को मंजूरी दे दी है।

NBT EXPLAINER

CEC नियुक्ति कानून पर सुनवाई से चीफ जस्टिस ने खुद को किया अलग

बेंच में होंगे ऐसे जज, जो CJI बनने की कतार में नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

File Photo

कानून में CJI को चयन समिति से हटाया गया है

■ नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (EC) की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (CJI) ने खुद को मामले से अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई ऐसी बेंच करेगी, जिसमें शामिल जज भविष्य में चीफ जस्टिस बनने की कतार में न हों।

सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। इस कानून में नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के चीफ जस्टिस को हटा दिया गया है, जिसके खिलाफ याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने संकेत दिया कि मामला ऐसी पीठ के सामने रखा जाएगा, जिसमें कोई भी जज भविष्य में CJI बनने की कतार में न हो। इसके बाद चीफ जस्टिस ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर वह इस मामले की सुनवाई करते हैं तो हितों के टकराव की आशंका हो सकती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर वकील प्रशांत भूषण ने भी सुझाव दिया कि मामले को किसी दूसरी पीठ के पास भेजा जाए, जिसमें संभावित भविष्य के CJI शामिल न हों। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि मामला ऐसी पीठ को सौंपा जाना चाहिए ताकि बाद में इस पर कोई सवाल न उठे। अदालत ने इस मामले को 7 अप्रैल 2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 के अपने फैसले में कहा था कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और CJI की समिति द्वारा की जानी चाहिए। कोर्ट ने माना था कि नियुक्ति पूरी तरह कार्यपालिका के हाथ में छोड़ना लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसके बाद संसद ने नया कानून बनाया।

UAPA में दो युवाओं को 4 साल बाद बेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को हारिस निसार लांगू और जामिन आदिल भट को जमानत दे दी। ये दोनों 20 साल के आस-पास के युवक हैं, जिन्हें NIA ने अक्टूबर 2021 में इस आरोप में गिरफ्तार किया था कि वे देश में हमले करने की पाकिस्तान की साजिश का हिस्सा थे। कोर्ट ने कहा कि इन दोनों ने चार साल से ज्यादा लंबा समय जेल में बिताया है, जबकि उनके केस का ट्रायल अभी तक पूरा नहीं हुआ है। यह उनके अनुच्छेद 21 के तहत मिले अधिकारों (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) का उल्लंघन हो सकता है। फैसले में कोर्ट ने वैचारिक जुड़ाव और ऑपरेशनल भागीदारी के बीच फर्क बताया। कोर्ट ने कहा कि देश-विरोधी डिजिटल सामग्री रखना या किसी मकसद के प्रति सहानुभूति रखना, अपने आप में किसी आतंकवादी संगठन की सक्रिय सदस्यता नहीं मानी जा सकती।

OFFICE OF THE RESIDENT COMMISSIONER
GOVT. OF MADHYA PRADESH, MADHYA PRADESH BHAWAN
PLOT NO. 29 C-D, JESUS & MARY MARG,
CHANAKYAPURI, NEW DELHI-110021
Phone No. 011 -26772001, 2002

TENDER NOTICE Dated: 17/03/2026

Online tenders for Annual Supply of Laundry detergents and other related chemicals items at Madhyanchal, Plot No. 12, IHC Pocket, Institutional Area, Vasant Kunj, New Delhi - 110070 are invited in single stage two envelope systems (Technical bid & Financial bid) through e-Tendering website www.mptenders.gov.in or www.mpbhawan.gov.in. in the prescribed proforma from interested parties/ Registered Firms/ Registered Companies/ Reputed Organizations/ Agencies for one year.

Pre-bid meeting	26.03.2026 at 12:30 pm
Last date and time of submission	07.04.2026 upto 12.30 p.m.
Date and Time of Opening of Technical Bid	08.04.2026 at 12.30 p.m.
Date and Time of Opening of Financial Bid of qualified bidder	16.04.2026 at 12:30 p.m.
Probable cost of work	₹ 1,15,000/-
EMD	₹ 3,450/- (to be paid online)
Cost of Tender Document	₹ 500/- (to be paid online)

G-27722/25
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

Sd/-
Addl. Resident Commissioner
M.P. Bhawan, New Delhi

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र
ईसीआईएल डाक, हैदराबाद-500062

विज्ञापन सं. एनएफसी/01/2026

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र-हैदराबाद, तेलंगाना, जिरकोनियम कॉम्प्लेक्स-पजयकायल, तूतिकुडी, तमिलनाडु एवं नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र-कोटा, रावतभाटा, राजस्थान के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में निम्नलिखित पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र. सं.	पद का कोड	पद एवं समूह	वेतन स्तर	रिक्तियों की संख्या
1.	12601	वैज्ञानिक अधिकारी/सी (जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी) (ग्रुप 'ए' राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-10 में रु. 56,100/- + एनपीए	अनारक्षित-02 ओबीसी-01
2.	12602	नर्स/ए (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-7 में रु. 44,900/-	अनारक्षित-08, एससी-01 ओबीसी-01, ईडब्ल्यूएस-01
3.	12603	वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफर) (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-6 में रु. 35,400/-	अनारक्षित-01
4.	12604	वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथोलॉजी टेक्नीशियन) (ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-6 में रु. 35,400/-	अनारक्षित-01
5.	12605	फार्मासिस्ट/बी (ग्रुप 'सी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-5 में रु. 29,200/-	अनारक्षित-01
6.	12606	टेक्नीशियन/बी (एक्स-रे टेक्नीशियन) (ग्रुप 'सी' गैर-राजपत्रित)	वेतन-मैट्रिक्स के लेवल-3 में रु. 21,700/-	अनारक्षित-01

पद कोड 12602 एवं 12606 बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों हेतु उचित है।
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18.04.2026 है। विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु उम्मीदवारों को एनएफसी वेबसाइट https://www.nfc.gov.in अथवा https://www.recruit.nfc.gov.in पर जाना अनिवार्य है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
सांविक कार्य के लिए ई-निविदा वर्ष 2025-26

निविदा सं.: 64/2025-26-rack (1) कार्य का नाम, स्थान अवधि: Design, Supply, Installation & Commissioning of Store with racking system (2) कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 3,59,28,033/- (3) बयाना राशि जो कि जमा करानी है: ₹ 329700/- (4) टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक: 15.00 बजे, दिनांक 09.04.2026 तक Through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात् खोली जायेगी। (5) वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके: http://www.ireps.gov.in रेलवे सूचना पट्ट पर NOTE: The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of https://www.ireps.gov.in/. Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be registered on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate in e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering.

401-DK/26

NWRailways NWRailways_

तांत्रिक कांड में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का इस्तीफा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रेप के आरोपी अशोक खरात के साथ महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर की कथित तस्वीरें वायरल होने के बाद सियासत का पारा चढ़ गया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर को स्वघोषित तांत्रिक अशोक खरात के साथ कथित संबंधों को लेकर विपक्ष ने निशाना बनाया। खरात को पुलिस ने एक महिला रेप करने और धार्मिक प्रथाओं की आड़ में कई लोगों का शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। खरात श्री ईशानेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष भी है, जहां चाकणकर सदस्य हैं।

File Photo

रूपाली चाकणकर

वायरल वॉर

इस्राइली रिज़र्व सैनिक गिरफ्तार

यरुशलम कोर्ट में शुक्रवार को आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम में काम करने वाले एक रिजर्व सैनिक की गिरफ्तारी का मामला आया। आरोप है कि उसने ईरानी अधिकारियों आयरन डोम से जुड़ी जानकारी शेयर की। सैनिक कथित रूप से पैसे के बदले संवेदनशील सैन्य जानकारी साझा कर रहा था। उसने ईरानी तत्वों के साथ संपर्क बनाए रखा और गोपनीय जानकारी पहुंचाई। (The Jerusalem Post)

ईरान युद्ध का दर्द, सूरज ढलते ही कब्रिस्तान में खामोश मातम

■ NBT रिपोर्ट

ईरान के मिनाब शहर का एक कब्रिस्तान इन दिनों सिर्फ दफनाए गए बच्चों की जगह नहीं, बल्कि टूटे हुए सपनों, अधूरी जिंदगियों और अनकहे दर्द का दस्तावेज बन गया है। हर रोज सूरज ढलते ही यहां अजीब सी हलचल शुरू होती है। यह किसी उत्सव की नहीं, बल्कि उस खामोश मातम की है, जिसे शब्दों में बांध पाना मुश्किल है। 28 फरवरी को मिसाइल हमले में प्राइमरी स्कूल के 168 बच्चे मारे गए थे। कब्र के पास रात बिताने वाले लोग उन्हीं बच्चों के परवाने हैं।

बच्चों की याद में कब्र के पास रातें गुजार रहीं महिलाएं

■ **बेटी से ऐसे बात करती है, जैसे वह कब्र में सुन रही हो:** अमीना करीमी की 7 साल की बेटी लैला 28 फरवरी के हमले में मारी गई थी। अब अमीना हर रात बेटी की कब्र के पास आती है। वह फुसफुसाते हुए कुरान पढ़ती है, दुआ करती है और अपनी बेटी से ऐसे बात करती है जैसे वह सुन रही हो। अमीना कहती है, 'इस बार रमजान मेरे लिए सिर्फ दुख लेकर आया। कभी-कभी मैं उसकी हंसी याद करती हूं, उसका स्कूल जाना, उसके सपने और बस आंखें बंद कर लेती हूं।' ठंडी रातों में भी अमीना वहीं बैठी रहती है। उनके लिए मोमबत्ती की हल्की रोशनी ही अब एकमात्र सहारा है।

28 फरवरी को हुए मिसाइल अटैक में मिनाब शहर के गर्ल्स स्कूल के 168 बच्चों की हुई थी मौत। इन बच्चों के परिवार की रातें कब्र के पास गुजर रही हैं।

■ **7 साल के बेटे का खेलना, हंसाना भूल नहीं पा रही रैजा:** रेज जारेई अपने 7 साल के बेटे अली की कब्र के पास पूरी रात बिताती हैं। वह कहती हैं, 'मैं उसके छोटे-छोटे पलों को याद करती हूं। उसका खेलना, दोस्तों के साथ हंसना। मुझे उसकी जिंदगी की छोटी-छोटी बातें याद हैं। वह कैसे स्कूल जाता था। उसके दोस्त...' उन्होंने आगे कहा, 'यहां रात एकदम शांत होती है, सिवाय दुआओं और कुरान की आयतों के।'

■ **'दर्द तो कम नहीं होता, पर सहना आसान हो जाता है':** 40 साल की रेहाना अकबरी फार ने अपनी 8 साल की बेटी नेहरा को खो दिया। रेहाना कहती हैं, 'मैं कभी-कभी कब्र के पास लेट जाती हूं और अपनी आंखें बंद कर लेती हूं। उसे अपने करीब महसूस करने की कोशिश करती हूं।' रेहाना ने बताया कि आसपास मौजूद दूसरे परिवारों की आवाजें, बातचीत, पाठ और यादें साझा करना, रातों को थोड़ा कम असहनीय बना देती हैं। हम उन खेलों के बारे में बात करते हैं जो हमारे बच्चों को पसंद थे, और हम उनकी हंसी के पलों को फिर से जीते हैं। यह सब रात को थोड़ा कम अकेलापन भरा बना देता है।

ये दुख बड़ा है

दुखों की काली रातों के गवाह बच्चे भी हैं

दुखों की इन काली रातों के गवाह बच्चे भी हैं, जो अपने भाई-बहनों या रिश्तेदारों को खो चुके हैं। वे सीख रहे हैं कि असहनीय दुख के साथ कैसे जिया जाता है। एक ऐसी सीख, जो शायद उनकी उम्र के लिए बहुत जल्दी है। रमजान में सहरी में कुछ लोग थोड़ा-बहुत खाते, चाय पीते, लेकिन ज्यादातर के लिए यह सिर्फ एक रस्म बनकर रह गया था। फिर धीरे-धीरे लोग अपनी चीजें समेटते, मोमबत्तियां बुझाते और कब्रिस्तान खाली होने लगता। लेकिन यह खालीपन अस्थायी है। क्योंकि जैसे ही अगली शाम ढलेगी, ये परिवार फिर लौट आएंगे, अपने बच्चों के पास, अपने दर्द के साथ और उस उम्मीद के साथ कि शायद साथ बैठने से, याद करने से, यह बोझ थोड़ा हल्का हो सके। (Drop Site)

बच्चे सीख रहे हैं, बड़े कैसे अपने दर्द को संभालते हैं

वॉर अपडेट

सऊदी में एक भारतीय की मौत

सऊदी अरब के रियाद में गुरुवार रात एक भारतीय की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय के अधिकारी असीम महाजन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शव को भारत लाने का प्रयास चल रहा है। इस युद्ध में 6 भारतीयों की अब तक मौत हो चुकी है, जबकि एक अभी लापता है।

15 भारतीय जल्द आएंगे: मंत्रालय

भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बीते दिनों लेक सी विष्णु नाम के जहाज से रेस्क्यू किए गए 15 भारतीय इराक से निकाले जा चुके हैं और ये जल्द ही भारत वापस आ जाएंगे। ईरान से 913 भारतीय बॉर्डर पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच चुके हैं। इनमें से कई भारत लौट चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री से बात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने X पर कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वोंग से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपने विचार साझा किए।

नेतन्याहू को धमकी... ईरानी जनरल की 1 घंटे में ही मौत

सऊदी, कतर, UAE और कुवैत के गैस-तेल प्लांट पर तेहरान का अटैक | ईरान ने कहा- पर्यटन स्थलों पर भी नहीं बच सकेंगे US-इस्राइल के लोग

■ एपी/एएफपी, दुबई/तेहरान

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की शुक्रवार को इस्राइल-अमेरिका की एयरस्ट्राइक में मौत हो गई। IRGC ने एक बयान में उनकी मौत की पुष्टि की है। मौत से एक घंटे पहले नैनी ने कहा था, 'इस्राइल और नेतन्याहू के लिए सरप्राइज तैयार है। ईरान की मिसाइल क्षमता अपने चरम पर है और दुश्मन को जल्द ही इसका असर देखने को मिलेगा।' जनरल अली मोहम्मद नैनी ने अपने आखिरी बयान में कहा था कि युद्ध के बावजूद ईरान लगातार मिसाइल बना रहा है और उसके पास पर्याप्त भंडार है। इसके एक घंटे बाद ही इस्राइल-अमेरिका के हवाई हमले में वह मारे गए। ईरान ने इस हमले को 'कायराना' बताया और कहा कि अमेरिका और इस्राइल की तरफ से यह हमला उसके शीर्ष सैन्य नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है।

जनरल नैनी

ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई। युद्ध शुरू होने के बाद यह 60% तक बढ़ चुकी है। यूरोप में नेचुरल गैस की कीमतें भी लगभग दोगुनी हो गई हैं।

ईरान के खुफिया मंत्री के अंतिम संस्कार में शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ी

■ 'मनोरंजन स्थल, पार्क भी सेफ नहीं'

युद्ध बीच ईरान ने चेतावनी दी है कि अब दुनिया में कहीं भी अमेरिका और इस्राइल से जुड़े लोग सुरक्षित नहीं रहेंगे। ईरान के सैन्य प्रवक्ता जनरल अबोलफजल शेकारची ने सरकारी टीवी पर जारी बयान में कहा, 'अब हमारे पास आपके बारे में जो जानकारी है, उसके आधार पर दुनिया के किसी भी हिस्से में पार्क, मनोरंजन स्थल और पर्यटन स्थल भी सुरक्षित नहीं रहेंगे।'

■ इस्राइल ने सीरिया पर किए हमले

इस्राइल की सेना ने कहा कि उसने द्रूज समुदाय के हमलों के जवाब में सीरिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। सेना ने बताया कि उसने दक्षिणी सीरिया के स्वेदा में रहने वाली द्रूज आबादी पर हुए हमलों के जवाब में सीरिया के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। ईरान संघर्ष के दौरान सीरिया पर इस्राइल का पहला हमला माना जा रहा है।

नाटो कागजी शेर है, ये कायरता याद रखेंगे: ट्रंप

नाटो के लड़ाई में शामिल होने से मना करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के बिना, नाटो एक कागजी शेर है।' ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई में नाटो के भाग न लेने की बात पर ट्रंप ने दावा किया कि नाटो की ताकत अमेरिका की भागीदारी पर निर्भर है और उसके बिना वह 'कागजी शेर' के समान है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने नाटो के लिए 'कायर' जैसे शब्द का इस्तेमाल किया और कहा कि हम इस बात को याद रखेंगे। ट्रंप पहले भी नाटो को लेकर अपनी पुरानी चिंता दोहराते रहे हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता बोले, उनकी सुरक्षा छीन लेंगे: ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह मुजतबा खामेनेई ने देशवासियों के नाम नए संदेश में अपने देश के दुश्मनों की सुरक्षा छीन लिए जाने का शुक्रवार को आह्वान किया। खामेनेई ने इस्राइल के हमले में खुफिया मंत्री की मौत के बाद राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे गए एक बयान में यह टिप्पणी की।

मुजतबा खामेनेई

पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस 5 पॉइंट में समझें, इस्राइल के PM की युद्ध पर बात

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने गुरुवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि ईरान अब यूरेनियम संवर्धन और बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में सक्षम नहीं रहा। उन्होंने अपने बारे में फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष सिर्फ इस्राइल की सुरक्षा नहीं, बल्कि पूरी पश्चिमी सभ्यता के अस्तित्व की लड़ाई है। ईरान और उसके सहयोगियों को मौत का सौदागर बताया। नेतन्याहू ने इस युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर अभी कार्रवाई नहीं की गई, तो ईरान अपनी परमाणु क्षमताओं को जमीन के अंदर इतनी गहराई में छिपा देता कि उन्हें नष्ट करना असंभव हो जाता। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिका और इस्राइल पूरी तरह एकमत हैं। नेतन्याहू ने उन देशों और नेताओं की आलोचना की जो तेल की कीमतों जैसी फौरी समस्याओं से डरे हैं। नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 5 अहम बातें क्या कहीं:

1 तीन लक्ष्य बताए

नेतन्याहू ने कहा कि हमारे 3 लक्ष्य हैं। पहला, परमाणु खतरे को खत्म करना। दूसरा, बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे को खत्म करना और इन दोनों खतरों को जमीन की गहराई में छिपने से पहले खत्म करना। तीसरा, ऐसा माहौल बनाना जिससे ईरान के लोग अपनी आजादी हासिल कर सकें और अपना भविष्य खुद तय कर सकें।

2 'US को नहीं घसीटा'

इस्राइली पीएम ने कहा, 'कहा जा रहा है कि इस्राइल ने अमेरिका को ईरान के साथ युद्ध में खींच लिया। क्या सच में ऐसा सोचा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को कोई बताएगा कि क्या करना है? मैं पिछले 40 साल से कह रहा हूं कि ईरान इस्राइल और दुनिया के लिए खतरा है और ट्रंप भी यही कहते रहे हैं। मुझे उन्हें समझाने की जरूरत नहीं पड़ी।

3 ईरान में शासन परिवर्तन

नेतन्याहू ने कहा, 'अक्सर कहा जाता है कि केवल हवाई हमलों से क्रांति नहीं लाई जा सकती। यह सही है और हम इससे आगे का कर रहे हैं। इस सवाल पर कि क्या ईरानी सरकार कमजोर पड़ रही है? उन्होंने कहा, 'हां, इसके कई संकेत दिख रहे हैं।' क्या सरकार गिर जाएगी? इस सवाल के जवाब में बोले, 'यह अभी कहना मुश्किल है। अगर गिरी नहीं बच गई तो काफी कमजोर हो जाएगी।'

4 युद्ध कब खत्म होगा?

नेतन्याहू ने कहा कि हमारे पास साफ लक्ष्य है कि युद्ध कैसे खत्म करना है। हम मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना चाहते हैं, जो हम कर रहे हैं। हम परमाणु कार्यक्रम को भी खत्म करना चाहते हैं, जो हम कर रहे हैं। ये लक्ष्य पूरे किए जा सकते हैं, लेकिन मैं इसके लिए कोई तय समय नहीं बताऊंगा। हम दिन नहीं गिन रहे, हम अपने लक्ष्य पूरे करने पर ध्यान दे रहे हैं।

5 गैस फील्ड पर हमले पर क्या बोले

नेतन्याहू ने कहा, 'मैं दो बातें साफ करना चाहता हूं। पहली- असालुयेह (Asaluyeh) गैस प्लांट पर हमला इस्राइल ने अकेले किया। दूसरी- राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे ऐसे हमले रोकने को कहा है, और हम अभी रुक गए हैं।

ईरान में जमीनी लड़ाई होगी? क्यों बढ़ी आशंका

अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत USS Tripoli, जिसमें करीब 2,200 मरीन और नौसैनिक सवार हैं, मध्य पूर्व की ओर बढ़ रहा है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि यह कदम क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ने का संकेत देता है और ईरान में संभावित जमीनी तैनाती की अटकलों को तेज कर रहा है। सैटलाइट तस्वीरों में यह जहाज 15 मार्च को दक्षिण चीन सागर में और अगले दिन सिंगापुर के पास देखा गया। फिलहाल यह भारतीय जलक्षेत्र के करीब दक्षिणी हिंद महासागर से गुजर रहा है। Tripoli के साथ दो एस्कॉर्ट जहाज भी हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगे भी साथ रहेंगे या अलग हो जाएंगे। इस जहाज पर अमेरिका की 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट है।

ट्रंप ने किया पर्ल हार्बर का जिक्र, असहज दिखीं जापान की प्रधानमंत्री

■ एपी/एएफपी, वॉशिंगटन: अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची (Sanae Takaichi) से गुरुवार को हुई बातचीत में 1941 के पर्ल हार्बर पर हमले का जिक्र किया, जिससे जापान की पीएम असहज दिखीं। हालांकि बातचीत की शुरुआत मजाकिया अंदाज में हुई। ट्रंप ने ताकाइची की अंग्रेजी पर पकड़ की तारीफ की और कहा, 'क्या आप अंग्रेजी समझती हैं? अच्छा है कि हमें अनुवाद के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।'

जापान की पीएम ने क्या कहा...

गल्फ के संघर्ष के बारे में बात करते हुए जापान की पीएम ने कहा, "दुनिया बेहद गंभीर माहौल से गुजर रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि सिर्फ आप (ट्रंप) ही दुनिया में शांति ला सकते हैं। और इसके लिए मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के कई साझेदारों से संपर्क करने के लिए तैयार हूं।' ताकाइची ने ईरान की ओर से पड़ोसी क्षेत्रों पर हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की भी निंदा की।

ट्रंप की बात से कैसे असहज हुईं...

एक सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'हम सरप्राइज देना चाहते थे। सरप्राइज के बारे में जापान से बेहतर भला कौन जानता है? मैं ये सवाल कर सकता हूं कि आपने पर्ल हार्बर के बारे में क्यों नहीं बताया था। आप भी सरप्राइज में यकीन रखते हैं, शायद हमसे ज्यादा और हमने यही किया।' ट्रंप ने कहा, 'और इस सरप्राइज की वजह से हमने शुरुआती दिनों में ही 50% कामयाबी हासिल की। तो अगर मैं इसके बारे में सभी को पहले से बता देता तो ये सरप्राइज ना रहता।'

पर्ल हार्बर में क्या हुआ था?

7 दिसंबर 1941 को प्रशांत महासागर के बीच एक द्वीप समूह पर दो घंटे तक ऐसी बमबारी हुई जिसने दूसरे विश्व युद्ध का रुख मोड़ डाला था। जापान के हमले में पर्ल हार्बर पर तैनात अमेरिका के सभी 8 जंगी जहाज नष्ट हो गए थे। जापान के इस हमले में 2400 से ज्यादा अमेरिकी जवान मारे गए थे और 19 जहाज जिसमें 8 जंगी जहाज थे, नष्ट हो गए थे। इसके अलावा 328 अमेरिकी विमानों को भी नुकसान हुआ था। जापान पर अमेरिका के परमाणु हमले को इसी का बदला माना जाता है।

ईरान युद्ध में अमेरिका को खोने पड़े 16 सैन्य विमान, 10 टोही ड्रोन थे

■ NBT रिपोर्ट

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका को अब तक काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस युद्ध की शुरुआत से अब तक अमेरिका के कम से कम 16 सैन्य विमान नष्ट हो चुके हैं। इनमें 10 रीपर ड्रोन हैं, जिन्हें दुश्मन की फायरिंग में मार गिराया गया। इसके अलावा कई अन्य विमान या तो हमलों में क्षतिग्रस्त हुए हैं या दुर्घटनाओं का शिकार बने हैं। रीपर ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और सटीक हमले के लिए जाना जाता है। यह 50,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर 27 घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रहकर काम कर सकता है। सबसे बड़ा नुकसान लड़ाई के दौरान नहीं बल्कि दुर्घटनाओं में हुआ। कुवैत में अमेरिकी सेना के तीन F-15 लड़ाकू विमान गलती से अपनी ही फायरिंग (फ्रेंडली फायर) का शिकार हो गए। वहीं, एक KC-135 टैंकर विमान हवा में ईंधन भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 6 क्रू मेंबर की मौत हो गई।

अमेरिका को सबसे बड़ा नुकसान दुर्घटनाओं में हुआ है

अमेरिका को क्यों हुआ इतना बड़ा नुकसान

विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार नुकसान ज्यादा इसलिए दिख रहा है क्योंकि अमेरिका बहुत बड़े स्तर पर हवाई हमले कर रहा है। ज्यादा मिशन वाले उड़ानों की वजह से हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। एक आधुनिक F-35 लड़ाकू विमान को भी ईरानी फायरिंग के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

होर्मुज जैसे इलाकों में काफी मुश्किल

ऐसी स्थिति यह भी दिखाती है कि फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक इलाकों में ऑपरेशन करना कितना मुश्किल है, क्योंकि सक्रिय एयर डिफेंस सिस्टम हर समय खतरा बने रहते हैं। पहले भी यमन के हूती लड़ाकों ने कई अमेरिकी ड्रोन गिराए थे। सऊदी अरब के एक एयरबेस पर खड़े पांच KC-135 टैंकर विमानों को ईरान के मिसाइल हमले में नुकसान पहुंचा। 9 ड्रोन तो ईरान ने हवा में ही मार गिराए हैं।

ईद पर अल-अक्सा मस्जिद रही बंद

■ यरुशलम में स्थित अल-अक्सा मस्जिद को पहली बार ईद की नमाज के लिए पहली बार बंद किया गया है। 1967 में पश्चिम एशिया युद्ध में ऐसा हुआ था।

■ कुछ विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें नमाज के लिए पहुंचे लोगों पर आंसू गैस और बल प्रयोग करते इस्राइली डिफेंस फोर्स के जवान दिखे।

US का F-35 'क्रैश' क्यों है बड़ी बात?

अमेरिका का सबसे अडवांस फाइटर जेट, किसी युद्ध में क्रैश नहीं हुआ था

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अमेरिका के F-35 फाइटर जेट को दुनिया के सबसे अडवांस्ड फाइटर जेट में एक माना जाता है और ये दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में इस्तेमाल होने वाला फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट है। 19 मार्च 2026 से पहले ये फाइटर जेट किसी भी युद्ध में हिट नहीं हुआ था। लेकिन ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम ने इस फाइटर जेट को डिटेक्ट किया, उसे लॉक किया और फिर हिट किया। हालांकि अमेरिका ने कहा कि जेट ने मिडिल ईस्ट के एक बेस पर इमरजेंसी लैंडिंग की लेकिन ईरान का दावा है कि ये क्रैश हो गया। ईरान ने विडियो भी जारी किया है।

ईरान का दावा, इस जेट को लॉक कर हिट किया

क्यों है ये बड़ी बात: F-35 लाइटनिंग II अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की एयर पावर की रीढ़ माना जाता है। F-35 की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्टेल्थ तकनीक कही जाती है। इसका डिजाइन, खास मटीरियल और इंटरनल वेपन इसे रडार की पकड़ में आने से बचाते हैं। जिससे यह भारी सुरक्षा वाले एयरस्पेस में भी गहराई तक ऑपरेट कर सकता है। यानी इसे ट्रैक करना या निशाना बनाना बेहद मुश्किल माना जाता है।



दूर तक होगा असर

पिछले साल जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका गए थे तब ट्रंप ने भारत को भी F-35 ऑफर किया था। इसलिए भारत समेत उन सभी देशों की इस हिट पर नजर है, जो इस जेट को खरीदने पर विचार कर रहे हैं या इस्तेमाल कर रहे हैं।

हो चुकी है आलोचना

ये फाइटर जेट 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा कीमत का है। इलॉन मस्क ने इसके डिजाइन पर सवाल उठाते हुए इसे 'हर काम में थोड़ा-बहुत, लेकिन किसी में भी पूरी महारत नहीं' कहा था। साथ ही इसे इतिहास का सबसे खराब सौदा बताया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 03-20-2026 22:14 Color:

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 21 मार्च 2026

महंगाई का डर

इंडस्ट्रियल डीजल के दाम बढ़े

भारत के पेट्रोल मार्केट में इसके प्रीमियम वैरिएंट की हिस्सेदारी बहुत कम है, केवल 2 से 4% तक। लेकिन, इसका 2.35 रुपये तक महंगा होना बताता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से तेल-गैस पर दबाव बढ़ता जा रहा है और शायद कंपनियों के लिए इसे संभालना मुमकिन न रहे। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है।

रिफाइनरी पर हमले । मौजूदा संघर्ष में तेल-गैस ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी का माहौल है। कुवैत ने बताया कि शुक्रवार को भी ईरान ने उसकी मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर हमला किया, जिसके बाद इसके कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ा। सऊदी, UAE और कतर - इन सभी की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जिससे सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा है।

प्रीमियम पेट्रोल भी महंगा

गिरता रुपया । संकट से निपटने के लिए भारत अपने आयात में विविधता ला रहा है। लेकिन, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत परेशानी बनी हुई है। क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जबकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध जारी रहा तो दाम 180 डॉलर के पार भी जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारत के लिए परेशानी और बढ़ गई है। उसे तेल की खरीद के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। शुक्रवार को रुपया टूटकर 93.71 पर पहुंच गया।

उपभोक्ताओं पर बोझ । भारत में तेल की कीमतें बाजार स्थितियों के हिसाब से कंपनियां तय करती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्टैंडर्ड पेट्रोल के दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन आखिरकार प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल का बोझ उपभोक्ताओं पर ही पहुंचेगा। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में करीब 21 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसका इस्तेमाल भारी उद्योगों और ढेरों मशीनों में किया जाता है। इसका दाम बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ सकती है, उद्योगों का मुनाफा घटेगा और कई सामान महंगे हो सकते हैं। कमर्शल LPG संकट की वजह से पहले ही काफी असर पड़ रहा है।

वास्तविक समाधान । जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत 6 देशों ने होर्मुज स्ट्रेट को आवाजाही के लिए सुरक्षित बनाने में सहयोग करने की बात कही है। यह बढ़ते ऊर्जा संकट का नतीजा है कि इन देशों को मजबूरी में इस मामले में उतरना पड़ रहा है। हालांकि वास्तविक समाधान अमेरिका-इस्राइल और ईरान के हाथ में है। दोनों पक्षों को शांति के लिए प्रयास करने चाहिए, यही पूरी दुनिया के हित में होगा।

और सुनाओ

टैक्स Pair



शादीशुदा जोड़े अक्सर अपने घर के पैसों का हिसाब-किताब मिलकर रखते हैं। लेकिन वे एक साथ मिलकर टैक्स रिटर्न नहीं भर सकते। इस कमी की वजह से कुछ परिवारों को अनजाने में नुकसान उठाना पड़ता है। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इस बात को हाल में संसद में उठाया, जिससे कई परिवार जुड़ाव महसूस कर सकते हैं।

रमेश तिवारी

नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को कोई टैक्स नहीं देना पड़ता। जिस घर में पति और पत्नी दोनों 10-10 लाख रुपये कमाते हैं। घर की कुल कमाई 20 लाख रुपये होने पर भी टैक्स जीरो होगा, क्योंकि पति और पत्नी की अलग-अलग छूट मिलाकर 24 लाख पहुंच जाती है। अगर किसी परिवार में केवल एक सदस्य 20 लाख रुपये कमाता है, जबकि दूसरा पार्टनर बच्चे की देखभाल के लिए घर पर रहता है। तब भी घर की कुल कमाई 20 लाख रुपये ही है। लेकिन इस परिवार को काफी टैक्स देना पड़ता है। एक छत, एक रसोई और एक ही घर का बजट होने के बावजूद, टैक्स भरते समय इस परिवार की पहचान खत्म हो जाती है।

इस साल बजट से पहले इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने भी वित्त मंत्री को सलाह दी थी कि शादीशुदा जोड़ों को एक साथ मिलकर टैक्स रिटर्न भरने का विकल्प मिलना चाहिए। यह कई परिवारों के लिए टैक्स के बोझ को कम कर सकता है और इससे कागजी कार्रवाई कम हो सकती है। यह कदम भारत को दुनिया के अन्य देशों के तौर-तरीकों के बराबर लाता है। अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश इसकी अनुमति देते हैं। मुश्किल ये है कि भारत में टैक्स सिस्टम हर इंसान को एक अलग टैक्सपेयर मानता है। जॉइंट फाइलिंग के लिए डेटा रखने के तरीके को बदलना होगा। टैक्स रिटर्न प्रोसेस करने वाले पूरे सिस्टम को फिर से डिजाइन करना होगा।

जॉइंट फाइलिंग के जरिये सबसे बड़ा बदलाव होममेकर्स की जिंदगी में किया जा सकता है। बच्चों की देखभाल और घर संभालने को भी इसके दायरे में लाया जा सकता है। भले ही इसके बदले पैसे न मिलते हों, लेकिन परिवार को चलाने में इसे एक बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान माना गया है। इसके लिए जॉइंट फाइलिंग के दायरे में होममेकर के जरिये टैक्स छूट दी जा सकती है। अभी कमाने वाला पति अपनी होममेकर पत्नी के नाम एफडी करे तो उसके ब्याज पर पति को ही टैक्स देना होता है। यह क्लबिंग ऑफ इनकम रूल है, जिसका मकसद टैक्स चोरी बचाना है। लेकिन एक सीमा तक इस मद में टैक्स छूट देने पर क्या होममेकर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, इस पर भी विचार किया जा सकता है।

ऑफ़ दि ट्रैक

पानी में डूबता भविष्य

दिलीप लाल

दुनिया भर में पानी की कमी और स्वच्छता का संकट आज भी जटिल और अनसुलझी समस्या है। इसका सबसे अधिक बोझ महिलाओं और लड़कियों पर पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि इस मसले को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो यह गरीब देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास को बुरी तरह प्रभावित करेगा। संयुक्त राष्ट्र और UNESCO की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, विकासशील देशों में जिन ग्रामीण परिवारों के पास पाइपलाइन की सुविधा नहीं है, उनमें 70% से अधिक मामलों में पानी लाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है। विश्व स्तर पर महिलाएं और लड़कियां रोजाना लगभग 25 करोड़ घंटे पानी जुटाने में खर्च करती हैं। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा बना रहा है। तापमान बढ़ने के साथ जल स्रोत सूख रहे हैं। स्वच्छता का अभाव भी गंभीर समस्या है। कम आय वाले देशों में लाखों किशोरियां शौचालय की कमी के कारण स्कूल छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में अरबों लोग इस समस्या को झेल रहे हैं। भारत में भी स्थिति चिंताजनक है। साल 2019 से 2021 के नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, भारत में लगभग 71% ग्रामीण घरों में पानी लाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर है। वे रोज कई किलोमीटर चलकर पानी लाती हैं, जिससे उनकी आय, स्वास्थ्य और शिक्षा प्रभावित होती है।

होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट से रूसी तेल की मांग बढ़ी, दाम बढ़ने से अरबों का मुनाफ़ा

अभी युद्ध का असली विजेता रूस है

AI Image

अमेरिका और ईरान का टकराव दिखाता है कि एक जगह का संकट पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकता है। पिछले महीने हुए हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। हमलों और जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावट से तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इस स्थिति ने दूसरी बड़ी ताकतों को भी अपनी रणनीति बदलने का मौका दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय राजनीति और पेचीदा हो गई है।

हर्ष वी. पंत

आर्थिक फायदा । व्लादिमीर पुतिन के लिए यह टकराव एक अजीब रणनीतिक स्थिति बनाता है। रूस ने हमलों की आलोचना की और ईरान को कुछ खुफिया जानकारी भी दी, मगर वह इसमें सीधे शामिल नहीं हुआ। उसकी प्राथमिकता यूक्रेन है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पश्चिम का ध्यान बंटा है, जो रूस के लिए फायदेमंद हो सकता है। उसे युद्ध से आर्थिक फायदा हो रहा है। लड़ाई शुरू होते ही तेल की कीमतें बढ़ गईं। इससे रूस की कमाई बढ़ी, क्योंकि उसका तेल भी महंगा बिका। होर्मुज में रुकावट से एशियाई देशों ने नए सप्लायर ढूंढे, जहां रूसी तेल एक आसान विकल्प बन गया और उसका बाजार बढ़ा।

कमाई बढ़ेगी । यह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है। रूस के बजट का 30–45% हिस्सा तेल और गैस से आता है। कीमतें बढ़ने से उसकी अरबों डॉलर की अतिरिक्त कमाई हो सकती है, जो उसकी युद्ध अर्थव्यवस्था और यूक्रेन में सैन्य अभियान को मजबूत करेगी। यूरोपियन यूनियन के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा ने रूस को इस संकट का सबसे बड़ा विजेता बताया। उनका कहना है कि ऊंची ऊर्जा कीमतों से रूस को फायदा मिल रहा है, जबकि संसाधन अलग-अलग मोर्चों पर बंट रहे हैं। हथियार और रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल अन्य जगह होने से यूक्रेन की सुरक्षा भी कमजोर पड़ सकती है।

कीव कमजोर । अमेरिका और इस्राइल के ऑपरेशनों में प्रिसिजन-गाइडेड हथियार, पैट्रियट इंटरसेप्टर और उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल हो रहा है। इनका उपयोग रूस के खिलाफ संघर्ष में यूक्रेन की मदद के लिए किया जा सकता था। अगर इनकी थोड़ी भी कमी हो जाती है, तो कीव का एयर डिफेंस और लंबी दूरी तक हमला करने की क्षमता कमजोर पड़ सकती है। ऐसे मौके का रूस अपनी अगली सैन्य योजना में फायदा उठा सकता है।

ईरान की निर्भरता । भू-राजनीतिक स्तर पर देखें तो यह संकट रूस और ईरान के बढ़ते संबंधों को और मजबूत करेगा। 2025 के समझौते के बाद दोनों के बीच सैन्य और खुफिया सहयोग बढ़ा है। यूक्रेन में रूस ईरानी ड्रोन के बदले खुफिया जानकारी और कुछ मदद भी दे सकता है। कमजोर होती ईरान सरकार रूस पर ज्यादा निर्भर हो सकती है, जिससे पश्चिम एशिया में उसका प्रभाव बढ़ेगा। फिर भी इसे रूस की बड़ी ताकत मानना गलत होगा, क्योंकि वह इन हमलों को रोक नहीं पाया और न ही ईरान की रक्षा कर सका। इससे साफ है कि सहयोग के बावजूद रूस सीधे सैन्य हस्तक्षेप से बचना चाहता है।

मुश्किल भी । कहा जा रहा है कि यह संकट लंबे समय में रूस के खिलाफ भी जा सकता है। अगर ईरान की सरकार गिरती है या उसे अमेरिका के साथ समझौता करना पड़ सकता है, तो रूस अपना एक अहम सहयोगी खो देगा। बशर अल-असद के कमजोर होने के बाद सीरिया में उसकी स्थिति पहले ही कमजोर चुकी है। साथ ही, हमलों में ईरानी ड्रोन बनाने की फैक्टरियों को नुकसान होने से रूस को मिलने वाली सैन्य सप्लाई भी रुक सकती है।

बदलती भू-राजनीति

- तेल-गैस की कमाई से रूसी अर्थव्यवस्था को मिला सहारा
- वेस्ट का ध्यान हटने से कमजोर पड़ सकता है यूक्रेन
- मौजूदा संकट से और करीब आएंगे रूस और ईरान

तात्कालिक फायदे । असल में, रूस तेल से ज्यादा कमाई, पश्चिम का ध्यान बांटकर और ईरान पर असर बढ़ाने जैसे तात्कालिक फायदे लेना चाहता है। इसलिए, यह रणनीति जोखिम भरी है। लंबा संघर्ष क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ा सकता है और रूस के निवेश व प्रभाव को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर अमेरिका-इस्राइल जल्दी सफल होते हैं, तो वेस्ट का ध्यान फिर से यूक्रेन पर जा सकता है।

स्थिति अस्पष्ट । भले ही अभी अलग-अलग रूप से रूस को फायदा मिलता दिख रहा है, लेकिन यह स्थिति हमेशा ऐसी नहीं रहने वाली। इतिहास गवाह है कि बाहरी संघर्ष बड़े देशों को कुछ समय के लिए फायदा देते हैं, पर लंबे समय तक नहीं टिकते। रूस अभी फायदा उठा रहा है, लेकिन क्या वह इसे स्थायी ताकत में बदल पाएगा, यह अभी साफ नहीं है।

(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)

AI Image

बीमारी न बन जाए दवा

डायबिटीज और मोटापे के इलाज में कारगर सेमाग्लूटाइड का पेटेंट खत्म हो गया। इससे सस्ती जेनरिक दवाओं की एंट्री होगी। इलाज के अवसर तो बढ़ेंगे, लेकिन कुछ सावधानी भी जरूरी है।

5 पॉइंट

1 सस्ते विकल्प आएंगे
सेमाग्लूटाइड का पेटेंट खत्म होते ही ओजेम्पिक (Ozempic) और विगोवी (Wegovy) के सस्ते विकल्प बाजार में आएंगे। अभी ये महंगी हैं, इसलिए इनकी पहुंच भी सीमित है। उपलब्धता बढ़ने से कोई खरीद सकेगा।

2 स्लिम बनने की चाह
अभी मोटापा और डायबिटीज कम करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है। सस्ती होने पर लोग स्लिम होने के लिए भी इसे लेने लगेंगे। इससे दवा का मूल उद्देश्य प्रभावित हो सकता है।

3 अन्य बीमारियों का जोखिम
सस्ती GLP-1 दवाएं लाखों मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। मगर, विशेषज्ञों का कहना है कि बिना जरूरत इसके सेवन से लंबे समय में किडनी या थायराइड जैसी बीमारियों का भी जोखिम है।

4 एंटीबायोटिक्स जैसा हाल
चिंता है कि एंटीबायोटिक्स की तरह लोग इसे भी ओवर-द-काउंटर यानी बगैर प्रिस्क्रिप्शन के खरीदने लगेंगे। क्लीनिक, वेलनेस सेंटर और अनौपचारिक सप्लाई चेन इसे प्रोत्साहित करेंगे, जिससे दुरुपयोग का खतरा है।

5 सख्त नियमन की दरकार
सरकार, डॉक्टरों-अस्पतालों और उद्योग को दवा वितरण के कड़े नियम बनाने होंगे। सही मरीजों तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। गलत उपयोग, ओवर सेल पर निगरानी जरूरी होगी।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

www.nbt.in

गमला बन गया CCTV कैमरा

कुछ दिनों पहले एक कब्रिस्तान के सामने से गुजर रहा था तो वहां लगे बोर्ड पर नजर गई, आप कैमरे की नहीं, अल्लाह की नजरों में हैं। पिछले साल कुंभ मेले में जब एक दिन में करोड़ों के स्नान की बात आने लगी थी तब दुनिया हैरत में थी कि गिना कैसे? जवाब आया था- AI से। एक हिंदी फिल्म आई थी, उसमें हीरो भागकर मुंबई चला जाता है। उसके राजनीतिक रसूख वाले चाचा से पुलिस अफसर कहता है कि लड़के का कोई फोटो दिलवाइए, नहीं तो इतने बड़े शहर में ढूंढेंगे कैसे। वह तुरंत पलट कर पुलिसवाले से पूछता है, क्यों जब फोटो नहीं खींचे जाते थे, तब क्या लड़के नहीं ढूंढे जाते थे?

दुनिया में CCTV कैमरा नमूदार होने और AI के जलवे के बीच के दौर में दुनिया में कोरोना आया था। उस समय घर से निकलना बंद था, हालांकि शहरों में जरूरी सामानों के दुकानदारों और गांवों में किसानों को इससे छूट थी। लेकिन कई बंदिशें तब भी लागू थीं और लोग महामारी की चपेट में आ रहे थे। ऐसे दौर में जब वर्क फ्रॉम होम की सुविधा उपलब्ध होने की वजह से मैं करीब दस महीने घर रहा था। अपने खाने लायक खेती आज भी हमारी होती है। उस समय मैंने वहां रहते हुए यह तय किया कि इस बार सोनाचूर की जगह काला नमक धान बोएंगे। चूंकि इसके बारे में काफी चर्चा सुन चुका था। अब काला नमक का बीज आए कहां से? बीज आया यूपी के सिद्धार्थ नगर से। वहां से सड़क मार्ग से लखनऊ, फिर वायु मार्ग से पटना और सड़क मार्ग से बक्सर। हालांकि बीज में कुछ फॉल्ट निकला और इसे दोबारा गोरखपुर से मंगाना पड़ा। खैर, खेती शुरू हुई। दिक्कत यह थी कि मैं जिला मुख्यालय में था और गांव वहां से पंद्रह किमी दूर। उसी दौर में मुझे कोरोना हो गया। बाहर निकलना बंद। मैंने CCTV कैमरे को ध्यान में रखकर सोचा। इसके बाद कुछ बीज पास रखकर बाकी गांव भिजवा दिया गया। जिस दिन गांव में बीज पड़ा, उसी दिन मैंने एक छोटे से डब्बे में कुछ बीज डाल कर नर्सरी बनाई। उधर, जिस दिन नर्सरी से उखाड़ कर धान खेत में रोपे गए, उस दिन मैंने पौधे उखाड़ कर नादनुमा गमले में रोप दिए। जितनी बढ़त यहां पौधों की हो रही थी, उससे बिना खेत में गए यह अंदाजा लग रहा था कि वहां पौधों की ग्रोथ कैसी है? समझिए यह गमला CCTV कैमरा ही था। अब गांव में फोन पर बात करने में मजा आने लगा था। आज तो पौधे दो फुट तक लंबे हो गए हैं। हो गए होंगे कि जगह हो गए हैं, सुनकर गांव में लोगों को आश्चर्य होता था। कैमरे का राज बहुत दिनों तक नहीं खुला। इसी दौरान मैंने नाद वाले गमले का फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर इतना ही लिखा- CCTV। आज भी मेरे कई साथी फोन कर उसका अर्थ पूछते हैं।

खुद अपनी आंख से

नवीन कृष्णा

चलते-चलते...

एक हालिया रिसर्च बताती है कि मलेरिया के लिए जिम्मेदार परजीवी Plasmodium falciparum में 'रॉकेट इंजन' की तरह एक सूक्ष्म सिस्टम होता है। इसकी कोशिका में मौजूद छोटे-छोटे लौह (हीम) क्रिस्टल तेजी से घूमते रहते हैं। इन क्रिस्टल को हाइड्रोजन पेरॉक्साइड के पानी और ऑक्सीजन में टूटने से एनर्जी मिलती है। इसी की वजह से इस परजीवी पर केमिकल्स का असर नहीं होता।

निष्पक्ष होना काफ़ी नहीं, दिखना भी ज़रूरी

*चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच का रिश्ता इस समय सबसे निचले स्तर पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लेकर आया है। SIR को लेकर उसके सवाल हैं और आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह। इस बीच 5 राज्यों के चुनाव भी होने हैं। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने **अजय प्रताप तिवारी** के साथ बातचीत में माना कि केवल सही निर्णय लेना पर्याप्त नहीं है, जनता और विपक्ष का भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता भी जरूरी है।*

सप्ताह का इंटरव्यू

ओ.पी. रावत

> cVIGIL जैसे डिजिटल सुधार और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की नई प्रक्रिया सकारात्मक कदम है, लेकिन राजनीतिक दबाव के बीच अपनी स्वायत्तता बरकरार रखना आयोग के लिए आज बड़ी चुनौती है।

■ **विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। क्या इससे आयोग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है या महज राजनीतिक असहमति है?**

विपक्षी दलों के ऐसे कदम से विश्वसनीयता पर असर पड़ता है। संवैधानिक संस्थाओं के बारे में आम राय होती है कि वे हमेशा कमजोर पक्ष यानी विपक्ष के साथ सहानुभूति बरतेंगी। शक्तिशाली अपने बल से अपना काम करवा लेता है, लेकिन कमजोर को यह भरोसा होना चाहिए कि संस्था उसके साथ न्याय करेगी और निष्पक्ष रहेगी।

■ **चुनावों से ऐन पहले SIR कराने पर कई सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि सत्तारूढ़ पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा। आपके ख्याल से ऐसी प्रक्रियाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए किन मानकों का पालन करना चाहिए?**

चुनाव आयोग के लिए Special Intensive Revision कानूनी बाध्यता है और उन्हें यह करना होता है। मतदाता सूची में संशोधन चुनावों से पहले ही होता आया है। इसलिए, इसमें आयोग की कोई गलती नहीं। यह उनका काम है। हां, जिन तरीकों पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं, उन पर गंभीरता से सोचना होगा। निष्पक्षता साबित करने के लिए सबसे पहले आपको निष्पक्ष दिखना होगा। उत्तर प्रदेश में SIR की तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई, मगर अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। वहां के मुख्यमंत्री तक ने कह दिया कि हमारे 4 करोड़ मतदाताओं के नाम कट गए। इसी पर विपक्ष ने कहा उनके लिए मियाद बढ़ाई गई है। निश्चित रूप से इससे आयोग की छवि को नुकसान पहुंचा है। किसी भी संवैधानिक संस्था को हमेशा अपनी विजिबिलिटी पर ध्यान देना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि केवल हमें लगे कि हम निष्पक्ष निर्णय ले रहे हैं और जनता का भरोसा खोते रहें।

■ **संवैधानिक संस्था होने के बावजूद अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर जनता भी सवाल पूछ रही है। आयोग के लिए यह स्थिति कितनी चुनौतीपूर्ण है?**

आयोग के जिन फैसलों का विरोध हो रहा है, उसे उस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अगर कोई राजनीतिक दल विरोध जता रहा है, तो तुरंत उसकी जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। इससे लोगों को भरोसा होगा कि आयोग निष्पक्ष है।

■ **पश्चिम बंगाल समेत 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव की घोषणा की गई है। इसमें क्या चुनौती हो सकती है, खासकर बंगाल में?**

चुनाव के वक्त आयोग के सामने कई चुनौतियां रहती हैं। आयोग की हमेशा कोशिश रहती है कि किसी भी राज्य में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो जाए। वहां भी चुनाव आयोग ऐसा ही करेगा।

■ **क्या कुछ बरसों में आयोग पर राजनीतिक दबाव बढ़ा है या यह स्वाभाविक स्थिति है?**

पूरी दुनिया में जहां भी लोकतंत्र है, वहां यह स्वाभाविक स्थिति है। चुनाव आयोग ने शुरू से बिना किसी प्रभाव के काम किया है। पूरी दुनिया में भारत के चुनाव आयोग की छवि साफ-सुथरी रही है। इसलिए आगे भी ऐसी स्थिति बरकरार रखने के लिए आयोग और उनके अधिकारियों को तय करना होगा कि हमेशा सही निर्णय लेना भर पर्याप्त नहीं है, आपके फैसले पूरी तरह निष्पक्ष दिखने चाहिए।

■ **विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि चुनाव में अनियमितता की शिकायतों की जांच में देरी होती है। इसके कारण क्या है?**

देरी के कई कारण हो सकते हैं। चुनाव आयोग का cVIGIL एप्लिकेशन काफी प्रभावी है। लोगों की शिकायत दर्ज करने और उन पर कार्रवाई करने के लिए इसे तैयार किया गया है। इसके जरिये शिकायतकर्ता जान सकता है कि उसकी शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई। आयोग ने इसके लिए 100 मिनट की समयसीमा तय की है। 2019 के लोकसभा चुनावों में cVIGIL के बेहतरीन परिणाम मिले थे। अभी जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

■ **चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और उनकी जवाबदेही को और मजबूत कैसे किया जाए?**

अब तक किए गए सुधार सही दिशा में हैं। पहले सरकार चुनाव आयुक्त नियुक्त करती थी, लेकिन अब समिति बनाई गई है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष भी शामिल होते हैं। इससे निष्पक्षता बढ़ी है। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। इससे चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हुई है।

रीडर्स मेल

संघर्ष का असर

20 मार्च का संपादकीय 'गहराता ऊर्जा संकट' पढ़ा। यदि इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला वहां की सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से किया है, तो निकट भविष्य में यह लक्ष्य पूरा होता नहीं दिखता। लेकिन इस संघर्ष ने दुनिया को एक बड़े ऊर्जा संकट के खतरे का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में से एक साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इससे गैस उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है, जिसका असर वैश्विक आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे देशों के लिए इसके परिणाम चिंताजनक हो सकते हैं। उर्वरक, इस्पात और रसायन उद्योग गैस पर काफी निर्भर हैं- ऐसे में इनकी रफ्तार धीमी पड़ सकती है या उत्पादन ठप भी हो सकता है।

बाल गोविंद, नोएडा

युद्ध की नीति

18 मार्च का संपादकीय 'ताक पर मानवता' अत्यंत प्रासंगिक है। आज पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के हालात को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानवता कहीं खोती जा रही है। युद्ध अब केवल शक्ति प्रदर्शन और विनाश का साधन बनकर रह गए हैं। महाभारत के 'शांति पर्व' में भीष्म पितामह ने 'धर्म-युद्ध' की स्पष्ट मर्यादाएं निर्धारित की थीं, जो आज के वैश्विक नेतृत्व के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख हो सकती हैं। जो युद्ध नहीं कर रहा हो, जो भयभीत हो या निहत्था हो, उस पर प्रहार करना अधर्म है। युद्ध का उद्देश्य शत्रु का विनाश होना चाहिए, मानवता का नहीं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध का प्रभाव आम जनजीवन पर न्यूनतम पड़े। जीत का अहंकार और प्रतिशोध की भावना न्याय को अंधा कर देती है। युद्ध का अंत शांति की स्थापना के लिए होना चाहिए, न कि शत्रु के पूर्ण समूल नाश के लिए।

अभय खन्ना, ग्रेटर कैलाश

13 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली
शनिवार, 21 मार्च 2026

NBT GOOD न्यूज़

आत्मविश्वास का आइना है मुस्कान
मुस्कुराने वाले लोग अक्सर ज्यादा आत्मविश्वासी और भावनात्मक रूप से मजबूत माने जाते हैं। कई बार वे अंदर से घबराए होते हैं, फिर भी उनकी मुस्कान उन्हें मजबूत और भरोसेमंद दिखाती है।

विचार

जितना अधिक आप जीवन में मौजूद चीजों के लिए कृतज्ञता महसूस करते हैं, उतना ही जीवन आपको मुस्कुराने और जश्न मनाने के नए कारण देता जाता है।
- ओपरा विन्फ्रे (Oprah Winfrey)

ज़रा हंस लें

जेलर ने कैदी को फांसी पर लटकाने से पहले पूछा: तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है? कैदी: हां है, मुझे फांसी देते वक्त मेरा सिर नीचे और पैर ऊपर रखना!

कविता : खुशी - एक छोटा सा दीप

जब सुबह की पहली किरण
धीरे से आंगन छू जाए
मन की सूनी देहरी पर
एक हल्की सी मुस्कान जगाए।

खुशी कोई चीज नहीं है
जो बाजारों की चमक से पाए
वह तो चुपके से खिल कर
मन को भीतर से कोमल बनाए।

कभी मां की ममता बनकर
थाली में रोटी रख जाए
कभी दोस्तों की हंसी बन
थकी हुई सांसें सहलाए।

कभी पत्तों की सर-सर में
कभी बादल की छाया में पाए
कभी बच्चों की किलकारी में
कभी सपनों की मधा में आए।

इसलिए मन में सच्चाई जगाएं
और उम्मीदों के दीप जलाएं
तब जीवन की हर सांसों में
खुशी की धुन गूंजती जाए।

- संदीप रावत, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

दिल्ली-NCR में को-पैरेंटिंग का नया ट्रेंड, दोस्त और सहकर्मी मिलकर उठा रहे हैं ज़िम्मेदारी

बिज़ी लाइफ... दो घर मिलकर पाल रहे पेट्स

Ipsita.Pati@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली-एनसीआर की तेज रफ्तार जिंदगी में अब रिश्तों के नए तरीके भी सामने आ रहे हैं। ऊंची इमारतों, लंबे ऑफिस घंटों और भागदौड़ भरे शेड्यूल के बीच लोग पालतू जानवरों को अकेले पालने के बजाय मिलकर उनकी जिम्मेदारी उठा रहे हैं। इस नए ट्रेंड को 'को-पैरेंटिंग' कहा जा रहा है, जिसमें दो या उससे ज्यादा लोग मिलकर एक डॉगी की देखभाल करते हैं, ताकि उसे समय, प्यार और सही देखभाल मिल सके।

गुरुग्राम के सेक्टर 86 में रहने वाली गोल्डन रिट्रीवर 'होप' इसकी एक मिसाल है। उसे कैफे मालिक अतीक उलजम्मा और आईटी प्रोफेशनल गौतम सेठी मिलकर पाल रहे हैं। दोनों की मुलाकात पहले ग्राहक और मालिक के तौर पर हुई थी, जो बाद में दोस्ती में बदल गई। पालतू जानवरों के प्रति अपने प्यार के कारण उन्होंने होप को साथ मिलकर पालने का फैसला किया।

होप की देखभाल के लिए एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें करीबी दोस्त भी जुड़े हैं। इसी के जरिए तय होता है कि किस दिन कौन उसे घुमाने ले जाएगा, ग्रूमिंग कराएगा या डॉक्टर के पास ले जाएगा। कभी होप कैफे में रहता है तो कभी साकेत में गौतम के घर। अतीक मानते हैं कि इससे न सिर्फ होप खुश रहती है, बल्कि लोगों में भावनात्मक जुड़ाव भी बनता है।

ऐसी ही कहानी डॉगी 'मर्फी' की भी है, जिसे भद्र और इशा मिलकर पालते हैं। मर्फी हफ्ते के दिन भद्र के पास और वीकेंड पर इशा के घर रहता है। दोनों ने उसकी दिनचर्या एक जैसी रखी है, ताकि उसे किसी तरह की परेशानी न हो।

सोशल मीडिया के जरिए भी अब लोग ऐसे मॉडल से जुड़ रहे हैं। खासकर न्यूक्लियर परिवारों और अकेले रहने वालों के लिए यह एक आसान और संवेदनशील विकल्प बनकर उभर रहा है।

TOI

1. शिल्पी अपने डॉगी किकी के साथ 2. अतीक और गौतम होप के साथ 3. वर्षा और एसी मिलकर डॉगी गुनु को पाल रही हैं

मजबूरी से बना साथ, अब देखभाल की मिसाल

कभी-कभी डॉगी की को-पैरेंटिंग हालात के चलते अचानक शुरू हो जाती है। फ्लाइट अटेंडेंट शिल्पी सिंह को गुरुग्राम की सोसाइटी में एक 15 दिन का कमजोर पिल्ला मिला, जिसे उन्होंने बचाया। शुरुआत में इसे अस्थायी तौर पर रखने का सोचा गया था, लेकिन जब पता चला कि इसे लेने वाला व्यक्ति उसे मारने की बात कर रहा है, तो शिल्पी ने उसे अपने पास ही रख लिया। बाद में उन्होंने सहकर्मी अर्जुन मेहता को साथ जोड़ा और दोनों ने मिलकर 'किकी' की देखभाल शुरू की। दोनों अपने बदलती ड्यूटी रोस्टर के अनुसार जिम्मेदारियां बांटते हैं और शहर से बाहर होने पर सहायक की मदद लेते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, को-पैरेंटिंग तभी सफल होती है जब जिम्मेदारियां साफ हों और डॉगी को स्थिर माहौल मिले।

कभी 5 रुपये की दिहाड़ी मजदूरी की, ऑक्सफोर्ड में अब देंगे लेक्चर

कभी दिहाड़ी मजदूर रहे 57 वर्षीय रविंद्र मेटकर अब ऑक्सफोर्ड में दिखाएंगे कमाल, एआई कॉन्फ्रेंस में बताएंगे खेती के नए तरीके

Viraj.Deshpande@timesofindia.com

■ नागपुर: कभी दिनभर खेतों में मेहनत करने के बदले सिर्फ 5 रुपये कमाने वाला एक लड़का आज उसी की कहानी दुनिया के सामने रखने वाला है। रविंद्र मेटकर महाराष्ट्र के अमरावती जिले के म्हसला गांव के रहने वाले 57 साल के किसान रविंद्र मेटकर अब यूके की यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में होने वाले इंटरनेशनल AI कॉन्फ्रेंस में अपनी कहानी साझा करेंगे।

ये सिर्फ एक किसान की कहानी नहीं है बल्कि जिद, मेहनत और सोच बदलने की ताकत की कहानी है। रविंद्र मेटकर का बचपन आसान नहीं था। उनके पिता एक हेड-4 सरकारी कर्मचारी थे और घर की हालत कमजोर थी। 1984 में, जब वो किशोर थे, तब उन्होंने एक फार्महाउस में काम किया, जहां महीने के सिर्फ 150 रुपये मिलते थे। लेकिन उन्होंने हालात को अपनी किस्मत नहीं बनने दिया।

उन्होंने अमरावती यूनिवर्सिटी से कॉमर्स में मास्टर्स किया और फिर 1994 में जिंदगी ने एक नया मोड़ लिया। रिश्तेदारों ने परिवार को 4 एकड़ जमीन दी, जिसे बेचकर उन्होंने भाड़ा लिया है। 1 एकड़ जमीन खरीदी। मेटकर ने जल्दी ही समझ लिया कि सिर्फ किसान बाजार के दम बढ़िया नहीं कर सकता लेकिन खर्च जरूर कम कर सकता है। यहीं से शुरू हुई उनकी असली यात्रा। उन्होंने फैसला किया कि वे महंगे फर्टिलाइजर नहीं खरीदेंगे, बल्कि खुद बनाएंगे। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी खेती को एक मॉडल में बदल दिया, जहां लागत कम और उत्पादन ज्यादा हो।

आज 1 एकड़ से 50 एकड़ तक का सफर: आज रविंद्र मेटकर अपने गांव में करीब 50 एकड़ जमीन पर खेती कर रहे हैं। उनके खेतों में आम, मौसंबी, आंवला, केला, सुपारी और अनाज उगता है। सिर्फ खेती ही नहीं, उन्होंने एक बड़ा पोल्ट्री फार्म भी खड़ा किया है, जहां बाजार से फीड खरीदने की जगह खुद तैयार किया गया फीड इस्तेमाल होता है। खेत का कचरा फिर से खाद बनकर खेत में लौटता है, यानी पूरा सिस्टम सेल्फ सस्टेनेबल है।

15 करोड़ का एग्रीकल्चर एंटरप्राइज

आज उनका मॉडल ₹15 करोड़ का टर्नओवर देने वाला एग्रीकल्चर एंटरप्राइज बन चुका है। उन्होंने देश के 50 लाख से ज्यादा किसानों को गाइड किया है। मई 1 से 5 तक सेंट कॉलेज, ऑक्सफोर्ड में होने वाले ग्लोबल रिसर्च कॉन्फ्रेंस में वह एआई फॉर एग्री माइंड थीम के तहत सस्टेनेबल फार्मिंग, कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन, क्लाइमेट-रेसिलिएंट प्रैक्टिसेज और पोल्ट्री एंटरप्रेन्योरशिप पर बात करेंगे।

चाहे कुछ भी हो, लाइफ में मुस्कुराते रहना ज़रूरी है!

जुहू बीच पर चार्ली चैपलिन बने अकरम खान की मुस्कुराहट के पीछे एक पिता का गहरा संघर्ष छिपा है। मुश्किलों के बीच भी दूसरों को खुशी बांटने का उनका यह हुनर जुहू बीच पर आने वाले हर चेहरे पर मुस्कान ला रहा है।

लैंडफिल और ई-वेस्ट: नवजोत अल्ताफ की कला बयां करती है कि क्यों उजड़ रहे हैं लैंडस्केप

कूड़े के पहाड़ों की कहानी कैनवस पर कही

Joeanna.Fernandes@timesofindia.com

■ मुंबई: नवजोत अल्ताफ के लिए लैंडफिल का पहला अनुभव किसी शहर में नहीं, बल्कि बस्तर के जंगल में हुआ। वह 'कोयला सत्याग्रह' के कार्यकर्ताओं के साथ महानदी की एक सहायक नदी के पास रुकी। खूबसूरत नजारे के बीच उन्हें एक बड़ा गड्ढा दिखा, जो ई-कचरे-टूटे टीवी, रेडियो और तारों-से भरा था। 1997 से बस्तर में काम कर रही अल्ताफ ने महसूस किया कि जंगल भी शहरों जैसे कचरे से भर रहे हैं।

वह लैंडफिल को सिर्फ कचरा नहीं, बल्कि इंसानी इच्छाओं का इतिहास मानती हैं, जहां कार्डबोर्ड, बैटरियां और प्लास्टिक आज और भविष्य दोनों की कहानी कहते हैं। इसी सोच को उन्होंने अपनी एग्जिबिशन 'वेस्ट आर्काइव्स ऐंड लैंडस्केप' में पेश किया, जो छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय में लगी है। इसे पूजा वैश ने क्यूरेट किया है, जिसमें 30 गुआश पेंटिंग्स, दो इंस्टॉलेशन और दो वीडियो शामिल हैं।

SL Shanth Kumar

लैंडफिल में दर्ज है इंसानी आदतें, कचरे को नए नजरिए से दिखाती हैं नवजोत

समस्याएं की उजागर

'टेक-मेक-वेस्ट' इंस्टॉलेशन संसाधनों के दोहन से कचरे तक की प्रक्रिया दिखाता है और अमीर देशों द्वारा गरीब देशों में कचरा भेजने की समस्या को उजागर करता है। अल्ताफ के अनुसार, लैंडफिल अब ऐसे लैंडस्केप बन गए हैं, जो बायोडायवर्सिटी को खत्म कर रहे हैं। देवनार, कांजुरमार्ग और पीराना लैंडफिल पर उनके काम, खासकर 'इंस्टैंट' वीडियो, इस संकट को सामने लाते हैं। 'सील ब्रेथ विंड' और 'बारासबा' की तरह उनका नया काम भी चेतावनी देता है कि उत्पादन, खपत और कचरे के इस चक्र में हम सभी जिम्मेदार हैं।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

93.53 के रेकॉर्ड निचले स्तर पर रु.

■ पीटीआई, मुंबई: विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसा निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से शुक्रवार को भारतीय रुपया 64 पैसे टूट गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 93.53 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 93.34 रहा।

Flipkart के CFO ने छोड़ा पद

■ पीटीआई, नई दिल्ली: ई-कॉमर्स कंपनी Flipkart ने शुक्रवार को बताया कि उसके ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) श्रीराम वेंकटरमन अपने पद से हट रहे हैं। बयान में बताया गया कि कंपनी के सीएफओ रवि अय्यर पूरे फाइनेंस विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। बयान के मुताबिक, निशांत वर्मन कंपनी में वापस लौट रहे हैं।

भारत-कुवैत के बीच हवाई सेवा शुरू

■ NBT रिपोर्ट: Jazeera एयरवेज ने भारत और कुवैत के बीच फिर से कनेक्टिविटी शुरू करके एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। 'प्रोजेक्ट वंदे भारत' के तहत भारत के आठ शहरों (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नै, दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम) से कुवैत के लिए उड़ानें शुरू की गई हैं। यह सफर सऊदी अरब के हफर अल बातिन में स्थित कैसुमा एयरपोर्ट (AQI) के जरिए पूरा होगा।

नियुक्ति

नटराजन ने SAIL में संभाला पद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: टी एन नटराजन ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के निदेशक (वाणिज्यिक) का पदभार संभाला। नटराजन के पास उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और विक्रय के क्षेत्र में 32 वर्षों से अधिक का लीडरशिप अनुभव है। वह वर्ष 1993 में एक मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में सेल में शामिल हुए थे।

नया इनकम टैक्स नियम 1 अप्रैल से लागू, नोटिफिकेशन जारी

PAN बिना साल में 10 लाख तक कैश लेन-देन

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) ने शुक्रवार को इनकम टैक्स ऐक्ट, 2025 के लिए नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इनमें नौकरीपेशा लोगों को मकान किराये (HRA) पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया गया है। ये नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएंगे।

नए नियमों में अब एक वित्तीय वर्ष में 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश निकालने या जमा करने पर पैन कार्ड देना अनिवार्य होगा। फिलहाल, एक दिन में 50,000 रुपये से ज्यादा जमा करने पर ही पैन की जरूरत होती है। गाड़ी खरीदने के मामले में, अगर कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा है तो पैन देना होगा। पुराने नियमों में टू-वीलर के लिए पैन की जरूरत नहीं थी और कारों के लिए यह हर कीमत पर जरूरी था।

होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट के 1 लाख रुपये से ज्यादा के बिल पर भी पैन कार्ड अनिवार्य होगा। पहले यह लिमिट 50,000 रुपये थी।

AI Image

आप ईमानदार हैं, तो सिस्टम आपकी जिंदगी आसान बनाएगा। कर चोरी करेंगे तो सिस्टम आपको पकड़ लेगा।
–निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

वहीं, प्रॉपर्टी खरीदने, बेचने या गिफ्ट देने के मामले में अब 20 लाख रुपये से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर पैन देना होगा, जो पहले 10 लाख रुपये था। वहीं, नौकरीपेशा लोगों के लिए HRA छूट का पुराना ढांचा बरकरार रखा गया है। लेकिन 50 फीसदी टैक्स छूट के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या दोगुनी कर दी गई है।

अहम बातें

- **कैश** ट्रांजैक्शन, कार, प्रॉपर्टी, होटल बिलों के लिए पैन कार्ड देने की लिमिट बढ़ाई गई है।
- **कैश** डिपॉजिट/विड्रॉल पैन लिमिट: साल में 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा।
- **प्रॉपर्टी** ट्रांजैक्शन पैन लिमिट: 20 लाख रुपये से ज्यादा।
- **होटल** बिल पैन लिमिट: 1 लाख रुपये से ज्यादा।
- **कार** खरीद पैन लिमिट: 5 लाख रुपये से ज्यादा।
- **क्रिप्टो** एक्सचेंजों के लिए टैक्स विभाग को जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है।
- **इलेक्ट्रिक** गाड़ियों (EVs) को भी अब टैक्स बेनिफिट के मामले में छोटी कारों के बराबर दर्जा दिया गया है।
- **HRA** छूट: 8 शहरों में 50%

फरवरी में कोर सेक्टर की रफ्तार तीन महीने में कम

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश के आठ मुख्य बुनियादी (इंफ्रास्ट्रक्चर) क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि फरवरी में घटकर 2.3 फीसदी रह गई। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। इसकी मुख्य वजह कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में आई गिरावट है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल इसी महीने (फरवरी) में इन आठ क्षेत्रों की विकास दर 3.4 फीसदी थी।

इस साल फरवरी में खाद, सीमेंट और बिजली उत्पादन की विकास दर भी गिरकर क्रमशः 3.4 फीसदी, 9.3 फीसदी और 0.5 फीसदी रह गई। हालांकि, इस दौरान कोयला और स्टील के उत्पादन में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अगर इस पूरे वित्तीय वर्ष (अप्रैल से फरवरी तक) की बात करें, तो इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कुल उत्पादन वृद्धि 2.9 फीसदी रही है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में यह 4.4 फीसदी थी।

IT-PSU बैंकों में तेज़ी से चढ़ा शेयर बाज़ार, पर चिंता कायम

सेंसेक्स-निफ्टी करीब आधा फीसदी बढ़त के साथ हुए बंद

NBT 2 मिनट में पढ़ें

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को रिकवरी देखने को मिली। IT, PSU बैंकों और मेटल शेयरों में जमकर हुई खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी करीब आधा फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ने की चिंता अब भी बरकरार है। इस कारण बाजार अपनी दिन भर की पूरी बढ़त को कायम नहीं रख सका। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल के दाम बढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.88% बढ़कर 110.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44%) बढ़कर 74,532.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,079.15 अंक (1.45%) तक उछलकर 75,286.39 पर पहुंच गया था। इसी तरह, NSE निफ्टी 112.35 अंक (0.49%) चढ़कर 23,114.50 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 343 अंकों की छलांग लगाई थी।

HDFC में गिरावट जारी: HDFC बैंक के शेयरों में शुक्रवार को 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट बैंक के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफा देने के बाद आई है। BSE पर बैंक के शेयर 2.41 फीसदी गिरकर 780.45 रुपये पर बंद हुए। गुरुवार को भी HDFC बैंक के शेयरों में 5 फीसदी से ज्यादा की बड़ी गिरावट आई थी।

युद्ध का असर

- **रफ्तार धीमी:** सेंसेक्स दिन में 1000 अंक से ज्यादा उछला था, लेकिन अंत में बढ़त केवल 325 अंक रह गई।
- **सेंसेक्स:** 325.72 अंक चढ़ा
- **निफ्टी:** 112.35 अंक चढ़ा
- **ब्रेंट क्रूड:** 110.7 डॉलर/बैरल
- **1,800** रुपये की बढ़त चांदी की कीमतों में
- **650** रुपये : सोने में गिरावट
- **मिडकैप** : 0.97% की तेजी
- **स्मॉलकैप** : 0.32% गिरावट

नंबर शेयर किए बिना कर सकेंगे WhatsApp चैट

AI Image

■ NBT रिपोर्ट: WhatsApp अपने प्लैटफॉर्म में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही यह फोन नंबर की जगह 'यूजरनेम' और 'यूनिक आईडी' (Unique ID) पर शिफ्ट हो जाएगा। ET को मिली जानकारी के मुताबिक, इस बदलाव के बाद यूजर्स अपना मोबाइल नंबर शेयर किए बिना ही मैसेज भेज सकेंगे और वॉयस या वीडियो कॉल कर सकेंगे। उम्मीद है कि इस साल जून तक WhatsApp इसे दुनिया भर में लागू कर देगा। इंस्टाग्राम की तरह ही आम लोग और बिजनेस अपने लिए खास 'हैंडल' (जैसे: 'HDFC Bank' या 'Ben Clark') रिजर्व कर सकेंगे।

फोन नंबर की जगह 'यूजरनेम' से होगी बात

WhatsApp ने भी इस खबर की पुष्टि की है। कंपनी के प्रवक्ता ने ET को बताया कि हम भविष्य में WhatsApp पर यूजरनेम फीचर लाने के लिए उत्साहित हैं। इससे लोग अपना फोन नंबर शेयर किए बिना नए दोस्तों, ग्रुप्स और बिजनेस से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह फीचर प्राइवेसी की एक और परत जोड़ेगा और WhatsApp पर बिजनेस से संपर्क करना आसान बनाएगा।

WhatsApp इसे एक ऑप्शनल प्राइवेसी फीचर के तौर पर पेश करेगा। यूजर्स के पास यह विकल्प होगा कि वे अपना फोन नंबर इस्तेमाल करना जारी रखें या यूजरनेम पर शिफ्ट हो जाएं।

WhatsApp बिजनेस कंपनियों के लिए 'डायनामिक प्राइसिंग' भी शुरू करने जा रहा है। कंपनियों को मार्केटिंग मैसेज भेजने के लिए रीयल-टाइम में बोली (Bid) लगानी होगी।

कॉरपोरेट में बढ़ा महिलाओं का दबदबा : स्टडी

■ NBT रिपोर्ट : भारतीय कंपनियों के बड़े और ऊंचे पदों (लीडरशिप रोल) पर महिलाओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। 'AIMA-KPMG विमन लीडरशिप इन कॉरपोरेट इंडिया' की दूसरी रिपोर्ट (2026) से ये जानकारी सामने आई है। इस रिपोर्ट को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने AIMA (ऑल इंडिया मैनेजमेंट असोसिएशन) के 70वें स्थापना दिवस कार्यक्रम पर जारी किया। स्टडी के मुताबिक, साल 2026 में सर्वे में शामिल 44% कंपनियों ने कम से कम 30% बड़े पदों पर महिलाओं को नियुक्त किया है। 2024 में ऐसी कंपनियां सिर्फ 35% थीं। जिन कंपनियों में 50% से ज्यादा बड़े पदों पर महिलाएं हैं, उनकी संख्या 12% से बढ़कर 20% हो गई है। AIMA प्रेसिडेंट और टाटा स्टील के CEO-MD टीवी नरेंद्रन ने कहा कि रिपोर्ट कंपनियों और नीति बनाने वालों को अहम जानकारी और सुझाव देती है।

स्मॉल-कैप हुए सस्ते, निवेश का सही समय है?

AI Image

■ NBT रिपोर्ट : दुनिया में चल रहे तनाव और अनिश्चितता का सबसे बुरा असर स्मॉल-कैप कंपनियों के शेयरों पर पड़ रहा है। ET के मुताबिक, स्मॉल-कैप शेयरों की वैल्यू में बड़ी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा गिरावट आई है।

इस समय BSE 500 इंडेक्स में शामिल 58.3% स्मॉल-कैप शेयर अपनी पिछले तीन साल की औसत कीमत (वैल्यूएशन) से नीचे कारोबार कर रहे हैं। वहीं, लार्ज-कैप और मिड-कैप सेगमेंट में ऐसे शेयरों की संख्या 50% से भी कम है। इसका मतलब है कि स्मॉल-कैप कंपनियों के शेयर, लार्ज कैप के मुकाबले बहुत तेजी से 'ओवरसोल्ड' जोन (जहां बिकवाली बहुत ज्यादा हो चुकी हो) में जा रहे हैं।

'स्मॉल-कैप शेयरों की वैल्यू में बड़ी कंपनियों के मुकाबले ज्यादा गिरावट'

अगर पिछले सात साल के औसत वैल्यूएशन को देखें, तो स्मॉल-कैप की 46% कंपनियां सस्ती (undervalued) नजर आ रही हैं। इसकी तुलना में लार्ज-कैप की 41% और मिड-कैप की 34% कंपनियां ही सस्ती हैं। अगर हम 10 साल की बात करें तो 42% स्मॉल-कैप शेयर सस्ते लग रहे हैं, जबकि लार्ज-कैप में यह आंकड़ा 37% और मिड-कैप में 39% है।

BSE 500 की सभी कंपनियों की बात करें, तो आधे से ज्यादा यानी 52% शेयर तीन साल के नजरिए से अपनी सही कीमत से नीचे हैं। सात साल के लिए यह आंकड़ा 41% और 10 साल के लिए 31% है।

इसके अलावा, टेक्निकल नजरिये से देखें तो फिलहाल 90% स्मॉल-कैप शेयर अपने 200 दिनों के औसत (200 DMA) से नीचे ट्रेड कर रहे हैं। इसकी तुलना में 63% लार्ज-कैप और 74% मिड-कैप शेयर ही इस स्तर से नीचे हैं। इससे पता चलता है कि स्मॉल-कैप शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट आई है।

इस विश्लेषण के लिए BSE 500 इंडेक्स की उन कंपनियों को लार्ज-कैप माना गया है जिनकी मार्केट वैल्यू 50,000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है। 20,000 करोड़ से 50,000 करोड़ रुपये के बीच मार्केट कैप वाली कंपनियों को मिड-कैप और बाकी कंपनियों को स्मॉल-कैप कहा गया है।

ग्लोबल टेंशन का असर

- BSE 500 इंडेक्स की आधे से ज्यादा स्मॉल-कैप कंपनियां अपने 3 साल के औसत वैल्यूएशन से नीचे हैं।
- तकनीकी चार्ट पर 90% स्मॉलकैप शेयर 200 दिनों के मूविंग एवरेज (DMA) से नीचे ट्रेड कर रहे हैं।
- **औसत टाइम के हिसाब से?**
- **3 साल** : 58.3% स्मॉल-कैप शेयर वैल्यूएशन से नीचे।
- **7 साल** : 46% स्मॉल-कैप शेयर सस्ते।
- **10 साल** : 42% शेयर सस्ते।
- **मार्केट कैप कैटिगरी?**
- **लार्ज-कैप**: 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा।
- **मिड-कैप**: 20,000 करोड़ से 50,000 करोड़ रुपये।
- **स्मॉल-कैप**: 20,000 करोड़ रुपये से कम।

हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नजर ट्रॉफी पर है। *-श्रेयस अय्यर, कप्तान, पंजाब किंग्स*

4 बोलर्स ने IPL में पारी में दो बार पांच-पांच विकेट निकाले हैं। इस लिस्ट में जेम्स फॉकनर, जयदेव उनादकट, जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. IPL में कुल कितने बोलर्स ने दो बार पारी में पांच-पांच विकेट लिए हैं?
A) 6 B) 2 C) 4 D) 5
2. भारत अरुण IPL की किस टीम के बोलिंग कोच हैं?
A) दिल्ली कैपिटल्स B) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु C) मुंबई इंडियंस D) लखनऊ सुपर जायंट्स

कल के जवाब
1. A) क्रिस गेल 2. B) राजस्थान रॉयल्स 2. C) नैवांडिले

लकी WINNERS

1 जितेंद्र अरोड़ा, रोहिणी, दिल्ली

2 सिद्धार्थ, गुरुग्राम, हरियाणा

3 निशा रहानी, कालकाजी, दिल्ली

4 कैलाश जांगिड़, झुंझुनूं, राजस्थान

5 सिद्धराज लोढ़ा, अंधेरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

तन्वी सेमीफाइनल में

■ **ऑर्लियंस:** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा ने ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर-300 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वॉर्टर फाइनल में जापान की नात्सुकी निदैरा को 21-14, 21-14 से हराया। मेंस डबल्स में में हरिहरन और एमआर अर्जुन की जोड़ी हारकर बाहर हो गई।

दिसंबर में होगा दौरा

■ **जोहानिसबर्ग:** भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम दिसंबर में साउथ अफ्रीका दौरे पर एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी। वनडे सीरीज नौ से 15 दिसंबर तक होगी, जबकि एकमात्र टेस्ट 20-23 दिसंबर से खेला जाएगा। यह दोनों टीमों के बीच चौथा टेस्ट होगा।

रिधिमा को खिताब

■ **नोएडा:** रिधिमा दिलावरी ने विमिंस प्रो-गोल्फ टूर के छठे चरण का खिताब जीत लिया। उन्होंने लगातार तीसरे दिन 71 का स्कोर किया। जैस्मीन शेखर दूसरे स्थान पर रहीं। रिधिमा का इस सीजन का तीसरा खिताब है।

पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हर्षित और सैम

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का नया सीजन शुरू होने में एक हफ्ते का समय बचा है और इस बीच कुछ टीमों को बड़ा झटका लगा है। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं तो कुछ के शुरुआती मैच में खेलने पर सस्पेंस है। ये सारे खिलाड़ी फास्ट बोलर हैं। हर्षित राणा टी20 वर्ल्ड कप से पहले प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह कोलकाता नाइटराइडर्स (KKR) के लिए बड़ा झटका है। इंग्लैंड के फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर सैम करन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे। **पथिराना भी चोटिल:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के दौरान हर्षित के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा। KKR के हेड कोच अभिषेक नायर ने कहा, 'यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित पिछले कुछ सीजन से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं।' श्रीलंका के पेसर मथीशा पथिराना की चोट ने भी नए सीजन से पहले KKR की रणनीति को गड़बड़ा दिया है। **विकल्प पर विचार:** राजस्थान टीम करन के विकल्प पर विचार कर रही है। भारत में टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे सैम को रॉयल्स ने चेन्नै सुपरकिंग्स से खरीदा था।

40 विकेट लिए हैं हर्षित राणा ने IPL में कुल 34 मैच खेलकर

IPL अपडेट

ऑस्ट्रेलिया की तिकड़ी पर सस्पेंस जारी

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार पेसर सीजन के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड IPL की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) आगामी व्यस्त सीजन को देखते हुए अपने तेज गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेजमेंट कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम साउथ अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि साल 2027 में वनडे वर्ल्ड कप होना है। एक रिपोर्ट में कहा गया, 'ये तीनों पेसर कुछ सप्ताह में लौटेंगे।' टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सीजन में एक ही टेस्ट खेला है, जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। दोनों ने टी20 वर्ल्ड कप में नहीं खेला था। स्टार्क ने पिछले एशेज टेस्ट खेले थे।

हर्षित राणा चोट की वजह से हुए बाहर

IPL 2026 POWER स्टैट्स

कीर्तिमान किंग कोहली

IPL में रनों का पर्याय बन चुके विराट कोहली ऐसे शिखर के करीब खड़े हैं, जहां आज तक कोई नहीं पहुंचा। वह लीग के इतिहास में 9000 रन पूरे करने वाले पहले बैटर बनने की दहलीज पर हैं। वह इस जादुई आंकड़े से मात्र 339 रन दूर हैं। यह पिछले 18 वर्षों की अटूट निरंतरता की कहानी है।

पसंदीदा स्टेडियम

स्टेडियम	रन	मैच
चिन्नास्वामी	3202	94
वानखेड़े	641	19
अरुण जेटली	534	11
हैदराबाद	486	11
ईडन गार्डन्स	430	14

ओपनिंग में बेस्ट (रन / पारी)

	ओपनिंग	नंबर-3	नंबर-4	नंबर-5	नंबर-6	नंबर-7
रन	5009	2815	376	173	237	51
पारी	128	93	13	8	13	4

पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी

टीम	रन	पारी
पंजाब किंग्स	1159	36
चेन्नै सुपरकिंग्स	1146	34
दिल्ली कैपिटल्स	1130	30
कोलकाता नाइटराइडर्स	1021	32
मुंबई इंडियंस	922	33

इन पर बनाए अधिक रन (पारी / रन)

बोलर	पारी	रन
आर अश्विन	23	181
रविंद्र जाडेजा	21	179
उमेश यादव	14	168
अमित मिश्रा	15	162
ड्वेन ब्रावो	12	157

IPL की दूसरी ट्रॉफी के लिए बेताब होगी टीम

यूथ पावर के बूते फिर रॉयल्स का 'पिंक ड्रीम'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राजस्थान रॉयल्स (RR) IPL के पहले ही सीजन से 'टैलंट हंट' की नर्सरी रही है। दिग्गज शेन वॉर्न की कप्तानी में पहले ही साल चैंपियन बनने वाली रॉयल्स ने फैंस की उम्मीदें आसमान तक पहुंचा दीं, लेकिन उसके बाद के सीजंस टीम के लिए किसी पहेली से कम नहीं रहे। ताकत और कामयाबी के बीच का तालमेल कहीं खो गया। टीम के हाथ कुछ खास नहीं लगा। अब लीग के 19वें सीजन में, राजस्थान की टीम अपनी पुरानी गौरवशाली कहानी को फिर से लिखने के इरादे से उतरेगी। क्या इस बार यूथ पावर के बूते राजस्थान का 'पिंक ड्रीम' हकीकत में बदलेगा? **प्रदर्शन में नहीं रही है स्थिरता:** इस सीजन में RR एक मजबूत दावेदार होगी, लेकिन टीम के प्रदर्शन में वैसी निरंतरता और स्थिरता नहीं रही है। ओवरऑल IPL-2026 में राजस्थान रॉयल्स को 'कॉम्पिटिटिव' जरूर कहा जा सकता है, जो प्लेऑफ के लिए एक प्रबल दावेदार होगी। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों में उन्हें 'फेवरिट' नहीं कहा जा सकता।

IPL 2026 **7 दिन बाकी** काउंटडाउन

14 साल 23 दिन की उम्र में IPL डेब्यू किया था वैभव सूर्यवंशी ने। वह इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा प्लेयर हैं

35 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी वैभव सूर्यवंशी ने। वह IPL में सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बैटर हैं

वैभव सूर्यवंशी

राजस्थान की ताकत

1. **विस्फोटक टॉप ऑर्डर:** टीम के पास IPL-2026 में सबसे आक्रामक ओपनिंग कॉम्बिनेशंस में से एक है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पावरप्ले में किसी भी बोलिंग अटैक की बखिया उधेड़ सकते हैं।
2. **ऑलराउंडर्स की ताकत:** रविंद्र जाडेजा के रूप में बेहद अनुभवी ऑलराउंडर की वापसी हुई है। इससे बोलिंग में बढ़िया विकल्प के साथ बैटिंग में भी संतुलन मिलेगा।
3. **निडर कोर ग्रुप:** RR की रणनीति यूथ पावर के इर्द-गिर्द घूमेगी। नए कप्तान रियान पराग, ध्रुव जुरेल और वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी ऊर्जा और आक्रामक मानसिकता लेकर आएंगे।

टीम की चिंताएं

1. **अनुभव की कमी:** दूसरी टीमों के मुकाबले टीम में अनुभव की थोड़ी कमी झलकती है। हाई प्रेशर गेम्स में यह काफी मायने रखेगा।
2. **डेथ ओवर्स की बोलिंग:** RR की सबसे बड़ी कमजोरी डेथ ओवर्स में रन बचाना है। आर्चर की फिटनेस पर काफी कुछ निर्भर करता है।
3. **मिडल ऑर्डर:** टॉप ऑर्डर की बैटिंग विस्फोटक जरूर है, लेकिन मिडल ऑर्डर में यह देखना होगा कि तेज शुरुआत को टीम कैसे मेंटेन रखा पाती है। टारगेट का पीछा करते समय यह ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा।

बिग हिटर्स की भरमार

अभी हाल में टी20 वर्ल्ड कप का विजेता बनने वाली भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि 'गरम खून' ने कमाल किया। दरअसल, RR के पास भी ऐसी 'यूथ पावर' है जो अपना दिन होने पर कमाल कर सकती है। रियान पराग के रूप में युवा और आक्रामक खिलाड़ी के पास कमान है। बैटिंग में यशस्वी अगुआई करेंगे। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी टी20 के सबसे खतरनाक बैटर्स में से एक हैं। मिडल ऑर्डर में खुद पराग और जुरेल होंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पंत को नए सीजन में अपने बोलर्स से बेहतर की उम्मीद

■ **एजेंसियां, लखनऊ:** IPL के पिछले सीजन में बोलिंग लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की कमजोर कड़ी थी। टीम के कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सपोर्ट स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस डिपार्टमेंट में टीम को मजबूत करने में मदद मिल रही है। पंत ने लखनऊ टीम के चेन्नै में लगाए गए कैंप और भारत के पूर्व बोलिंग कोच अरुण के जुड़ने से टीम के युवा पेसर्स को मिल रही मदद के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'पेसर्स के साथ कैंप बेहतरीन रहा। अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं बोलिंग से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं।' **अरुण का अनुभव काम आएगा:** उन्होंने कहा, 'वह बेस्ट बोलिंग कोच में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाए हैं। बोलर्स को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक बोलिंग कोच से यही चाहिए होता है।' पंत ने आगे कहा, 'पिछले सीजन का प्रदर्शन देखें तो हमें बोलिंग में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं।' आगे ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हंसी मजाक सबको पसंद है क्योंकि माहौल वैसे ही इतना तनावपूर्ण है। हर कोई एक दूसरे के साथ का आनंद लेना चाहता है।'

IPL रिऐक्शंस



सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत

बोर्ड के लिए शिवा की गुगली!

सोशल विंडो

शिवरामकृष्णन ने 17 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू किया था। वह भारत की तरफ से 1983 से 1986 के बीच नौ टेस्ट मैच और 16 वनडे खेले।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** तेईस साल के कॉमेंट्री करियर में ना तो एक बार भी टॉस के लिए भेजा, ना ही किसी पुरस्कार वितरण समारोह में.... इस शिकायत के साथ देश के पूर्व स्पिनर और जाने-माने कॉमेंटेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने BCCI के कॉमेंट्री पैनल से खुद को अलग करने का चौंकाने वाला फैसला लिया है। सवाल है कि यह सिर्फ एक इत्तेफाक है या इसके पीछे बड़ी कहानी छुपी है? शिवा का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूटा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं BCCI के लिए कॉमेंट्री से संन्यास ले रहा हूं। पिछले 23 वर्षों से मुझे टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए नहीं भेजा गया। जबकि नए लोग पिच रिपोर्ट, टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए भेजे जाते रहे। मुझे तब भी नहीं भेजा गया जब रवि शास्त्री कोचिंग कर रहे थे, तो इसका क्या मतलब है?' उन्होंने टीवी प्रोडक्शन सिस्टम पर भी सवाल खड़े कर दिए।

रंगभेद का है मामला!

शिवा ने जब 'एक्स' पर पोस्ट डाला तो एक यूजर ने इस भेदभाव को लेकर पूछा- 'क्या आपकी स्किन कलर भी इसकी वजह है', तो इस पर लक्ष्मण का जवाब था- 'आप सही हैं। रंगभेद।' ऐसे में अब ये मामला सिर्फ कॉमेंट्री का नहीं रहा, बल्कि रंगभेद का गंभीर मुद्दा बन गया है। इससे BCCI की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। चूंकि क्रिकेट और दूसरे खेलों में रंगभेद का मुद्दा पहले दूसरे देशों के सिलसिले में उठता रहा है, लेकिन भारतीय क्रिकेट में शायद पहली दफा ऐसा हुआ हो। रंगभेद नीति को लेकर साउथ अफ्रीका बैन हो चुकी है।

सा. अफ्रीका Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, तीसरा मैच

लैथम और कॉन्वे ने दिलाई आसान जीत

■ **एपी, ऑकलैंड:** टॉम लैथम की 63* रन की पारी और डेवोन कॉन्वे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी20I मैच में साउथ अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की। साउथ अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर्स में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। कॉन्वे ने 39 रन बनाए, जबकि टिम रॉबिंसन ने 17 रन बनाए।

टॉम लैथम

बागान को शिकस्त देकर मुंबई टॉप पर

■ **NBT रिपोर्ट, कोलकाता:** मुंबई सिटी ने शुक्रवार को इंडियन सुपर लीग (ISL) में मोहन बागान सुपर जायंट को 1-0 से मात दी। इस जीत के साथ मुंबई सिटी लीग की अंक तालिका में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। मोहन बागान 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मुंबई के लिए विजयी गोल नौफल पीएन ने मैच के 27वें मिनट में किया। दिन के एक अन्य मैच में ओडिशा एफसी ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 4-1 से हराकर लीग की अपनी पहली जीत दर्ज की।

इस्राइल फुटबॉल संघ पर फीफा का जुर्माना

■ **एजेंसियां, ज्यूरिख:** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इस्राइल फुटबॉल संघ (IFA) पर भेदभाव विरोधी नियमों के उल्लंघन के लिए 1.5 लाख स्विस फ्रैंक (लगभग 1 करोड़ 78 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। जांच में पाया गया कि IFA नस्लभेदी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रहा। फीफा की अनुशासन समिति ने कहा कि क्लब के फैंस द्वारा लगातार नस्लभेदी नारे और व्यवहार सामने आए, जिन पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई। रिपोर्ट में इसे 'सिस्टमैटिक समस्या' करार दिया गया।

फुटबॉल कॉर्नर

AI IMAGE

बेटिकट देखने पर दंड

लंदन: आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले ब्रिटेन में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अब बिना टिकट स्टेडियम में घुसकर मैच देखना दंडनीय अपराध माना जाएगा। नए नियम के तहत दोषी पाए जाने पर 1000 पाउंड तक जुर्माना और पांच साल तक स्टेडियम में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

भारतीय टीम बैंकॉक में

बैंकॉक: AFC (एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन) अंडर-20 विमिंस एशियन कप की तैयारियों के लिए भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला टीम बैंकॉक पहुंच गई है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ करेगा, जबकि अगले मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे से होंगे। टीम को मैच से पूर्व दो सप्ताह का अभ्यास समय मिलेगा।

घर लौटी ईरानी विमिंस टीम का हुआ शानदार स्वागत

■ **एजेंसियां, तेहरान:** ईरान महिला फुटबॉल टीम के स्वदेश लौटने पर राजधानी में उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने झंडे लहराकर और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। यह वापसी ऐसे समय में हुई है जब टूर्नामेंट के दौरान कुछ खिलाड़ियों द्वारा ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगे जाने की खबरें भी सामने आई थीं। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा, 'अपने देश लौटकर बेहद खुशी हो रही है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतने लोग स्वागत के लिए आएंगे।'

ईरानी विमिंस टीम की प्लेयर्स

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज आप एक महत्वपूर्ण परियोजना शुरू करने वाले हैं, जिसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। अधिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों की अनदेखी न करें। फिलहाल जमीन जायदाद के लिए निवेश करना आपके लिए शुभ रहेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
मकर राशि वाला कोई व्यक्ति आपके समक्ष प्रस्ताव पेश करेगा, लेकिन उसके बहकावे में न आएं। शाम से रात तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए थोड़ा नरम रह सकता है। खान-पान से बचें। आलस्य को भी छोड़ दें।

GEMINI 21 May - 21 Jun
जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। अभ्य आज महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने और भुगतान मिलने के बाद आप व्यावसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। उपयुक्त व्यक्ति और उम्दा अवसर आपको मिलते रहेंगे, जिनकी अतीत में आपको तलाश थी।

CANCER 22 Jun - 22 July
सप्ताहांत के समय आप परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उदार रवैया अख्तियार करेंगे। आज आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे। विलासितापूर्ण माहौल का लुत्फ उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात में इन लोगों पर धन का खर्च भी हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए आज पदोन्नति के संकेत भी मिल रहे हैं।

LEO 23 July - 22 Aug
निजी संबंध प्रेम पूर्ण रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप विभिन्न कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। अपने पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। शाम का समय आध्यात्म समागम में व्यतीत होगा। रात में आपको कोई तोहफा या सरप्राइज मिल सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी सम्मानित व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपको विदेशीय व्यावसायिक साझेदारी व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन नैतिक संबंधों के मामले में विदेशीय रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं, अन्यथा आप संशय में पड़ जाएंगे। शाम का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपको विदेशीय व्यावसायिक साझेदारी व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन नैतिक संबंधों के मामले में विदेशीय रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में न मिलाएं, नहीं तो संशय में पड़ जाएंगे।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
सेहत और वित्तीय सरगर्मी पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइशें पेश करेंगे। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नजर रखें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि से द्वितीय (कुंभ) स्थान पर शनि का संचार हो रहा है और चतुर्थ भाव में चंद्रमा है। आप परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुजर सकते हैं। लेकिन याद रखें, जब अंधेरा गहराता है तब सवेरा करीब होता है। आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि के आपकी ही राशि (प्रथम भाव) में होने और चंद्रमा के तृतीय भाव में होने से निजी संबंधों पर भावनाएं हावी रहेंगी। अंतर्मन की पुकार को सुनें। हर मामले में अतिवादी होने से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भूलकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज चंद्रमा मेष राशि पर संचार कर रहा है, जो कि आपकी राशि से द्वितीय भाव है। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप थोड़े खिन्न रह सकते हैं। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपके पारिवारिक सदस्यों से त्वरित सहयोग प्राप्त नहीं होगा।

सुडोकू

			1		3			
3	6		8		7		5	2
		1		2		3		
	7			6			1	
		2	4		5	9		
	9			8			4	
		7		4		8		
6	3		9		8		2	1
			5		6			

कल के सुडोकू का जवाब

7	4	6	1	9	8	3	2	5
3	2	5	7	6	4	8	1	9
8	1	9	5	3	2	6	4	7
2	7	3	4	8	9	1	5	6
4	6	1	3	7	5	2	9	8
9	5	8	2	1	6	4	7	3
1	3	4	6	5	7	9	8	2
6	8	7	9	2	1	5	3	4
5	9	2	8	4	3	7	6	1

TELEVISION big magic

09:00	हबहू हबहू
10:00	बड़बुध बुड़बक
11:00	रुद्र के रक्षक
11:30	अलादीन
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30	भ से भड़े
14:30	हम पांच
15:00	अजब देश की गजब कहानी
16:30	प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
18:30	रुद्र के रक्षक
21:00	पौरव

कल का पंचांग
(रविवार, 22 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति चैत्र 1, शक संवत 1948, चैत्र शुक्ल, चतुर्थी, रविवार, विक्रम संवत 2083। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 9, शव्वाल 2, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तदनुसार अंग्रेजी तारीख 22 मार्च 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, बसंत ऋतु। राहु काल शाम 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। चतुर्थी तिथि रात 9 बजकर 17 मिनट तक के बाद पंचमी तिथि का आरंभ। भरणी नक्षत्र रात 10 बजकर 43 मिनट तक के बाद कृत्तिका नक्षत्र का आरंभ। वैधृति योग शाम 3 बजकर 42 मिनट तक के बाद विष्कुंभ योग का आरंभ। चंद्रमा अगले दिन तड़के 4 बजकर 14 मिनट तक मेष उपरांत वृष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार श्री मत्स्य जयंती, गणगौरी तृतीया, शव्वाल (मुस्लिम) मास प्रारंभ, आडील तृतीया, गंडमूल 24:38 तक।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष शनि-मंगल-शुक्र का प्रभाव विशेष रूप से आपके वर्षफल पर पड़ेगा। मार्च शेष में कोई महिला मदद करेगी। अप्रैल-मई में नियमित कार्यक्रमों में बदलाव लाने से लाभ हो जाएगा। जून-जुलाई में संतान पक्ष की चिंता से आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अगस्त-सितंबर में सभी रुके कार्य बन जाएंगे। अक्टूबर-नवंबर में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। दिसंबर से जनवरी 2027 तक सार्थक यात्रा का योग है। फरवरी में मनोरंजन पर खर्चा करना सुखद होगा। मार्च में विद्यार्थी वर्ग को कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी। उम्र में भाग्य का उदय, विजय विभूति की प्राप्ति होगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

NBT AI टाइम मशीन

आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

आज का दिन अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार की थीम है वन और अर्थव्यवस्थाएं। यह विषय टिकाऊ आर्थिक समृद्धि, आजीविका और रोजगार पैदा करने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है, साथ ही यह दर्शाता है कि स्वस्थ अर्थव्यवस्थाओं के लिए वनों का संरक्षण कितना अनिवार्य है। वनों के महत्व, संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में इसकी शुरुआत की थी।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

शनिवार, 21 मार्च 2026

AI से वनों की निगरानी होगी मजबूत

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में अगर वर्तमान गति से वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जारी रहा तो जंगल छोटे, बिखरे और आग-सूखे से प्रभावित होंगे। लेकिन अगर सही नीतियां और संरक्षण अपनाए गए तो जंगल आंशिक रूप से पुनर्जीवित हो सकते हैं। भारत में मैनेज्ड फॉरेस्ट और एग्रोफॉरेस्ट्री बढ़ेंगे। AI और तकनीक जैसे ड्रोन, सैटलाइट और सेंसर जंगलों की निगरानी, आग रोकने, पेड़ लगाने और वन्यजीव संरक्षण में बड़ी भूमिका निभाएंगे।



AI Images

NBT

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं। हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। व्हाट्सऐप नंबर -7003490071

SPEED News

विक्रम दुरईस्वामी को चीन में भारत का

नया राजदूत नियुक्त किए जाने पर चीन ने स्वागत किया है। रिश्तों में सुधार की उम्मीद जताई।

मार्शल आर्ट्स के उस्ताद और ऐक्शन

स्टार चक नॉरिस (Chuck Norris) का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

ब्रिटेन 8 अप्रैल से वीजा, सेटलमेंट और

स्पॉन्सर लाइसेंस फीस 6-7% तक बढ़ाएगा। इससे काम, पढ़ाई और यात्रा वीजा महंगे होंगे।

'प्रीमियम ईंधन महंगा, आम जनता सुरक्षित'

प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में ₹2 प्रति लीटर की बढ़ोतरी | स्थिति चिंताजनक, सिलिंडर डिलीवरी नॉर्मल हो रही: केंद्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI

एलपीजी संकट... उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लोग खाली गैस सिलिंडर लेकर रिफिल के इंतजार में लाइन में नजर आए।

कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए डीजल करीब 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 40% तक उछाल आया है। गुरुवार को कच्चा तेल 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था, जबकि शुक्रवार को यह करीब 108 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा था।

> पेट्रोल-डीजल के भाव पर फैसला ऑयल मार्केटिंग कंपनियां करती हैं: केंद्र

दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं, बल्क डीजल का दाम 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गया है। तेल और गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें डीरेगुलेटेड हैं और इन्हें तय करने का अधिकार ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पास है, सरकार का इसमें सीधा हस्तक्षेप नहीं है।

'स्थिति चुनौतीपूर्ण'

LPG सप्लाई पर बोलते हुए कहा कि युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की कोई कमी नहीं है। सिलिंडर की डिलीवरी सामान्य है और सप्लाई बनाए रखने के लिए प्राथमिकता के आधार पर वितरण किया जा रहा है। घरेलू जरूरतों को सुनिश्चित करने के लिए कमर्शल एलपीजी में कटौती भी की गई है।

'7500 उपभोक्ता PNG पर शिफ्ट हो चुके'

सुजाता ने कहा, "LPG सिलिंडर की पैनिक बुकिंग घटी है। कल करीब 55 लाख रीफिल बुकिंग के अनुरोध आए थे। LPG सिलिंडर डिलीवरी नॉर्मल है। इसकी सप्लाई में कोई कटौती नहीं है। करीब 7500 LPG उपभोक्ता PNG पर शिफ्ट हो चुके हैं। कमर्शल LPG में 18 राज्यों ने एलोकेशन ऑर्डर जारी किए हैं। पिछले एक हफ्ते में करीब 11300 टन कमर्शल LPG कंज्यूमर्स को दी गई है। डोमेस्टिक सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कमर्शल में कटौती की गई है।'

9 देशों के एयरस्पेस से बचें: DGCA

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एयरलाइंस के लिए नई अडवाइजरी जारी की है। इसके तहत एयरलाइंस को बहरीन, ईरान, इराक, इस्राइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के एयरस्पेस से 28 मार्च तक दूर रहने को कहा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस क्षेत्र में हालात तेजी से बदल रहे हैं, जिससे उड़ानों का संचालन और जटिल हो गया है। डीजीसीए ने साफ किया है कि इनके एयरस्पेस में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान से बचा जाए। हालांकि, ओमान और सऊदी अरब के ऊपर से उड़ान की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें लागू हैं। जैसे इन क्षेत्रों में 32,000 फीट से नीचे उड़ान नहीं भरी जा सकती। बैकअप प्लान भी तैयार रखने को कहा गया।



DGCA ने नई अडवाइजरी जारी की

ब्राजील में बच्चों के लिए ऑटोप्ले, स्क्रॉल फीचर्स पर लगी रोक

■ NBT रिपोर्ट: ब्राजील की सरकार ने बच्चों और किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए नया कानून लागू किया है। इसके तहत सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर ऑटो-प्ले, नॉन स्टॉप स्क्रॉल और ध्यान खींचने वाली नोटिफिकेशन जैसी सुविधाओं पर रोक लगा दी गई है, ताकि बच्चों में लत और अत्यधिक स्क्रीन टाइम को कम किया जा सके।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए कानून के तहत प्लैटफॉर्म्स को अब सही तरीके से उम्र जांचनी होगी और शुरू से ही प्राइवेसी और सुरक्षा सेटिंग्स ऑन रखनी होंगी। कंपनियों को सुनिश्चित करना होगा कि बच्चों को गलत या खतरनाक कंटेंट न दिखे और शिकायत मिलते ही उसे हटाया जाए। वहीं, टिकटॉक ने ब्राजील में 16 साल से कम यूजर के सभी अकाउंट की सेटिंग प्राइवेट करने का फैसला किया है।

अवैध जुआ-सट्टे पर वार, अब 300 वेबसाइट्स बंद

कुल 8400 वेबसाइट, ऐप्स ब्लॉक किए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी वेबसाइट पर शिकंजा कसा है। सरकार की ओर से 300 अवैध वेबसाइट और ऐप्स को ब्लॉक कर दिया गया है। कुल 8400 वेबसाइट और ऐप्स ब्लॉक किए गए हैं जोकि अवैध सट्टेबाजी में लगी थीं। इनमें से अधिकतर को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के पारित होने के बाद ब्लॉक किया गया है। कुल 8400 में से 4900 वेबसाइट और ऐप्स इस बिल के पास होने के बाद बंद की गई हैं।

इससे पहले जनवरी में भी सरकार ने 242 वेबसाइट पर ऐक्शन किया था। जिन ऐप्स और वेबसाइट पर ऐक्शन हुआ है, उनमें ऑनलाइन सट्टेबाजी वाले प्लैटफॉर्म, ऑनलाइन कैसीनो स्लॉट, रूलेट और लाइव डीलर टेबल को ऑफर करने वाले प्लैटफॉर्म शामिल हैं। इसके अलावा सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क, रियल-मनी कार्ड और कैसीनो गेम वाली वेबसाइट्स और ऐप्स और उन सट्टेबाजी एग्रीगेटर पर भी कार्रवाई की गई है। ये सट्टेबाजी बाजारों की तर्ज पर काम करते हैं। सरकार ने 22 अगस्त 2025 को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट को पास किया था। इसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग के दुष्परिणामों से युवाओं और उनके परिवारों को बचाना भी रहा है।

एयर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा

■ NBT रिपोर्ट

एयर इंडिया की दिल्ली से वैंकूवर जा रही फ्लाइट AI-185 को एक बड़ी चूक के चलते बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, 19 मार्च को यह उड़ान बोइंग 777-200 LR विमान से रवाना हुई थी, जबकि कनाडा के लिए एयर इंडिया को सिर्फ बोइंग 777-300 ER विमान उड़ाने की अनुमति है। करीब 4 घंटे की उड़ान के बाद, जब विमान चीन के कुनमिंग के पास एयरस्पेस में पहुंचा, तब इस गलती का पता चला। इसके बाद विमान को तुरंत वापस दिल्ली बुलाया गया। फ्लाइट ने सुबह 11:34 बजे उड़ान भरी थी और करीब 9 घंटे बाद शाम 7:19 बजे दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इसे 'ऑपरेशनल इश्यू' बताया और कहा कि विमान सुरक्षित उतरा। यात्रियों को होटल और अन्य सुविधाएं दी गई, और उन्हें जल्द ही दूसरी फ्लाइट से वैंकूवर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, अलग-अलग देशों के अपने एविएशन नियम होते हैं और कनाडा ने एयर इंडिया को केवल B777-300 ER विमानों के लिए मंजूरी दी हुई है।

9 घंटे बाद दिल्ली लौटी एयर इंडिया की फ्लाइट

'जिम्मेदार अफसरों पर होगी कार्रवाई'

सूत्रों के अनुसार, एयरलाइन ने गलती को गंभीरता से लिया है और जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की बात कही गई। एक बोइंग 777 विमान हर घंटे 8-9 टन ईंधन खपत करता है, ऐसे में गलती आर्थिक रूप से भारी पड़ी।

पुलिस का बयान

'भारत से जुड़ी गुप्त गतिविधि अब कनाडा में नहीं'

■ **पीटीआई, ओटावा:** कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी 'कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी' कार्रवाई नहीं हो रही है। 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने एक इंटरव्यू के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या 'भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन' अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा, 'वर्तमान में हमारे पास मौजूद आपराधिक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता।'

> कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा, सीमा पार दमनकारी कार्रवाई नहीं हो रही है

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. सरकार ने ऑनलाइन जुआ, सट्टेबाजी से जुड़ी कुल कितनी वेबसाइट और ऐप ब्लॉक की है?
   A. 300 B. 8400 C. 5000
2. CBDT के नए नियमों के अनुसार बड़े खर्चों (जैसे प्रॉपर्टी, गाड़ी, होटल बिल) पर कौन सी ID अनिवार्य की गई?
   A. PAN B. आधार कार्ड C. पासपोर्ट
3. किस ईंधन की कीमत में 22 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है?
   A. पेट्रोल B. CNG C. इंडस्ट्रियल डीजल
4. बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए नया कानून किस देश ने लागू किया है?
   A. भारत B. ब्राजील C. अमेरिका
5. ब्रिटेन में वीजा और स्पॉन्सर लाइसेंस फीस में कितने प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी?
   A. 6-7% B. 8-9% C. 10-12%

कल के जवाब

A1 B. अजुटिन पानावीराकुल A2 B. केकी मिस्त्री A3 A. सऊदी अरब A4 B. विक्रम दोराईस्वामी A5 A. फिनलैंड

लकी विनर्स

1. आत्मा राम, नई दिल्ली
2. संगीता धुरिया, लखनऊ
3. राजेंद्र नागर, गाजियाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-20-2026 20:56 Color:

BOOTES

LUXURY RESIDENCES ENGINEERED FOR AQI < 50

ASPIRE LEISURE VALLEY

GREATER NOIDA (WEST)

3 & 4 BHK LUXURY RESIDENCES

Basic Sale Price (BSP) ₹8,299 /sq.ft.*

ASPIRE SILICON CITY

CENTRAL NOIDA

4 BHK LUXURY RESIDENCES

Basic Sale Price (BSP) ₹13,991 /sq.ft.*

PROJECT SNAPSHOTS

- Constructed by NBCC (India) Ltd
- 46,000 Sq.ft Club House with Modern Amenities
- HVAC: VRV Air Conditioning

KEY HIGHLIGHTS

- Timely Delivery
- Assured 24x7 Clean Air with an AQI < 50 for healthier, future ready living
- Triple Layered Security

7827-724-724

NBCC A Navratna CPSE

ASPIRE

Disclaimer: BOOTES Aspire Leisure Valley, known as Aspire Leisure Valley, and BOOTES Aspire Silicon City, known as Aspire Silicon City, located in Noida/Greater Noida, form part of the Amrapali Group stalled projects being completed under the directions of the Hon'ble Supreme Court of India in Writ Petition (Civil) No. 940/2017. NBCC (India) Ltd. has been appointed by the Hon'ble Supreme Court as the Project Management Consultant for completion of the stalled projects. The sale of certain unsold residential units was conducted through e-auction by NBCC under the supervision of the Ld. Court Receiver, wherein Bharat Volt Pvt. Ltd. was declared the successful bidder and issued a Letter of Intent by the Ld. Court Receiver for sale of such units. Images and visuals are indicative and for representational purposes only. Prospective buyers are advised to independently verify all project details, approvals, specifications, and terms before making any purchase decision. Terms & Conditions Apply*.

Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: AGARWAL ASSOCIATES (PROMOTERS) LIMITED
COLLECTION A/C FOR CITY GRACE
BANK NAME: HDFC BANK LIMITED
ADDRESS: GROUND FLOOR, SHOP NO. AG 3,4 & 5, PARK TOWN COMMERCIAL COMPLEX, ADITYA WORLD CITY, SHAMPUR, NH-24, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH

CITY GRACE
2 & 3 BHK Apartments

NAVRATRI SPECIAL OFFER

MOVE INTO THE MOST BLISSFUL HOMES

BOOK NOW AND GET

MODULAR KITCHEN * FALSE CEILING IN COVE
Acs IN LIVING ROOM & ALL BEDROOMS

CC RECEIVED

Artistic image for representation purposes only

APARTMENTS STARTING AT ₹76.50 LAKH*

READY FOR POSSESSION

ADITYA WORLD CITY, NH-24, GHAZIABAD

93104 02222

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS : 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

Home Loan Facilities Available:
All Leading Banks

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 03-20-2026 23:36 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 21 मार्च 2026 > फाल्गुन 30, शक संवत 1947, चैत्र शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 67 > पेज 24* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

ईद मुबारक

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

युवराज को इंसाफ का इंतजार

64 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

कनाडा पुलिस ने कहा- भारत के खिलाफ सबूत नहीं » पेज 11

जंग में महंगाई ने खोला मोर्चा

कच्चे तेल में उफान के बीच प्रीमियम पेट्रोल ₹2 महंगा

इंडस्ट्रियल डीज़ल में ₹22 प्रति लीटर का बड़ा इजाफा

ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना भी महंगा हो गया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर दुनियाभर में चढ़ती तेल कीमतों और गैस संकट के रूप में दिखने लगा है। इसकी आंच भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने लगी है। शुक्रवार से प्रीमियम पेट्रोल 2 रुपये/लीटर महंगा हो गया। इंडस्ट्रियल डीजल की कीमतों में 22 रुपये/लीटर का बड़ा इजाफा हुआ। हालांकि सरकार ने साफ किया कि सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं। क्या आगे बढ़ेंगे? इस पर सरकार ने कहा कि यह फैसला तेल कंपनियां करती हैं। इसमें सरकार का कोई दखल नहीं है।

जंग शुरू होने के बाद कच्चा तेल 50% तक महंगा हुआ है। प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल ज्यादातर लग्जरी कार और स्पोर्ट्स बाइक में होता है। सरकार ने कहा कि रोज बिकने वाले पेट्रोल में प्रीमियम का हिस्सा 2-4% तक ही है। इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल फैक्ट्रियों, टेलिकॉम टावरों और उद्योगों के जेनरेटरों में होता है। जानकारों का कहना है, इसके महंगे होने से मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ेगी।

ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म Zomato ने शुक्रवार से प्लैटफॉर्म फीस में 19% का इजाफा किया है। यूजर को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय 14.90 यानी 2.40 रुपये ज्यादा फीस देनी होगी। » पेज 11

हमलों के बीच अरब देशों में ईद की रौनक

AP

खाड़ी देशों में हमलों के बीच शुक्रवार को ईद मनी। लेबनान के बेरूत में भी रौनक दिखी।

ईरान ने होर्मुज में शुरू किया टोल: रिपोर्ट

File

ईरान ने होर्मुज के अपने समुद्री क्षेत्र में 'सुरक्षित रास्ता' बनाया है, जहां से उसकी मंजूरी वाले जहाज ही गुजर सकते हैं। एक जहाज के लिए 20 लाख डॉलर (18 करोड़ रु.) वसूले जा रहे हैं। शिपिंग इंडस्ट्री से जुड़े मंच लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

वॉर अपडेट्स

- सऊदी अरब के रियाद में बुधवार को एक भारतीय की जान गई। जंग में अब तक 6 भारतीयों की मौत हुई।
- तेहरान पर इस्राइली हमले, इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी की मौत, नैनी ने कुछ घंटे पहले ही इस्राइल को दी थी धमकी। बासिज फोर्स के खुफिया प्रमुख जनरल इस्माइल अहमदी की भी जान गई।
- कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमला, बहरीन के वेयरहाउस में आग, ईरान ने कहा कि अब दुनिया के टूरिस्ट स्पॉट, पार्क और पब्लिक प्लेस निशाने पर हो सकते हैं।
- तीन और अमेरिकी वॉरशिप पश्चिम एशिया को रवाना, इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा - हमने अमेरिका को जंग में नहीं घसीटा है।
- रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर 93.53 पर पहुंच गया।

नफरत के खिलाफ लड़ाई अपने समुदाय तक सीमित न हो: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ब्राह्मणों के खिलाफ नफरती भाषणों को जाति-आधारित भेदभाव के रूप में दंडनीय अपराध मानने की गुहार शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ब्राह्मण क्या, हम तो किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण नहीं चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि कई बार लोग तभी आवाज उठाते हैं, जब उनके अपने समुदाय को निशाना बनाया जाता है, जो सही नहीं है। नफरत के खिलाफ लड़ाई सिर्फ अपने समुदाय तक सीमित न हो। यह सभी के लिए होनी चाहिए। याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी ने केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की थी कि ब्राह्मणों के खिलाफ नफरती भाषण पर तुरंत कानूनी कार्रवाई हो। एजेंसियां जांच करें कि क्या कोई संगठित अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मकसद ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरत या हिंसा फैलाना है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका वापस लेने की मंजूरी दी।

आवाज़ उठाने वाले को HC की फटकार

NBT रिपोर्ट, नैनीताल : कोटद्वार में नफरत के खिलाफ आवाज उठाने वाले दीपक कुमार की याचिका पर उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उनको फटकारा।

दीपक कुमार

कहा, 'आप सोशल मीडिया पर मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। ऐसा कुछ न करें, जिससे जांच प्रभावित हो।' कोर्ट ने केस रद्द करने और सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर उन्हें राहत नहीं दी।

अर्थसार

सेंसेक्स	74,532.96 (+325.72)
निफ्टी	23,114.50 (+112.35)
रु/यूएस डॉलर	93.53 (+1.07)
रु/यूरो	107.94 (+1.18)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,52,650 (-650)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,40,500 (+1,800)

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

मौसम

अधिकतम तापमान 21.7°

16° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त शनिवार 6:33 | सूर्योदय रविवार 6:23

आंशिक बादल छाए रहेंगे। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रह सकता है।

* 18+6 DelhiTimes

सुप्रीम कोर्ट बोला

'मेड नहीं, लाइफ पार्टनर है पत्नी'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद के मामले में शुक्रवार को कहा कि पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप मेड (नौकरानी) से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। समय बदल चुका है और पति को भी खाना बनाने जैसे घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी।

AI Image

» पेज 9

300 नई e-बसें सड़क पर उतरीं, CM ने दिखाई झंडी

PTI

सीएम रेखा गुप्ता ने गाजियाबाद तक बस सेवा और रुकी हुई EV सब्सिडी देने की भी शुरुआत की

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी को 300 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इनको हरी झंडी दिखाई। डीटीसी बसों का बेड़ा अब 6100 के पार पहुंच गया है। इस दौरान सीएम ने इलेक्ट्रिक वाहनों की रुकी सब्सिडी जारी करने के साथ ही दिल्ली से गाजियाबाद के बीच बस सेवा की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की दिशा में यह अहम कदम है। » पेज 5

TMC का वादा, ट्रेड हब बनाएंगे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** बंगाल चुनाव के लिए टीएमसी ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया। महिलाओं को हर महीने 1,500 (सामान्य वर्ग) और 1,700 (SC/ST) देने का वादा किया है। बेरोजगारों को हर महीने 1,500 की मदद मिलती रहेगी। बंगाल को पूर्वी भारत का ट्रेड हब बनाने का वादा है। » पेज 10

ममता बनर्जी

पानी कनेक्शन में राहत, 25% भुगतान पर NOC

काम की खबरें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

200 वर्गमीटर से बड़े प्लॉट पर मकान, गेस्ट हाउस, बैंक्विट हॉल, स्कूल, हॉस्पिटल बनवाने के लिए राहत की खबर है। पानी कनेक्शन के लिए अब वॉटर डिवेलपमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज के लाखों रुपये एकमुश्त नहीं देने होंगे। नक्शा पास कराते समय कुल चार्ज का 25% भुगतान कर NOC मिलेगी। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि बाकी 75% कनेक्शन की अंतिम स्वीकृति के वक्त लागू दरों पर समायोजित होगा। » पेज 5

AI Image

PF से HRA तक...
एक अप्रैल से बदल जाएंगे इनकम टैक्स के नियम » पेज 13

सुप्रीम कोर्ट बोला-
कैब में दिव्यांगों को मिलनी चाहिए वील चेयर » पेज 10

फटाफट खबरें

सट्टेबाजी से जुड़ी 300 वेबसाइट ब्लॉक
सरकार ने ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाली 300 वेबसाइट और ऐप ब्लॉक किए हैं। कार्रवाई वाली वेबसाइट और ऐप की संख्या बढ़कर 8400 हुई। » पेज 15

ED ने सबसे बड़ी संपत्ति अटैच की
ED ने एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी संपत्ति अटैच की है। इसकी कीमत 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। ED के मुताबिक, यह कार्रवाई चंडीगढ़ स्थित पर्ल्स ग्रुप के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत की गई है।

T&C apply. For more details, offers, terms & conditions visit the bigbasket app or log on to bigbasket.com /FAQ | Images are for illustration purposes only.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 03-20-2026 23:16 Color:

PM 2.5 के किस फैक्टर की वजह से लंग्स कैंसर होता है, पता लगाएगा एम्स। एम्स में शुरू होगा 'AIRCARE' प्रोजेक्ट। -p7

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कैब में दिव्यांगों के लिए वील चेयर की सुविधा जरूरी है। ऐप में अलग विकल्प का सुझाव दिया। -p10

98 पर पहुंच गया AQI। दिल्ली की हवा इस साल सबसे साफ हुई

21.7 डिग्री रहा अधिकतम तापमान, शुक्रवार को। मार्च में सुहानी सर्दी का एहसास हो रहा है।

www.delhi.nbt.in

ईद पर सख्त पहरे में उत्तम नगर, पहचान के बाद ही मिलेगी एंट्री

मेन एंट्री पॉइंट पर बैरिकेड पहले ही लग चुके हैं। अतिरिक्त पुलिस बल, अर्धसैनिक बल की कंपनियों को लगाया गया है

■ नवीन निश्चल, उत्तम नगर

उत्तम नगर इलाके में होली की रात तरुण नाम के युवक की हत्या के बाद जो तनाव फैला उसे कंट्रोल करने के लिए दिल्ली पुलिस काफी कड़ी मशक्कत कर रही है। सोशल मीडिया से लेकर इलाके में और संवेदनशील जगहों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अलग-अलग जगह पर छोटे-छोटे नाके बनाकर वहां पर टुकड़ियों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उत्तम नगर के इस कॉलोनी में आने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित करके उन्हें जाने दिया जा रहा है। जिससे कि कोई बाहरी आकर यहां किसी तरह के उपद्रव को अंजाम न दे सके।

अमन कमिटी के साथ लगातार हो रही मीटिंग

उत्तम नगर के थाना रोड से लेकर काली बस्ती रोड, वाल्मिकी मंदिर रोड, कब्रिस्तान रोड पर मेन एंट्री पॉइंट पर बैरिकेड लगाकर पुलिसकर्मियों को पहले ही तैनात किया जा चुका है। अतिरिक्त पुलिस बल, अर्धसैनिक बल की कंपनियों को लगाया गया है। द्वारका जिला के डीसीपी और उनके अन्य पुलिस अधिकारी लगातार अमन कमिटी के साथ थाना से लेकर जिला तक में मीटिंग कर चुके हैं। लोगों से अपील की गई है कि वह सोशल मीडिया पर किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इन तमाम प्रयासों के कारण ही इस इलाके में ईद और नवरात्र से कुछ दिन पहले दुकानें खुलीं। लोग सामान खरीदने के लिए निकल रहे हैं। लेकिन इस इलाके में दुकान चलाने वाले लोगों ने कहा कि जो रौनक पिछले साल ईद पर थी वह नहीं है।

उत्तम नगर थाना के बाहर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के नीचे भी पुलिस की गाड़ियां, पुलिस की बैरिकेड और पुलिसकर्मियों की तैनाती काफी संख्या में की गई है। जिले के ऑपरेशन सेल को भी सादे कपड़ों में तैनात किया गया है।

PTI

जिले के ऑपरेशन सेल को भी सादे कपड़ों में तैनात किया गया, मेट्रो स्टेशन के नीचे भी पुलिस की गाड़ियां और बैरिकेड लगाए

महानगर में आज

मेटा थिएटर फेस्ट

श्रीराम सेंटर में नाटक 'कादंबरी', मंडी हाउस, शाम 7 बजे से। 21वां मेटा थिएटर फेस्टिवल 2026 के साथ आज मेघना रॉय चौधरी के निर्देशन में 'कादंबरी' (हिंदी और बांग्ला) नाटक दर्शकों के बीच होगा।

दिल्ली संग रंग

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'दिल्ली : कोट्र्स एंड क्रोनिकल्स', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट सोमेन दत्ता की इस पेंटिंग, पेन-इंक स्केच की एग्जिबिशन के साथ दिल्ली की विरासत को महसूस किया जा सकता है।

बुलवा

इंडिया हैबिटेट सेंटर में कॉलिजिएट फेस्टिवल थिएटर एंड म्यूजिक, विजुअल आर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। मिरांडा हाउस की थिएटर सोसायटी के नाटक '4:48 साइकोसिस' और लेडी श्रीराम सेंटर के थिएटर ग्रुप के नाटक 'बुलवा' का आनंद आज दर्शक ले सकते हैं।

जिंदगी का फ्रेम

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'फ्रेम्स ऑफ इटरनिटी', मेन आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। 'रोशन लाल चोपड़ा की मोनोक्रोम क्रॉनिकल्स: एक रेट्रोस्पेक्टिव फोटो एग्जिबिशन के साथ उनकी दुर्लभ ब्लैक-व्हाइट तस्वीरों के साथ जिंदगी की खूबसूरती से मुलाकात की जा सकती है। शो के क्यूरेटर रवि चोपड़ा और डॉ. शोभना राधाकृष्ण हैं।

बदलती दस्तकारी

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'क्राफ्टिंग चेंज', मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। ग्रामीण इलाकों से कैसे क्राफ्ट की परिभाषा के संग बदलाव की खूबसूरती जुड़ रही है, यह इस ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन में नजर आएगा।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

पालम में बिल्डिंग में आग लगने से 9 लोगों की मौत मामले में पड़ोसियों का दावा

'घंटों पानी की मोटर चलने से स्पार्क, फिर आग'

NBT 4 मिनट में पढ़ें

■ नवीन निश्चल, पालम

पालम हादसे को लेकर आसपास के घरों में रहने वालों ने बड़ा दावा किया है। लोगों का कहना है कि आग पानी का मोटर कई घंटे तक चलने के कारण लगी। लोगों का कहना है कि टंकी भरने के बाद भी काफी देर तक मोटर चलता रहा, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग पहले बेसमेंट में बने गारमेंट शॉप में पहुंची और वहां से फैलती हुई सीढ़ियों पर रखे पटरी वालों के सामान से होते हुए ऊपर की मंजिल तक पहुंच गई।

पास के ही एक दुकानदार ने बताया कि उन्होंने कई बार इस बिल्डिंग के मालिक राजेंद्र कश्यप को सुझाव दिया था कि आपके मकान का साइज चौड़ा है, इसलिए परिवार के ऊपर जाने और आने के लिए अलग से रास्ता बना लें। इससे आसानी होगी। इस बिल्डिंग में ऊपर से नीचे आने-जाने के लिए एक ही रास्ता था जो ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद दुकान से होकर जाता था। सुबह दुकान का शटर बंद था और वहां आग भी सबसे ज्यादा लगी थी, ऐसे में ऊपर मौजूद कोई भी शख्स बाहर नहीं निकल सका। यदि आवाजाही के लिए अलग से कोई रास्ता होता तो इस हादसे में किसी की जान नहीं जाती।

लोगों ने बताया कि तीसरी मंजिल तक आग नाले ही पहुंची हो, लेकिन वहां मौजूद पीछे वाला एक कमरा पूरी तरह सेफ है। सबसे ऊपर जो ग्रीन शेड और सोलर पैनल लगा था, वह भी बच गया।

तीनों घायलों की हालत में तेजी से सुधार: लोगों ने बताया कि हादसे में घायल सचिन, अनिल और इनकी 2 साल की बेटी की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। तीनों की हालत पहले से काफी बेहतर हो गई है। हालांकि, अभी वे अस्पताल में ही हैं। वहीं, परिवार के एक जानकार ने बताया कि बाकी अन्य लोग हादसे में जान गंवाने वालों की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए शुक्रवार को हरिद्वार के लिए निकले।

सचिन को सबसे पहले लगा था आग का पता: लोगों का कहना है कि हादसे में घायल सचिन को आग की जानकारी सबसे पहले मिली थी। उन्होंने शोर मचाकर सबको जगाया और फौरन सबको ऊपर वाली छत पर चले गए। फिर बगल की बिल्डिंग पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालांकि, आग में वह भी काफी झुलसे थे। लेकिन जब तक फैमिली के अन्य मेंबर उठकर बाहर निकलते, तब तक आग सीढ़ियों तक फैल चुकी थी।

दो दिन बाद खुला पालम का राम चौक मार्केट

■ नवीन निश्चल, पालम मार्केट

पालम अग्निकांड के बाद बुधवार और गुरुवार-दो दिन मार्केट शोक में बंद रहा। क्योंकि मार्केट के प्रधान राजेंद्र कश्यप के घर में लगी आग की चपेट में आकर 9 लोगों की जान चली गई। शुक्रवार को एक बार फिर दुकानों के शटर खुलने शुरू हुए। दोपहर तक लगभग सभी दुकानें खुल गईं। एक दुकानदार नितेश ने कहा कि बहुत दुखी हैं, अभी हम लोग। फायर ब्रिगेड पर सवाल करते हुए कहा कि फोम के गद्दे की बात तो दूर अगर फायर वालों के पास नेट होता तो उससे भी मदद मिल जाती। लेकिन उनके पास वो भी उपलब्ध नहीं था।

अग्निकांड के बाद से दुकानों के शटर हुए थे बंद

पालम मार्केट के उप प्रधान रमेश कुमार सोनी ने कहा कि पूरा मार्केट, दुकानदार, यहां के लोग राजेंद्र कश्यप जी के साथ हैं। उनकी दुकान भी साथ में है, हादसे वाले समय पर वो भी वहां मौके पर मौजूद थे। फायर वालों से पूछा था, कि उनके पास नेट है? उन्होंने मना कर दिया ना तो वह कोई मैनुअल मदद कर पाए और ना ही किसी और तरीके से। सबसे बड़ा फेलियर उन्हीं का रहा। दुकान दो दिन बाद खुली है, दुकानदार कोई बिजनेस की बात नहीं सोच रहा है। किसी के मन में यह हादसा भूल नहीं रहा है। हमलोग प्रयास कर रहे हैं कि जिनके पास संभव हो उनको एंट्रेंस और एग्जिट अलग रखना चाहिए तो बेहतर होगा।

स्थानीय दुकानदार और रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि फायरकर्मियों के अलावा, पुलिस भी हम लोगों को अंदर जाने नहीं दे रही थी। हम लोग मदद करके जान बचा सकते थे। अब पटरी वाले से लेकर, दुकानदार, स्थानीय लोग इस हादसे से बेहद सदमे में हैं। यहां की दुकानों में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं के बराबर है। प्रयास करेंगे कि प्रशासन की मदद से इस पर काम हो सके।

रोहित ने कहा- 2 दिन बाद दुकान खुली है, रौनक आने में समय लगेगा। नवरात्र चल रहे हैं और ईद भी है। लोग मार्केट में आने लगे हैं, लेकिन हादसे से लोग उबरे नहीं हैं। यह पालम मार्केट की सबसे बड़ी त्रासदी बन गई है।

शुक्रवार दोपहर तक लगभग सभी दुकानें खुल गईं, लोगों ने कहा- हम अभी सदमे से नहीं उबरे

बदनामी न हो इसलिए नहीं बिछाने दिए गद्दे : AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पालम आग मामले में AAP ने एक बार फिर फायर ब्रिगेड और BJP की दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। AAP के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि हाइड्रोलिक लिफ्ट के खराब होने के बाद भी लोगों ने परिवार को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन सरकारी सिस्टम ने उन्हें बचाने नहीं दिया।

सौरभ भारद्वाज

सौरभ ने कहा कि जिस मकान में आग लगी थी, उसके बगल में गद्दों की दुकान है। सैकड़ों गद्दे रखे थे। वहां मौजूद करीब 500 लोग और दुकानदार पुलिस और फायर ब्रिगेड से लगातार विनती करते रहे कि वे अपनी गाड़ी वहां से हटाएं और गद्दे बिछाने दें। अगर गद्दे बिछ जाते, तो लोग कूदकर अपनी जान बचा सकते थे, क्योंकि तीसरी मंजिल की बालकनी 30 से 32 फुट की ऊंचाई की ही होती है लेकिन गाड़ी नहीं हटाई गई। सौरभ ने कहा कि सरकार को लगा कि अगर गद्दे बिछाने से लोग बच गए तो उसकी बदनामी होगी कि फायर ब्रिगेड नाकाम रही, इसलिए परिवार के 9 लोगों को मरने दिया गया। फायर ब्रिगेड की हाइड्रोलिक लिफ्ट न खुलने और गद्दे न लगाने देने पर उन्होंने मीडिया में चल रही खबरों का भी हवाला दिया।

दुख की घड़ी में राजनीति कर रहे AAP नेताः BJP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पालम आग पर आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज की ओर से की जा रही बयानबाजी की निंदा की है। सचदेवा ने कहा कि पहले शीशमहल में हिंसा करवाई और अब कफन बांधने और अर्थी के साथ नाटक कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ नहीं खड़े हैं, बल्कि राजनीतिक रोटियां सेंक खबरों में बने रहना चाहते हैं।

वीरेंद्र सचदेवा



सचदेवा ने कहा कि सरकार ने अग्निकांड की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं। यह भी जांच होगी कि क्या फायर ब्रिगेड की ओर से रेस्क्यू में कोई कोताही हुई थी। अगर मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सब कुछ जांच में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि पालम अग्निकांड को लेकर चर्चा है कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, उसी के ग्राउंड फ्लोर में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखा हुआ था। मैं सौरभ भारद्वाज से पूछता हूं कि क्या वह मानते हैं या नहीं की जिस बिल्डिंग में आग लगी उसी में ज्वलनशील पदार्थ का स्टोरेज था। सचदेवा ने कहा कि आप नेता फायर ब्रिगेड के इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमियां निकाल रहे हैं।

अब प्राइवेट एजेंसियां संवारेंगी चौराहों और गोल चक्करों को

Sudama.Yadav
@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली :** पीडब्ल्यूडी के 1440 किमी लंबी सड़कों के नेटवर्क में जो क्रॉसिंग व चौक-चौराहे हैं, उनके सौंदर्यीकरण का काम निजी एजेंसियों एजेंसियों को सौंपा जाएगा।

पहले फेज में 47 चौराहों के सौंदर्यीकरण का प्लान बनाया गया है, जिसमें 41 चौराहे प्रमुख हैं। इसमें दिल्ली गेट के पास पार्थसारथी रथ स्कल्पचर बनाया गया है। इसी तरह से पूसा रोड स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश चौक, शांति वन जंक्शन, पुरानी दिल्ली स्थित ईदगाह चौक, मायापुरी चौक, राजौरी गार्डन क्रॉसिंग व अन्य कई चौराहों के सौंदर्यीकरण का प्लान बनाया गया है।

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार, सड़कों की मेंटिनेंस या रीकार्पेटिंग के लिए तो सालाना बजट मिलता है, लेकिन, जंक्शन या गोल चक्कर की मेंटिनेंस नहीं हो पाती। साल 2023-24 में दिल्ली की सड़कों की रीकार्पेटिंग के लिए 944 करोड़ रुपये से अधिक का बजट मिला था। साल 2024-25 में 695 करोड़ रुपये का बजट मिला। इसी बजट में कुछ जंक्शन और गोल चक्कर का भी सौंदर्यीकरण किया गया। सैकड़ों गोल चक्कर और जंक्शन पीडब्ल्यूडी सड़कों पर हैं, जिनकी हालत अब बेहद खराब है। इन गोल चक्करों की रिपेयरिंग, सजावट और सौंदर्यीकरण का प्लान सरकार ने बनाया है।

AI Image

इन 47 चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण

रोड नंबर-62 पर सीमापुरी गोल चक्कर, गणेश नगर-पटपड़गंज क्रॉसिंग, न्यू अशोक नगर एंट्री पॉइंट, कोटला रोड-त्रिलोकपुरी ब्लॉक-13 क्रॉसिंग, गाजीपुर-त्रिलोकपुरी क्रॉसिंग, नोएडा-दिल्ली एंट्री पॉइंट, शांति वन जंक्शन, दयाल चौक गोल चक्कर, हनुमान मंदिर गोल चक्कर, बुराड़ी रोड गोल चक्कर, एमसीडी चौक सिविल लाइंस, रूप नगर गोल चक्कर, ईदगाह गोल चक्कर, रानी झांसी चौक, गढ़वाली चौक, छत्ता रेल-एनएस मार्ग गोल चक्कर, रोड नंबर-47 गोल चक्कर, गोखले मार्ग गोल चक्कर, तुर्कमान रोड गोल चक्कर, जेएलएन गोल चक्कर, जाकिर हुसैन कॉलेज गोल चक्कर, असफ आसफ अली रोड दिल्ली गेट के पास, राजौरी गार्डन क्रॉसिंग, मायापुरी चौक, बेरी वाला बाग चौराहा, जेल रोड-लाल साईं मार्ग क्रॉसिंग, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर क्रॉसिंग, आंबेडकर हॉस्पिटल गोल चक्कर, मधुबन चौक क्रॉसिंग, दीपाली चौक, चौधरी ब्रह्म प्रकाश चौराहा, नानकसर चौक, सरिता विहार क्रॉसिंग।

MCD स्कूलों के 35 बच्चों की आंखों का एम्स में इलाज

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले 35 बच्चों की आंखों का के एम्स में ट्रीटमेंट शुरू हो गया है। इसके अलावा दोनों जोनों के स्कूलों में पढ़ने वाले 783 बच्चों में से 132 स्टूडेंट्स ऐसे हैं जिन्हें देखने में दिक्कत है। नजर के चश्मे से उनकी यह दिक्कत भी दूर हो जाएगी। बच्चों को नजर का चश्मा उपलब्ध कराने के लिए एमसीडी की किसी सामाजिक संस्था से बात चल रही है।

132 बच्चों को लगे नजर के चश्मे

एमसीडी स्कूलों में गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं। ज्यादातर बच्चों के पैरेंट्स भी ज्यादा जागरूक नहीं होते। एमसीडी के एजुकेशन विभाग की पहल पर बच्चों की आंखों की जांच एम्स के डॉक्टरों से कराने का निर्णय लिया गया। एजुकेशन विभाग ने रणनीति बनाई कि क्यों न ऐसे बच्चों की पहचान के लिए पहले क्लास टीचर्स को ही ट्रेंड किया जाए। केशवपुरम और वेस्ट जोन के स्कूलों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत लिया गया। बच्चों की पहचान के लिए दो दर्जन से अधिक टीचर्स को एम्स में एक दिन की ट्रेनिंग दिलाई गई। टीचर्स को बताया गया कि उन्हें पढ़ने में असमर्थ बच्चों की पहचान कैसे करनी है। टीचर्स ने दोनों जोन के लगभग 20 स्कूलों के 783 बच्चों में से 167 ऐसे बच्चों की पहचान की जो ठीक से पढ़ नहीं पा रहे थे। इसके बाद एम्स के डॉक्टरों ने बच्चों के पैरेंट्स की मौजूदगी में इन सभी बच्चों की खुद जांच की।

काम की खबर

26 मार्च की रात 5 घंटे बंद रहेंगी PRS सेवाएं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली में पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) सेवा 26 मार्च की रात को पांच घंटे के लिए बंद रहेगी। नॉर्दर्न रेलवे प्रशासन के मुताबिक, इस दौरान 26 मार्च की रात 11:45 से इंटरनेट बुकिंग, टिकट कैंसल, पीएनआर इन्क्वायरी, चार्टिंग और पूछताछ नंबर 139 समेत सभी सेवाएं बाधित रहेंगी। 27 मार्च सुबह 4:45 बजे के बाद दोबारा से सेवाएं पहले की तरह शुरू कर दी जाएंगी।

साहित्य प्रेमियों के लिए 27 से 29 मार्च तक

'ढाई आखर साहित्योत्सव'

साहित्य प्रेमियों के लिए हिंदी भवन की ओर से साहित्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 'ढाई आखर साहित्योत्सव- विरासत से भविष्य तक' नाम से आयोजित यह उत्सव 27 से 29 मार्च 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम में साहित्य की बात तो होगी, साथ ही संवाद, रंगमंच और सिनेमा को लेकर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस उत्सव में भारत के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि लेखक-डिरेक्टर प्रसून जोशी विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। नवभारत टाइम्स मीडिया पार्टनर के रूप में इस साहित्योत्सव का हिस्सा है।

ये होंगे मुख्य कार्यक्रम

27 मार्च को शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मतिकृष्णा सितार वादन करेंगे जबकि प्रह्लाद टिपानिया कबीर गायन करेंगे। 29 मार्च को समापन के दौरान संजय उपाध्याय के निर्देशन में बिदेसिया लोकनाट्य का मंचन होगा।

ढाई आखर साहित्योत्सव

ये सिलेब्स भी होंगे शामिल

इस साहित्योत्सव में तमाम सिलेब्स भी हिस्सा लेंगे। इनमें सौरभ शुक्ला, चितरंजन त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, दिव्यप्रकाश दुबे, नीलोत्पल मृणाल, पीयूष मिश्रा, अमित सियाल और सुधीर मिश्रा शामिल हैं।

सौरभ शुक्ला
सेशन
रंग-अभिनय-रंग

पीयूष मिश्रा
सेशन
नज्म और नग्मे

सुधीर मिश्रा
सेशन: बायोस्कोप - सिनेमा की कहानी

अमित सियाल
सेशन
नज्म और नग्मे

नवभारत टाइम्स अपने चुनिंदा पाठकों को दे रहा है इस साहित्योत्सव में शामिल होने का मौका। इसका हिस्सा बनना चाहते हैं तो 7003890071 पर साहित्य/Sahitya लिखकर मैसेज करें या वॉट्सऐप करें। चुनिंदा पाठकों को इसमें शामिल होने के लिए पास दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की मिली धमकी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को फोन कॉल और वट्सऐप मेसेज पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। मंत्री के निजी सहायक विशेन्द्र शाह ने मामले की शिकायत तुगलक रोड थाना पुलिस को दी। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पूरे मामले की जांच चल रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में विशेन्द्र शाह ने बताया कि 18 मार्च की सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से एक कॉल आया। कॉल उठाते ही आरोपी ने मंत्री को जान से मारने की धमकी दी। उसने आधुनिक हथियारों का जिक्र करते हुए हत्या की बात कही। कॉल के बाद उसी नंबर से वट्सऐप पर कई मेसेज भेजे गए। इनमें मंत्री का कथित 'टूर कार्यक्रम' साझा किया गया था, जिस पर साफ तौर पर 'इनको गोली मार दो' लिखा हुआ था।

वट्सऐप पर मिली धमकी, पुलिस को दी शिकायत

आरोपी ने लोकेशन और वॉयस मेसेज भी भेजे, जिनमें लगातार धमकियां दी जा रही थीं। जब दोबारा नंबर पर संपर्क किया गया तो आरोपी ने कहा कि उसे यह जानकारी 'ऊपर से भेजी गई है।' विशेन्द्र शाह ने घटना की सूचना तुरंत तुगलक रोड पुलिस को दी। शिकायत में बताया गया है कि बीते कुछ दिनों से मंत्री के आवास के आसपास संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही हैं। एक अज्ञात व्यक्ति को पिछले गेट की निगरानी करते हुए देखा गया, जो दरवाजे के खुलने-बंद होने और लोगों की आवाजाही पर नजर रख रहा था। इसके अलावा, करीब तीन दिन पहले रात 9 से 10 बजे के बीच एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसके शीशे काले थे, कोठी के पास काफी देर तक खड़ी रही। उसमें सवार लोग निगरानी करते नजर आए। DCP सचिन शर्मा के अनुसार गुरुवार को मामले में शिकायत मिली है।

नाइट क्लबों में ग्रेनेड हमले के बाद था फरार, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा-जितेंद्र गोगी गैंग के शार्प शूटर करमवीर उर्फ कानू (38) को स्पेशल सेल ने 11 मार्च को गिरफ्तार किया है। वह दिसंबर 2024 में गुड़गांव के नाइट क्लबों पर ग्रेनेड हमलों में वॉन्टेड था। इसकी जांच नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) कर रही है। वह हरियाणा के झज्जर जिले से है, जिस पर हत्या, एक्सटॉर्शन, डकैती और कातिलाना हमला समेत 15 केस हैं।

फर्जी पासपोर्ट बनवा विदेश भागने की कर रहा था तैयारी

डीसीपी स्पेशल सेल (सदर्न रेंज) नार्दा चैतन्य के मुताबिक, दिल्ली और हरियाणा में दर्ज 9 केसों में वॉन्टेड करमवीर को 20 जून 2024 को एक हत्या के मामले में तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत मिली थी, जो इसके बाद जेल लौटकर नहीं आया और फरार हो गया। इसे कोर्ट ने मई 2025 में भगोड़ा करार दे दिया। गुड़गांव में दिसंबर 2024 को दो नाइट क्लबों पर हुए ग्रेनेड

AI Image

हमले के लिए अपने रिश्तेदार विजय और अन्य साथियों को गैंग के निर्देश पर तैयार किया था, जिसका मकसद क्लब मालिकों से रंगदारी वसूलना था। फरारी के दौरान आरोपी नेपाल भाग गया था, जहां वह करीब एक साल तक छिपा रहा। सितंबर 2025 में भारत लौटने के बाद असम, गोवा, बद्दी, मुंबई और हरियाणा के कई स्थानों पर छिपकर रहा था। इंस्पेक्टर पवन कुमार की टीम ने इसे राजस्थान के कोटपूतली से गिरफ्तार किया। इससे एक फर्जी पासपोर्ट, दो फर्जी आधार कार्ड और एक फर्जी वोटर आईडी भी मिली, जिनका इस्तेमाल होटलों में ठहरने और मोबाइल सिम/हैंडसेट खरीदने के लिए करता था। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए विदेश भागने की फिराक में था।

रोहिणी मर्डर केस के शूटर ने ही बरसाईं बवाना में गोलियां

Shanker.Singh
@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली: बवाना के हरेवली गांव में गुरुवार रात फायरिंग कर एक शख्स की हत्या करने वाले शूटर टिल्लू ताजपुरिया गैंग के निकले। सूत्रों के मुताबिक, मृतक रवि उर्फ पहलवान (30) कुख्यात गोगी गैंग का मेंबर था। इस हत्याकांड का मेन शूटर बवाना का अनिल उर्फ गोनी है। इसी ने 14 फरवरी को रोहिणी सेक्टर-17 में गोगी गिरोह के साहिल सोलंकी (22) की भी हत्या की थी। क्राइम ब्रांच ने इस केस में दो नाबालिगों को पकड़ा था, लेकिन अनिल उर्फ गोनी फरार है। वह लंबे समय से टिल्लू गैंग से जुड़ा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रवि को पहली बार 26 फरवरी 2022 को मानस डबास से गिरफ्तार किया गया था। इससे बरामद बाइक कंझावला थाना इलाके से चोरी की गई थी। इस तरह से इस पर दो केस पहली बार में दर्ज हो गए थे। वह गोगी गिरोह के लिए सज्जन उर्फ बिल्ली और अमित उर्फ प्रशांत उर्फ मिन्नू के साथ हथियार सप्लाई कर रहा था। रवि का नाम गुड़गांव के पटौदी में 25 फरवरी 2022 को शराब कारोबारी दो सगे भाइयों परमजीत और सुनील के मर्डर में साजिशकर्ता के तौर पर आया। इस वारदात को लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी सिंडिकेट ने अंजाम दिया था।

टिल्लू ताजपुरिया गिरोह ने एक महीने में गोगी गैंग के दूसरे बदमाश को उतारा मौत के घाट

शुरुआती जांच में पता चला है कि हरेवली में रवि की हत्या के लिए पांच शूटर आए थे। शूटर अनिल उर्फ गोनी और नरेला के हिमांशु खत्री की पहचान हो गई है। तीन अन्य बदमाशों की शिनाख्त की जा रही है। गोगी गैंग के साहिल सोलंकी की हत्या में गोनी वॉन्टेड चल रहा था। पुलिस उस तक पहुंचती, वो रवि के मर्डर को अंजाम दे गया। सोशल मीडिया में टिल्लू गैंग ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए पोस्ट भी डाली है। विदेश से गैंग को ऑपरेट कर रहे दीपक पाकसमा के नाम से यह पोस्ट डाली गई है। टिल्लू गैंग का खूंखार शूटर हिम्मत उर्फ चीकू भी पिछले महीने परोल जंप कर विदेश भाग चुका है। गैंग का अहम मेंबर अमित दबंग जेल में है।

मारे गए गैंगस्टर्स, गैंगवॉर हुई चालू

जांच में सामने आया है कि रवि जेल में बंद गोगी गैंग के दीपक डबास उर्फ तीतर के काफी नजदीक था। गैंग के सरगना जितेंद्र उर्फ गोगी की रोहिणी जेल में जज के सामने 24 सितंबर 2021 में हत्या हुई थी। इसका बदला लेने के लिए तिहाड़ जेल में 2 मई 2023 को गैंगस्टर टिल्लू का बेरहमी से कत्ल हुआ, जिसमें गोगी गैंग के दीपक तीतर और योगेश टुंडा के अलावा गैंगस्टर राजेश बवानिया और रियाज खान शामिल था। इसके बाद से ही गोगी गैंग के मेंबर टिल्लू गिरोह के टारगेट पर हैं। गोगी के गिरोह को जेल से टुंडा और विदेश से मोंटी मान ऑपरेट कर रहे हैं। ऐसे में दोनों गिरोहों के बीच गैंगवॉर तेज होने की आशंका है।

करंट लगने से मज़दूर की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कापसहेड़ा इलाके में शुक्रवार दोपहर निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे सूचना मिली थी। कापसहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। लोगों से पूछताछ में सामने आया कि एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पहली मंजिल पर काम कर रहे 32 वर्षीय झुलन ने लकड़ी का बांस दूसरी मंजिल पर मौजूद 45 वर्षीय राजकुमार उर्फ रामचंद्र को देने के लिए उठाया। तभी बांस हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गया, जिससे दोनों मजदूर करंट की चपेट में आ गए। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। झुलन का इलाज जारी है।

बारिश से मौसम ठंडा, सब्जियां भी होंगी महंगी!

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस रहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली वालों को मार्च में सुहानी सर्दी का अहसास हो रहा है। तीन दिन की हल्की बारिश के साथ शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो गुरुवार के तापमान से 5.1 डिग्री कम है। सामान्य से तापमान में 9.6 डिग्री की गिरावट आई है। शुक्रवार सुबह ही हल्की बारिश ने शहर को भिगोया, दिनभर बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं भी चलीं, जिससे तापमान में काफी गिरावट आ गई। गुरुवार को भी बारिश और तेज हवाओं की वजह से तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 24 घंटे में 6.8 डिग्री की गिरावट थी। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल ठंडी हवाओं और बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, लेकिन अगले 2-3 दिनों में गर्मी फिर से लौटने लगेगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 26-28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13-15 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 15 मार्च से ही दिल्ली का मौसम बदला-बदला है।

अगले 2-3 दिनों में गर्मी फिर से लौटने लगेगी

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में करीब 6.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि दिन में भी हल्की बारिश (1.4 मिमी) हुई। नमी का स्तर काफी ज्यादा रहा, जिससे ठंडक का अहसास बना रहा। हवाएं खासतौर पर उत्तर-पूर्व दिशा से 20 से 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। मौसम विभाग ने रात के लिए भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान किया।

मौसम विभाग का कहना है कि 21 मार्च से मौसम धीरे-धीरे साफ होने लगेगा, हालांकि आंशिक बादल छाए रहेंगे। 22 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी। 21 मार्च को तापमान क्रम ही 26-28 डिग्री सेल्सियस और 13-15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, तो 22 मार्च को यह तीन डिग्री तक बढ़कर 29-31 डिग्री तक जा सकता है। वहीं, 23 से 26 मार्च तक अधिकतम तापमान 30-33C तक पहुंचने की संभावना है। 23 मार्च को भी हल्की बारिश की संभावना है, हालांकि तापमान 30 पार रहने की उम्मीद है।

शुक्रवार को दिन में कई इलाकों में बारिश हुई, जिसके बाद मौसम ठंडा हो गया है

दिल्ली को मिली साल की सबसे साफ हवा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मौसम में अचानक से हुए बदलाव के बाद दिल्ली की हवा इस साल सबसे साफ हुई है। शुक्रवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 98 पर पहुंच गया। सुबह से रात तक यह कम होता गया, सुबह यह 113 था, शाम को 93 और रात को 89 पहुंच गया। आईटीओ में यह 59, लोदी रोड और शादीपुर में 56 रहा। रात को AQI कुछ और नीचे खिसकता गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, तीन दिन की बारिश और तेज हवाओं के बीच दिल्ली में वेंटिलेशन इंडेक्स ज्यादा रहा, जिससे प्रदूषकों का फैलाव हुआ और हवा की क्वालिटी बेहतर हुई है। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने 47 पल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशन में से 43 स्टेशन का डेटा जारी किया। 30 स्टेशन में यह 100 से कम हो गया। कुछ इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी नीचे हुआ। श्री अरबिंदो मार्ग में AQI 68, आईआईटी दिल्ली में AQI 59, आईजीआई एयरपोर्ट में 62 दर्ज किया गया। 11 इलाकों में यह 100 और 200 के बीच था, जैसे एनएसयूटी, न्यू मोती बाग, जहांगीरपुरी।

दूसरी ओर, एनसीआर में भी हवा में प्रदूषण का ग्राफ काफी नीचे हुआ। गुड़गांव में AQI 83, ग्रेटर नोएडा में 97, गाजियाबाद में 95, फरीदाबाद में 156 और नोएडा में 79 दर्ज किया गया।

बारिश और त्योहारों से फलों और सब्जियों के दाम में उतार-चढ़ाव

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

AI Image



नवरात्र की शुरुआत के साथ ही राजधानी में मौसम और बाजार दोनों का मिजाज बदल गया है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश का असर आजादपुर मंडी पर साफ दिखाई पड़ रहा है। शुक्रवार को सुबह की बारिश के कारण मंडी में खरीदार कम पहुंचे, जिससे थोक बाजार में फलों और सब्जियों के दामों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि शनिवार और रविवार को मंडी बंद रहने वाली है। ऐसे में लोकल बाजारों में सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है, जिसके चलते आने वाले दो दिनों में फल और सब्जियों के दाम 10 से 15 फीसदी तक बढ़ सकते हैं।

मंडी में खरीदारों की कमी के कारण व्यापारियों को घाटे में माल बेचना पड़ा। खासतौर पर अंगूर के दाम में भारी गिरावट देखने को मिली, जहां एक पेटी पर 200 से 300 तक कम भाव मिले। इसके उलट, लोकल बाजारों में नवरात्रि के चलते फलों की मांग बढ़ गई है। अंगूर 200 से 250 प्रति किलो, अनार 220 से 250 प्रति किलो और मौसंबी 180 से 200 प्रति किलो तक बिक रहा है। पपीता, चीकू और अमरूद के दामों में भी तेजी दर्ज की गई है। सब्जियों की बात करें तो हरी सब्जियां करीब 7-10 फीसदी तक महंगी हो गई है। वहीं सेब, केला, खीरा, ककड़ी और खरबूजे की मांग में इजाफा हुआ है। लोकल बाजारों में केला 70 से 80 प्रति दर्जन और पपीता 80 से 90 प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। गोभी का सीजन खत्म होने से इसके दामों में भी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

खरीदार कम पहुंचने से थोक बाजार में फलों और सब्जियों के दामों में गिरावट

नरेला के एक फल विक्रेता निशांत कुमार ने बताया कि नवरात्रि के चलते फलों की डिमांड बढ़ी है, लेकिन महंगे फलों से ग्राहक दूरी बना रहे हैं और केला जैसे सस्ते फल ज्यादा खरीदे जा रहे हैं। बारिश और सप्लाई में संभावित कमी के चलते बाजार में फिलहाल अस्थिरता बनी हुई है और आने वाले दिनों में कीमतों में और बदलाव देखने को मिल सकता है। अभी हाल में ही रमजान का महीना समाप्त होने को है इसकी वजह से पहले रमजान में भी फल सब्जियों के डिमांड बढ़े हुए थे, लेकिन अब नवरात्रि की वजह से स्थिति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

ई-रिक्शा से पीछा कर दो स्नैचरों को दबोचा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मदनगीर की एक युवती ने अपनी हिम्मत और हौसले से मोबाइल छीनकर भागे दो बदमाशों का पीछा कर दबोच लिया और अपना फोन वापस हासिल कर लिया। घटना 19 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे की है। तनिष्का (26) कालकाजी मंदिर जा रही थी। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। हनुमान मंदिर के पास बीआरटी रोड पर ऑटो के इंतजार में खड़ी थी, तभी स्कूटी सवार दो युवक उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। वह दौड़ी और एक ई-रिक्शा ड्राइवर की मदद से उनका पीछा कर पीएसआरआई अस्पताल के पास लोगों की मदद से उन्हें घेर कर पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मनीष (28) और रवि (24) के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से मोबाइल और स्कूटी बरामद कर ली गई।

BRT रोड पर फोन झपटकर भागे थे बदमाश

फैक्ट्री में मशीन से कटा महिला का हाथ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: करावल नगर में बर्तन साफ करने का जूना (स्क्रब) बनाने वाली एक फैक्ट्री में काम करने के दौरान एक महिला मजदूर की मशीन में हाथ फंसने के कारण एक हाथ कट गया। महिला को ESIC अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जांच में पता चला कि फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। करावल नगर पुलिस फैक्ट्री मालिक मोहम्मद यूनुस के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चांदनी देवी (38) परिवार के साथ करावल नगर में रहती है। वह पिछले 3 साल से मुखिया मार्केट की गली संख्या एक स्थित एक फैक्ट्री में काम कर रही है। 17 मार्च की सुबह करीब 10:30 बजे काम करते वक्त मशीन में उनका दाहिना हाथ फंसकर कट गया।

फैक्ट्री में सुरक्षा को लेकर नहीं था कोई इंतजाम

बाइक की टक्कर से कॉन्स्टेबल घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: चाणक्यपुरी इलाके में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे युवक ने ड्यूटी से लौट रहे कॉन्स्टेबल को टक्कर मार दी। हादसे में कॉन्स्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चाणक्यपुरी थाने में तैनात कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार मीणा (29) 17 मार्च की रात संसद सत्र की ड्यूटी खत्म कर बाइक से वापस थाने लौट रहे थे। रास्ते में वह संजय कैंप से अपनी वर्दी लेकर लौट रहे थे। रात करीब 8:30 बजे जैसे ही वह कोरिया एंबेसी के सामने सत्य मार्ग चौराहे पर पहुंचे, तभी रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

होमस्टे के स्टाफ ने ही चुरा लिए ₹1.25 लाख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पालम गांव में एक होमस्टे के स्टाफ ने कैश काउंटर से 1.25 लाख की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान द्वारका के साहिल उर्फ गौरव (23) के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक लाख 11 हजार रुपये और चोरी के रुपयों से खरीदा गया 10500 हजार रुपये का सामान बरामद किया है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 11 मार्च को रामकल चौक पालम एक्सटेंशन इलाके में चलने वाले होमस्टे के मैनेजर विनय ने चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि होमस्टे के रिसेप्शन के कैश काउंटर से 1,25,850 रुपये चुरा लिए गए हैं। सीसीटीवी की जांच में साहिल चोरी करता नजर आया। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया।

फाइव स्टार होटल का शेफ चोरी में गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आरके पुरम थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मास्टर की से घरों में लगे लॉक खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पकड़े गए आरोपी की पहचान केडी कॉलोनी, आरके पुरम निवासी नीलेश उर्फ निकेश (22) के रूप में हुई है। वह फाइव स्टार होटल में शेफ है। उसके कब्जे से पुलिस ने 2.69 लाख रुपये की नकदी और 12 लाख की ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपी ड्यूटी के दौरान वारदात करता था जिससे पूछताछ में साबित कर सके कि घटना के समय वह होटल में था।

‘सीधे सुप्रीम कोर्ट आना ठीक नहीं, पहले HC जाएं’

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: परवालों को छोड़कर रह रहे एक कपल की सुरक्षा से संबंधित याचिका का शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में उल्लेख किया गया। अदालत ने वकील को राहत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा। मामले में एक अजीब मोड़ तब आया जब याचिका का उल्लेख करने वाली वकील ने इस युवा कपल को सुप्रीम कोर्ट के पार्किंग क्षेत्र में पाया।

वकील ने बताया कि यह जोड़ा सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो से प्रभावित होकर इस गलतफहमी में सुप्रीम कोर्ट आया था कि वे अदालत परिसर में ही शादी कर सकते हैं और भारत के चीफ जस्टिस से तुरंत सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। एडवोकेट ने कहा कि जोड़े को गंभीर खतरे का डर था, क्योंकि उनका दावा था कि उनके माता-पिता उनके संबंध के लिए उन्हें कड़ी सजा देना चाहते हैं।

एक कपल की सुरक्षा याचिका का SC में जिक्र होने पर CJI ने कहा

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने वकील से इस याचिका के साथ हाई कोर्ट का रुख करने को कहा। इस दौरान वकील ने आगे बताया कि वह जोड़े को सहायता के लिए तिलक मार्ग पुलिस थाने लेकर गई थी, लेकिन सुरक्षा देने के बजाय पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की। इस पर चीफ जस्टिस ने सवाल किया कि ऐसे मामले में याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को क्यों दरकिनार करते हैं। शीर्ष अदालत ने पूछा कि अनुच्छेद 226 के अधिकार क्षेत्र के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों?" मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालय ऐसे मामलों से निपटने के लिए सक्षम हैं।



LPG सिलिंडर के संकट के बीच कई दुकानदारों ने दुकान के बाहर लगाया नोटिस

बेकरी आइटम और मिठाई के दाम भी बढ़े

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: **एलपीजी सिलिंडर** की किल्लत का असर बाजारों में साफ दिखने लगा है। इसका सीधा असर बेकरी आइटम और मिठाइयों के दाम पर पड़ रहा है। बिस्किट, नमकीन से लेकर कई मिठाइयों के रेट में उछाल आया है। जिसका असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। वहीं, देसी घी के रेट में भी उछाल आया है।

बेकरी और मिठाई कारोबार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि एलपीजी सिलिंडर की अनियमित सप्लाई के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है। गैस की कमी के चलते उन्हें सीमित मात्रा में ही सामान तैयार करना पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ रही है और इसका असर सीधे कीमतों पर पड़ रहा है। कारोबारी प्रवीण गोयल ने बताया कि बेकरी आइटम जैसे बिस्किट और नमकीन की कीमत में प्रति किलो 15 से 20 रुपये की तेजी आई है। इसके अलावा देसी घी की कीमत में प्रति किलो 10 रुपये बढ़ गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि घी की कीमत बढ़ने से इससे बनने वाली मिठाइयों की कीमत में भी उछाल आ सकता है।

वहीं, लड्डू की कीमत में प्रति किलो करीब 40 रुपये की तेजी आ गई है। दावा है कि आने वाले दिनों में अन्य मिठाइयों के रेट बढ़ सकते हैं। उधर, कई ऐसे दुकानदार हैं जिन्होंने गैस सिलिंडर की सप्लाई प्रभावित होने की वजह से खाने के सामानों में रेट बढ़ने के नोटिस भी लगा दिए हैं।

खाड़ी देशों में युद्ध के कारण दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से एलपीजी सिलिंडर की किल्लत से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं

प्रीमियम पेट्रोल, इंडस्ट्रियल डीजल के रेट बढ़ाए गए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इसकी वजह से ट्रांसपोर्टरों ने चिंता जताई है। हालांकि, डीजल-पेट्रोल पंप कारोबारियों का दावा है कि फिलहाल नॉर्मल डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने के आसार कम हैं। ऑल इंडिया मोटर ऐंड गुड्स ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.09 से 2.35 प्रति लीटर तक की वृद्धि की गई है। साथ ही, इंडियन ऑयल द्वारा औद्योगिक डीजल की कीमत 87.57 से बढ़ाकर 109.59 प्रति लीटर कर दी गई है, जो 22.02 की वृद्धि है। हालांकि वर्तमान में सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जिससे आम लोगों को तत्काल राहत मिली है। परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले डीजल और सीएनजी की कीमतों में वृद्धि न हो। फिलहाल नॉर्मल डीजल और पेट्रोल के कीमत बढ़ने के आसार कम हैं।

इसे लेकर ट्रांसपोर्टरों ने चिंता जताई है

NDMC ने PNG पाइपलाइन के काम के लिए दी बड़ी छूट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक सर्कुलर जारी कर पीएनजी सप्लाई करने वाली कंपनी आईजीएल का सड़क मरम्मत शुल्क आगामी तीन महीने के लिए माफ कर दिया है। इस फैसले के बाद इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों का तेजी से विस्तार किया जा सकेगा। इसके पीछे एक मकसद यह है कि स्थानीय निवासियों और संस्थानों को बिना किसी देरी के पीएनजी कनेक्शन मिल सकें।

पालिका परिषद द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, पीएनजी कनेक्शनों के लिए आईजीएल पाइपलाइन बिछाने पर लगने वाला सड़क बहाली शुल्क, सर्कुलर जारी होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए माफ कर दिया गया है। एनडीएमसी ने आगे निर्देश दिया है कि आईजीएल पाइपलाइन बिछाने से संबंधित सड़क काटने की अनुमति, आवेदन मिलने के 24 घंटे के भीतर दे दी जाएगी, साथ ही काम तुरंत शुरू करने के निर्देश भी दिए जाएंगे।

आईजीएल को निर्देश दिया गया है कि वह पर्याप्त जनशक्ति और संसाधनों को तैनात करके प्राथमिकता के आधार पर काम करे, और यह सुनिश्चित करे कि खोदे गए सभी हिस्सों को बिना किसी देरी के ठीक से भर दिया जाए। पालिका परिषद के संबंधित सड़क डिविजनों को भी निर्देश दिया गया है कि वे प्रभावित सड़क हिस्सों की बहाली प्राथमिकता के आधार पर और एक निश्चित समय सीमा के भीतर करें, ताकि ट्रैफिक में रुकावट और आम जनता को होने वाली असुविधा कम से कम हो।

सेटलमेंट के लिए नहीं माना, ईंट से फोड़ा सिर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गीता कॉलोनी में एमसीडी ऑफिस में तीन भाई अपने एक साथी के साथ पहुंचे और जूनियर इंजिनियर पर सेटलमेंट करने का दबाव बनाने लगे। लेकिन जेई जब नहीं माने तो आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। फिर उनके सिर पर ईंट से हमला कर उनका सिर फोड़ दिया। उसके बाद जेई ने वहां से किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। उनके बयान पर गीता कॉलोनी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित मयूर कुमार संगल मुजफ्फरनगर, यूपी के रहने वाले हैं। वह एमसीडी में जेई हैं। उनका आरोप है कि गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे बुधबार बाजार पुलिया के पास स्थित अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। तभी तरुण गुप्ता अपने भाई वरुण और अरुण गुप्ता के अलावा एक अन्य साथी साहिल शर्मा के साथ ऑफिस में आया। फिर उन पर सेटलमेंट का दबाव बनाने लगे।

CP में क्लब के बाहर लड़के पर ब्लेड से हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कनॉट प्लेस (CP) में स्थित एक फाइव स्टार होटल के क्लब के बाहर एक युवक पर ब्लेड से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने तीन लोगों पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित विशाल (30) ने बताया कि वह पहाड़गंज में रहते हैं। 16 मार्च की रात अपने दोस्त ऋषि, अक्षय और अनीश के साथ एक फाइव स्टार होटल के क्लब गए थे। वहीं उन पर हमला किया गया।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	43-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 दिल्ली डिवीजन के ऊपर मालगाड़ी साइडिंग में एसएसओएलएनएमए टीकेडीएस कीडीईएस एसएसीएफ पीएसी स्टेशनों पर उच्च मस्तूल टावरों की स्थापना और असंचालित (जालीदार प्रकार की) उच्च मस्तूल टावरों को हटाने से संबंधित विद्युत कार्य और मौजूदा उच्च मस्तूल टावर की रेलिंग से बाड़ लगाना।		
निविदा की अनुमानित लागत	₹ 10019043.00/-	कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली
बयाना राशि	₹ 200400.00/-	निविदा निवेदन की दिनांक व समय	10.04.2026, 16.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय	10.04.2026, 16.00 बजे	वेब साइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता जी, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 954/2026

NOIDA New Okhla Industrial Development Authority
Administrative Building, Sector-6, Noida, (U.P.)
Website : www.noidaauthorityonline.in

Selection of Consultant for Citizen Centric Planning Initiatives for New Okhla Industrial Development Authority (NOIDA)

Job No: 03/PLANNING/2026

New Okhla Industrial Development Authority (NOIDA) re-invites "RFP for Selection of Consultant for Citizen Centric Planning Initiatives for New Okhla Industrial Development Authority (NOIDA)"

Last date of bid submission	27-03-2026, 17.00 hrs
Opening of Bid	30-03-2026, 12.00 hrs

Interested eligible bidders can submit the bid along with the mentioned documents. RFP can be downloaded from the website www.noidaauthorityonline.in, www.etender.up.nic.in last date of bid submission is 27-03-2026 by 17.00hrs

General Manager, Planning Department NOIDA

CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA

AUD के प्लेसमेंट मेले में पहुंची 40+ कंपनियां

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट और इंटर्नशिप मेला 2026 में 40 से ज्यादा कंपनियां पहुंचीं। तीन दिन के इस मेले में यूनिवर्सिटी के 15 स्कूलों के 500 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। आखिरी दिन शुक्रवार को भी कई स्टूडेंट्स के इंटरव्यू यूनिवर्सिटी में हुए।

दिल्ली सरकार की आंबेडकर यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर अनु सिंह लाठर ने कहा कि यह मेला केवल नौकरी देने की ड्राइव नहीं, बल्कि अकादमिक जगत और इंडस्ट्री के बीच एक मजबूत पुल बनाने का भी काम है। इस दौरान स्टूडेंट्स और इंडस्ट्री प्रतिनिधियों के बीच संवाद और नेटवर्किंग हो रही है और स्टूडेंट्स को नौकरी पाने का मौका मिल रहा है। मेले में इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए यूनिवर्सिटी के अलग-अलग स्कूलों के 500 से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया। करियर के कई आयाम को लेकर पैनल चर्चाएं भी चलीं।

DU की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 2500 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी में मेगा प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव 'अवसर 2026' में 4 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। अलग-अलग सेक्टर की 93 कंपनियों/स्टार्टअप और एनजीओ 2500 से ज्यादा जॉब ऑफर कर रही हैं। शुक्रवार को हुई इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रोफाइल आधारित स्क्रीनिंग और इंटरव्यू के आधार पर स्टूडेंट्स को शॉर्टलिस्ट किया गया। जल्द ही चुने गए स्टूडेंट्स को कंपनियां ऑफर भेजेंगी।

इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्घाटन करते हुए डीयू के वीसी प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 'अवसर 2026' स्टूडेंट्स के लिए एक ऐसे प्रवेश द्वार है, जिसके माध्यम से वे आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू कर सकेंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिस और सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के तहत आयोजित इस ड्राइव पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन त्रिपाठी ने कहा कि इस ड्राइव में अंडरग्रैजुएट, पोस्टग्रैजुएट और पीएचडी के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। 93 कंपनियां 2500 से ज्यादा नौकरियां स्टूडेंट्स को देने वाली हैं। जॉइंट डीन प्रो. हेमा सिंह ने बताया कि हमें स्टूडेंट्स और कंपनियों दोनों से बेहतर रिस्पॉन्स मिला है। 160 स्टूडेंट्स को ऑन द स्पॉट चुना गया। एवरेज पैकेज 5.5 लाख रुपये का है, सबसे ज्यादा पैकेज 16 लाख रुपये सालाना का दिया जाएगा।

अलग-अलग सेक्टर की 93 कंपनियों ने दिए जॉब ऑफर

SOL के स्टूडेंट्स को शामिल नहीं करने पर स्टूडेंट्स ने जताया विरोध

SOL स्टूडेंट्स का विरोध, हमें मौका क्यों नहीं?: यह प्लेसमेंट ड्राइव रेगुलर स्टूडेंट्स के साथ-साथ नॉन-कॉलेजिएट वुमंस एजुकेशन बोर्ड (NCWEB) की स्टूडेंट्स के लिए रखी गई, मगर स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (SOL) के स्टूडेंट्स को इसमें शामिल नहीं किया गया। इस पर नाराज स्टूडेंट्स ने क्रांतिकारी युवा संगठन की अगुवाई में जॉब मेले के बाहर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिस के बाहर विरोध किया और डीन को ज्ञापन दिया। एबीवीपी ने बताया कि प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आगे की प्लेसमेंट ड्राइव में एसओएल स्टूडेंट्स को मौका दिया जाएगा। इस मामले में एक अधिकारी ने कहा कि कैंपस प्लेसमेंट सेल पहले से ही रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए ही ड्राइव रखती थी, बाद में NCWEB के अनुरोध पर उन्हें जोड़ा गया। अब SOL के लिए भी इस पर विचार किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 03-20-2026 23:41 Color:

300 बसों को CM ने दिखाई हरी झंडी

6100 के पार पहुंची DTC बसों की संख्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 300 नई इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर सड़कों पर उतारा। इन बसों के आने के साथ ही DTC में बसों का बेड़ा अब 6100 के पार पहुंच गया है। CM ने कहा कि स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित और भविष्य की परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह अहम कदम है। उन्होंने इस दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की सब्सिडी भी जारी करने के साथ दिल्ली से गाजियाबाद के बीच बस सेवा की भी शुरुआत की। इस मौके पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

CM ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा सार्वजनिक परिवहन तंत्र विकसित करना है जो सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल हो। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए DTC की तारीफ की। उन्होंने पिछली सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हम DTC को वित्तीय देनदारियों को भी दे रहे हैं, साथ-साथ बसों की संख्या बढ़ाकर मजबूत परिवहन व्यवस्था खड़ी कर रहे हैं। पूर्व की सरकारों ने DTC की स्थिति बहुत कमजोर कर दी थी, जिसे हम ठीक कर रहे हैं।

> अब जो बसें सड़कों पर उतर रही हैं उनमें CCTV कैमरे लगे हैं। रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए GPS लगा है। AC बसें जीरो प्रदूषण के साथ सड़कों पर चल रही हैं।
> -रेखा गुप्ता

'ISBT के पुनर्विकास पर भी दे रहे हैं ध्यान'

CM ने कहा कि हम बसें बढ़ाने के साथ-साथ बस डिपो के आधुनिकीकरण, ISBT के पुनर्विकास, DTC कार्यालय के निर्माण, ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (PUCC) को मजबूत करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। अब जो बसें सड़कों पर उतर रही हैं उनमें CCTV कैमरे लगे हैं। रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए GPS लगा है। AC बसें जीरो प्रदूषण के साथ सड़कों पर चल रही हैं। इस मौके पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि इन 300 बसों के शामिल होने से दिल्ली का कुल बस बेड़ा 6,100 से ज्यादा हो गया है और मार्च तक 5,000 इलेक्ट्रिक बस के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। यह बस सिर्फ परिवहन व्यवस्था को मजबूत नहीं करेंगी, बल्कि प्रदूषण कम करने के साथ सुरक्षित सफर भी कराएंगी।

इस मौके पर CM रेखा गुप्ता के साथ परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे

EV का 24 करोड़ बकाया, सब्सिडी जारी

नई बसों को हरी झंडी दिखाने के साथ CM रेखा गुप्ता ने लंबे समय से लंबित इलेक्ट्रिक वाहन खरीदारों की सब्सिडी भी जारी की है। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान ही 12 हजार 877 ई-वीहिकल खरीदारों को 24 करोड़ रुपये सीधे उनके खाते में भेज दिए गए। ये वो लाभार्थी हैं, जिनका जून 2023 से ई-वाहनों की सब्सिडी रुकी हुई थी। अब सरकार ने PFMS पोर्टल और डीबीटी प्रणाली के जरिए सब्सिडी सीधे खाते में भेज रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि पहले चरण में 12,877 लाभार्थियों को लगभग 24.04 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।



PTI

सरकार का कहना है कि इन नई इलेक्ट्रिक बसों में CCTV कैमरे भी लगे हैं। रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए GPS लगा है। AC बसें जीरो प्रदूषण के साथ सड़कों पर चल रही हैं

आज मनाया जाएगा ईद का त्योहार

PTI

■ ईद मुबारक: दिल्ली की जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। आज देशभर में ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

बड़े प्लॉट पर पानी कनेक्शन आसान, अब 25% देकर शुरू करा सकेंगे काम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉटों पर जो लोग मकान, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, स्कूल, हॉस्पिटल या नर्सिंग होम बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, उनके लिए एक अच्छी खबर है। पानी के कनेक्शन के लिए उन्हें वॉटर डिवेलपमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज के लाखों रुपये एक मुश्त जमा कराने की जरूरत नहीं है। नक्शा पास कराते समय कुल वॉटर डिवेलपमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज का 25 प्रतिशत पैसे का भुगतान कर वह कंस्ट्रक्शन के लिए प्रोविजनल एनओसी प्राप्त कर सकते हैं। बाकी 75 प्रतिशत इन्फ्रा चार्ज पानी के कनेक्शन के अंतिम स्वीकृति के समय लागू दरों के अनुसार समायोजित किया जाएगा। यह कहना है कि दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का। उन्होंने कहा कि यह लोगों के लिए बड़ी राहत है। भविष्य में यह भी संभव है कि वॉटर इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज को स्थायी रूप से कम कर कॉलोनियों के कैटिगरी वाइज नहीं, बल्कि प्लॉट एरिया के हिसाब से इसे लगाया जाए। 200 वर्ग मीटर या इससे छोटे प्लॉटों पर वॉटर कनेक्शन डिवेलपमेंट चार्ज नहीं लिया जाएगा।



प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार लंबे समय से वॉटर डिवेलपमेंट इन्फ्रा चार्ज की उच्च दरें कंस्ट्रक्शन और डिवेलपमेंट में बाधा बनी हुई थीं। कंज्यूमर्स और डिवेलपर्स को बिल्डिंग प्लान अप्रूवल के दौरान पानी कनेक्शन के लिए डिवेलपमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर चार्ज का भी भुगतान करना पड़ता था, जो लाखों में होता था। ए और बी कैटिगरी की कॉलोनियों में 200 वर्ग मीटर या इससे बड़े प्लॉटों पर निर्माण के लिए इन्फ्रा चार्ज 255.27 वर्ग फीट के हिसाब से भुगतान करना पड़ता था। सी कैटिगरी की कॉलोनियों में 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉटों पर निर्माण के लिए इन्फ्रा चार्ज 191.45 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से देना पड़ता था। कमर्शल कैटिगरी के ए और बी कैटिगरी की कॉलोनियों में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन पर इन्फ्रा चार्ज 446.70 रुपये/ वर्ग फीट के हिसाब से वसूला जाता था। इंस्टिट्यूशनल कैटिगरी में यह दरें 319.05 रुपये/ वर्ग फीट तय की गई हैं।

■ मकान, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, स्कूल, हॉस्पिटल बनाने की प्लानिंग कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर

AI Image

वर्तमान में वॉटर डिवेलपमेंट चार्ज (कैटिगरी वाइज)

पानी

प्रॉपर्टी के प्रकार	A-B	C	D	E-F-G-H
रेजिडेंशल	255.27	191.45	127.63	63.81
कमर्शल	446.70	319.07	191.45	127.63
इंस्टिट्यूशनल	319.07	255.27	159.54	95.72

सीवर

प्रॉपर्टी के प्रकार	A-B	C	D	E-F-G-H
रेजिडेंशल	153.16	114.87	76.57	38.29
कमर्शल	268.03	191.45	114.87	76.58
इंस्टिट्यूशनल	191.45	153.16	95.72	57.42

12 मंज़िला होगा DTC मुख्यालय, 400 गाड़ियों के लिए होगी पार्किंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को किया शिलान्यास, तीन साल में बनकर होगा तैयार

दिल्ली परिवहन निगम (DTC) मुख्यालय का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यालय का शिलान्यास किया। 12 मंजिला इस इमारत में कुल 400 गाड़ियों की पार्किंग होगी, जिसमें 200 बसें और 200 कारें शामिल होंगी। PPP मॉडल पर विकसित होने के कारण इसका 50 प्रतिशत हिस्सा लीज पर DSIIDC के पास रहेगा, जिसका प्रयोग कमर्शियल गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

अफसरों के अनुसार DTC मुख्यालय का पूरा परिसर करीब 26,015.78 वर्ग मीटर में होगा। इसमें 12,234.54 वर्ग मीटर बसों के परिचालन के लिए उपयोग किया जाएगा जबकि 6,158 वर्गमीटर में नए मुख्यालय का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, 9,681.71 वर्ग मीटर हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे पूरा करने में लगभग 207 करोड़ रुपये खर्च होंगे और निर्माण में करीब तीन साल का समय लगेगा। DTC ने इसके निर्माण के लिए DSIIDC से समझौता किया है, जो इसे पूरा करेगा।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मौजूदा DTC मुख्यालय की स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए अब DSIIDC के साथ समझौता किया गया है। इसके तहत 30 वर्षों के लिए मुख्यालय का 50% हिस्सा वाणिज्यिक उपयोग के लिए DSIIDC के पास रहेगा। उन्होंने बताया कि नए परिसर में 200 बसों और 200 से अधिक कारों के लिए बेसमेंट पार्किंग होगी। इस इमारत के बनने से प्रशासन की कार्यक्षमता के साथ ही बस परिचालन सेवा में भी सुधार होगा।

DTC मुख्यालय की इमारत जीरो वेस्ट कॉन्सेप्ट के साथ इको-फ्रेंडली बनाई जाएगी। इसमें सोलर पैनल लगाए जाएंगे। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरओ प्लांट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी सुविधाएं भी होंगी।

दिल्ली-गाज़ियाबाद के बीच भी DTC बस शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम ने दिल्ली-गाजियाबाद के बीच दोबारा बस सेवा की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को आईपी डिपो से इस बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। बीते कुछ समय से सरकार लगातार अंतरराज्यीय बस सेवाओं का विस्तार कर रही है। दिल्ली-गाजियाबाद के बीच 3 ई-बस के साथ परिचालन शुरू किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह बस सेवा उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नानकसर से गाजियाबाद के बीच चलेगी। पूरा रूट 21 किमी का होगा। बस नानकसर से चलकर भजनपुरा, लोनी रोड, यूपी बॉर्डर, पसोंडा, हिंडन एयरपोर्ट और मोहन नगर जैसे प्रमुख स्थानों से सीधे कनेक्ट करेगी। यह रूट दिल्ली के व्यस्त सड़कों में से एक है।

> रोज 12 ट्रिप लगाएंगी बसें, 21 किमी का होगा यह पूरा रूट

डीटीसी के मुताबिक, शुरुआत में 3 इलेक्ट्रिक बसें पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर इस रूट पर चलाई जाएंगी, जो रोजाना अप-डाउन में 12 ट्रिप पूरा करेंगी। यह सर्विस सुबह 7:15 से रात 10:10 बजे तक संचालित होगी और अधिकतम किराया 53 रुपये रखा गया है। बताते चलें सरकार ने आने वाले दिनों में 17 नए रूट पर अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसमें मथुरा, हरिद्वार, अयोध्या जैसे धार्मिक रूट पर भी शामिल हैं।

किन्नरों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी सरकार: CM

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में किन्नर समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद किया। समुदाय के सदस्यों ने अपने अनुभव, सुझाव और अपेक्षाएं साझा करते हुए सामाजिक, आर्थिक और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

सीएम ने आश्वासन दिया कि किन्नर समुदाय से प्राप्त सुझावों को बजट 2026 में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसा समावेशी बजट तैयार करना है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग की जरूरतों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करे। संवाद के दौरान प्रतिनिधियों ने 'सहेली पिंक कार्ड' योजना के तहत डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा का स्वागत किया और इसे आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

किन्नरों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और संवेदनशील बनाने और कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की मांग की। इसके अलावा बेहतर आवास, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

> CM ने समुदाय के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्नर समुदाय समाज का अभिन्न हिस्सा है और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार सभी वर्गों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

IIT दिल्ली के अल्मनाई का 75 करोड़ का गिफ्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलजी (IIT) दिल्ली के पुराने स्टूडेंट अनंत यार्दी ने अपने इंस्टिट्यूट को 75 करोड़ रुपये की एकमुश्त रकम देने का वादा किया है, जिससे उनका कुल योगदान 150 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह फंड इंस्टिट्यूट में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) रिसर्च और कैंपस इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगा। यार्दी के नए डोनेशन की मदद से 'इंफ्रास्ट्रक्चर रिन्यूअल और एक्सपेंशन प्रोग्राम' पर भी खर्च किया जाएगा। इसके तहत नए आवास और एक आधुनिक अकादमिक इमारत बनाई जाएगी।

> अनंत यार्दी इससे पहले भी दे चुके हैं 75 करोड़ रुपये

नॉर्थ अमेरिका में यार्दी कम्युनिकेशन बड़ा रीयल एस्टेट सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर है। नई डोनेशन रकम का एक बड़ा हिस्सा यार्दी स्कूल ऑफ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (ScAI) को दिया जाएगा। 2020 में बना यह स्कूल AI, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के क्षेत्र में एजुकेशन और रिसर्च को बढ़ावा दे रहा है।

3D कंटेंट + स्मार्ट टेस्ट

स्कूलों में 'ब्लेंडेड लर्निंग' सिस्टम बनाने का प्लान

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली :** सरकारी स्कूलों में पढ़ाई को और बेहतर बनाने के लिए अब डिजिटल कंटेंट से लेकर छोटे-छोटे टेस्ट पर जोर होगा। इसे लेकर एक सिस्टम बनाने की तैयारी है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय अपने स्कूलों में 'ब्लेंडेड लर्निंग' मॉडल विकसित करना चाहता है, ताकि सीखने के लिए ज्यादा स्वतंत्रता मिल सके। इसके लिए NCERT आधारित हाइपर-इंटरैक्टिव 3डी डिजिटल कंटेंट तैयार किया जाए।

इस सिस्टम को बनाने के लिए दिल्ली शिक्षा विभाग ने टेकसर की कंपनियों और एजेंसियों से 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' भी मांग है, ताकि सरकार डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन पढ़ाई और टेस्ट सिस्टम बना सके। एक अधिकारी के मुताबिक, इस पहल का मकसद सिर्फ स्मार्ट क्लासरूम बनाना नहीं, बल्कि बच्चों को ऐसा कंटेंट देना है, जिससे वे स्कूल के साथ-साथ घर पर भी आसानी से पढ़ सकें। इस प्रोजेक्ट में खासतौर पर क्लास 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए NCERT सिलेबस पर आधारित 3D इंटरैक्टिव कंटेंट (मैथ्स, साइंस समेत बाकी सब्जेक्ट) तैयार करने की बात की जा रही है, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों में होगा और क्लासरूम में स्मार्ट बोर्ड पर बिना इंटरनेट के भी चल सकेगा।

> सरकारी स्कूलों में तकनीक से पढ़ाई आसान बनाने पर है जोर

हर चैप्टर के बाद छोटा सा टेस्ट: विभाग का फॉर्मेटिव असेसमेंट सिस्टम पर भी जोर है। हर चैप्टर के बाद छोटे-छोटे टेस्ट, जिससे टीचर को तुरंत पता चलेगा कि बच्चों को कहां दिक्कत आ रही है। एक सेंट्रल डैशबोर्ड भी होगा, जिसमें स्कूल, क्लास और जिले के स्तर तक बच्चों की परफॉर्मेंस का डेटा देखा जा सकेगा। विभाग का इरादा है कि जो भी कंपनी चुनी जाए, वो इस सिस्टम पर टीचर्स की ट्रेनिंग, सपोर्ट सिस्टम और पूरे प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग भी करे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पल्यूशन ब्रेक में कैसे होगा फायदा?

अगर यह सिस्टम बनता है, तो काफी फायदेमंद हो सकता है। खासतौर पर पल्यूशन, भीषण सर्दी के दौरान कई बार स्कूल हाइब्रिड मोड पर चले जाते हैं, इससे सरकारी स्कूलों के बच्चों का ज्यादा नुकसान होता है। सिस्टम बनता है तो उन्हें घर पर भी ऑनलाइन कंटेंट मिल जाएगा। मजबूत सिस्टम से पढ़ाई इंटरैक्टिव और आसान बनाई जा सकती है। एक ही जगह डेटा मिल पाएगा कि किस स्कूल में क्या सुधार चाहिए, इससे सुधार के लिए पॉलिसी बनाने में भी मदद मिलेगी।

बजट से पहले व्यापारियों की मांगें तेज़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बजट से पहले व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने, बवाना, झिलमिल, बादली जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड, व्यापारी कल्याण बोर्ड की मांगें तेज कर दी गई हैं। इसको लेकर व्यापारियों के शीर्ष संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर 11 प्रमुख सुझावों का मांग पत्र सौंपा है।

> सीएम रेखा गुप्ता को सौंपा 11 सुझावों का लेटर

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि यह मांग पत्र दिल्ली की 700 मार्केट असोसिएशन और 56 औद्योगिक क्षेत्रों के फैक्ट्री मालिकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार बजट में व्यापारियों की इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी। मांग पत्र में बवाना, नरेला, झिलमिल और बादली जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। इसके अलावा, 50 से अधिक स्थानों पर सर्कल रेट की विसंगतियों को दूर करने की बात कही गई है।

बुरा हाल LNJP और GB पंत में जांच का इंतजार बढ़ा रहा मरीजों का मर्ज़!

बीमारी आज, पर जांच की डेट 3 महीने बाद

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

File Photo

■ **नई दिल्ली :** राजधानी के सरकारी अस्पतालों में इलाज से पहले इंतजार ही सबसे बड़ा इम्तिहान बन गया है। लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल (LNJP) और गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल (जीबी पंत) जैसे बड़े अस्पतालों में हालात यह है कि जांच के लिए महीनों की लंबी कतारें लग रही हैं। मरीज सुबह-सुबह पर्ची बनवाने से लेकर जांच की तारीख लेने तक घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन अंत में हाथ लगती है तीन महीने की वेटिंग। जिसे देख मरीजों की जुबां से एक ही सवाल आता है कि दर्द आज है और जांच तीन महीने बाद?

जानकारी के मुताबिक, एलएनजेपी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की करीब 6 मशीनें हैं। बावजूद वहां इलाज कराने आए मरीजों को तीन महीने की वेटिंग दी जा रही है। यमुना बाजार के रहने वाले जय सिंह चौहान बताते हैं कि पेट में दर्द तेज था। इमरजेंसी में गया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप करके ओपीडी में भेज दिया। डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। जब जांच काउंटर पर पहुंचा तो कर्मचारियों ने करीब तीन महीने की डेट दे दी। वहीं, वीरेंद्र ने भी बताया कि उन्हें तीन महीने बाद की डेट दी गई है। बीमारी आज है और जांच तीन महीने बाद होगी तो क्या स्थिति होगी? यही हाल जीबी पंत अस्पताल का भी है, जहां मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए डेढ़ से दो महीने की वेटिंग दी जा रही है। जिससे मरीजों का दर्द और बढ़ रहा है। यही हाल सीटी स्कैन की जांच में भी हो रहा है। एलएनजेपी में सीटी स्कैन के लिए भी मरीजों को लंबी डेट दी जा रही है। इस मामले में जब अस्पताल प्रशासन से जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

हो रही दिक्कत

- *अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन के लिए मिल रही लंबी तारीख*
- *मजबूरी में प्राइवेट सेंटरों की ओर रुख कर रहे हैं मरीज*

'फ्री इलाज' बन रहा महंगा सौदा

सरकारी अस्पतालों में मुफ्त जांच की सुविधा होने के बावजूद देरी मरीजों को मजबूर कर रही है कि वे प्राइवेट लैब का सहारा लें। एलएनजेपी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे कृष्णा के तीमारदारों ने बताया कि जांच के लिए दो महीने की डेट दी गई है। ऐसे में जांच के लिए इतना इंतजार नहीं करेंगे। प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर पर जांच कराकर इलाज शुरू करेंगे।

सरकारी स्कूल को मिला स्विमिंग पूल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया उद्घाटन

दिल्ली के एक सरकारी स्कूल को नया स्विमिंग पूल मिला है। शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने सरस्वती विहार स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय, सी-ब्लॉक स्कूल में इस पूल का उद्घाटन किया। 2.60 करोड़ रुपए की लागत से बना यह पूल 6 लेन का है। सूद ने यह भी कहा कि 2018 में शुरू हुआ यह स्विमिंग पूल प्रोजेक्ट कई वर्षों तक अधूरा पड़ा रहा। हमारी सरकार ने 7 साल बाद इसे पूरा कर दिया है। 2018 में इस पूल को बनाने का निर्णय तो लिया गया था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सका। अगर यह उस समय बन जाता तो आज ना जाने कितने बच्चे स्विमिंग की कोचिंग लेकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ते, कोई मेडल जीतता, कोई प्रोफेशनल स्विमर बनता और शायद कोई एशियाई खेलों तक भी पहुंचता।

सूद ने कहा कि यह केवल एक साधारण स्विमिंग पूल नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले सभी स्टूडेंट्स के लिए अवसरों का एक नया द्वार है। दिल्ली सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है, ताकि स्टूडेंट्स को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत 2018 में हुई थी, लेकिन लंबे समय तक यह अधर में लटका रहा। 2026 में हम इसे पूरा करने में सफल हुए हैं। यह पूल बच्चों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आएगा।

सूद ने यह भी बताया कि जो स्टूडेंट्स स्टेट और नेशनल लेवल की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए दिल्ली सरकार 5 लाख रुपये तक की सहायता दे रही है।

विधानसभा के लैपटॉप और कंप्यूटर से पढ़ेंगे सरकारी स्कूलों के बच्चे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के लैपटॉप और कंप्यूटर सरकारी स्कूलों के बच्चों को सौंपे जा रहे हैं। इसका मकसद दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी डिजिटल उपकरणों का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना है।

इस कड़ी में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा निदेशक वेदिता रेड्डी के साथ बैठक की और औपचारिक रूप से पहले चरण में 15 लैपटॉप शिक्षा निदेशालय को सौंपे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदन से लेकर क्लास तक, हर एक सार्वजनिक संपत्ति का राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल होना चाहिए। अब इन लैपटॉप का इस्तेमाल दिल्ली के सरकारी स्कूलों में किया जाएगा, जिससे छात्रों को डिजिटल उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और तकनीक के जरिए क्लास में सीखने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी। गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में 50-60 लैपटॉप चरणबद्ध तरीके से निदेशालय को सौंपे जाएंगे। इन्हें देने के लिए उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें डिजिटल संसाधनों की सबसे ज्यादा जरूरत है। सचिवालय में मॉनसून सत्र 2025 से नैशनल ई-विधान ऐप्लिकेशन (नेवा) को सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

साफ टॉयलेट मांगना गुनाह नहीं, जामिया पर बरसा HC

महिला प्रोफेसर की शिकायत को नजरअंदाज करने का मामला

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** काम करने की जगह की गरिमा के संबंध में एक अहम आदेश पारित करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (JMI) द्वारा एक सीनियर प्रोफेसर के खिलाफ की गई कई अनुशासनात्मक कार्रवाइयों को रद्द कर दिया। महिला प्रोफेसर ने एक साफ-सुथरा टॉयलेट उपलब्ध कराने की गुजारिश की थी। जस्टिस संजीव नरूला ने कहा कि यह मामला, जिसे प्रशासनिक तौर पर ही सुलझा लिया जाना चाहिए था, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि साफ, इस्तेमाल लायक और गरिमापूर्ण टॉयलेट की मांग करना एक बुनियादी कामकाज के लिए शर्त है। कोर्ट ने यूनिवर्सिटी के लिखित माफी की जिद को साफ तौर पर असंगत और एक बुनियादी मानवीय जरूरत के प्रति असामान्य रूख बताया। 13 मार्च को पारित आदेश में हाई कोर्ट ने कहा कि माफी हमेशा अपनी मर्जी से होनी चाहिए और इसे ऑफिस ऑर्डर के जरिए जबरदस्ती नहीं लिया जा सकता, खासकर तब जब इसे किसी शिकायत के संस्थागत जवाब के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा हो।

कोर्ट ने माना कि यूनिवर्सिटी का पदक्रम और औपचारिकता पर जिद ने मानवीय कामकाजी स्थितियों से जुड़ी शिकायत के मूल मुद्दे को ही दबा दिया। लिहाजा, कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस और माफी के आदेश को रद्द कर दिया, और JMI को निर्देश दिया कि वह इस शिकायत पर एक प्रशासनिक मामले के तौर पर, उचित संवेदनशीलता के साथ चार हफ्तों के भीतर फिर से विचार करे। तब तक के लिए यूनिवर्सिटी को यह सुनिश्चित करना होगा कि याचिकाकर्ता प्रोफेसर सुजाता ऐश्वर्या को उनकी मेडिकल स्थिति के मुताबिक उचित सुविधा उपलब्ध हो।

'मुख्य साजिशकर्ता' को अग्रिम जमानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पटियाला हाउस कोर्ट में स्थित एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को भारतीय युवा कांग्रेस (IYC) के राष्ट्रीय इंचार्ज मनीष शर्मा को अग्रिम जमानत दे दी। शर्मा पर हाई-प्रोफाइल AI इम्पैक्ट समिट में हुए विरोध प्रदर्शन का कथित रूप से मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप है।

एडिशनल सेशन जज अमित बंसल ने याचिका मंजूर करते हुए शर्मा को पुलिस जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी शर्त रखी कि अगर दिल्ली पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश करती है, तो उन्हें सात दिन पहले नोटिस देना होगा। वहीं जमानत का विरोध करते हुए, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल डीपी सिंह ने दलील दी कि मनीष शर्मा ने सह-आरोपियों के साथ मिलकर बैठक की और प्रदर्शन की योजना बनाई।

6 साल बाद जेल से बाहर आए शरजील इमाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : शरजील इमाम शुक्रवार को लगभग 6 साल बाद अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आए। जेएनयू स्कॉलर रहे इमाम 2020 में नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में भड़के दंगों की कथित साजिश के मामले में आरोपी हैं। उन्हें 9 मार्च को कड़कड़डूमा कोर्ट ने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां से मिलने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी।

कड़कड़डूमा कोर्ट में एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेयी ने 9 मार्च को संबंधित आदेश पारित किया। इमाम को 20 मार्च से 30 मार्च तक की अंतरिम जमानत देते हुए अदालत ने तमाम शर्तें लगाईं, जैसे-उन्हें इस दौरान मामले से जुड़े किसी भी गवाह या व्यक्ति से संपर्क करने की मनाही है, मीडिया से संपर्क करने या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है, अपना मोबाइल नंबर जांच अधिकारी को देना है और डिवाइस को हर समय चालू रखना है। इस दौरान उनकी मुलाकातें केवल परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों तक ही सीमित रहेंगी। इमाम को 30 मार्च की शाम तक जेल सुपरिटेंडेंट के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

TIMES TRIBUTE

PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

श्री रामफल गुप्ता जी
सातवीं पुण्य स्मृति
09.08.1947–21.03.2019

आपकी यादें, प्यार, प्रेरणा, आशीर्वाद आपके होने का एहसास हर पल, हर वक्त हमें महसूस करवाती हैं, आप हमारे लिए महान, धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक गुरु के समान थे। सभी आपको नतमस्तक होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं,

श्रीमती निर्मला देवी (धर्मपत्नी),
सीमा – सुनील गुप्ता (पुत्र पुत्रवधू),
कोमल – कुलभूषण गुप्ता, रजनी– पंकज गुप्ता, उमा– अमित गुप्ता (पुत्री–दामाद), पल्लवी विशाल जिंदल (पौत्री– पौत्री दामाद) वृंदा, आदित्य (पौत्री–पौत्र)

'Life is one eternal struggle between the forces of good and evil.'

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

tender & notices

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
अशोक समारोह प्रभाग
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर 8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003

निविदा सूचना

भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा दिल्ली/एनसीआर में स्थापित इच्छुक पात्र एजेंसियों से 3 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक दर अनुबंध (एआरसी) पर ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। ये ग्राफिक डिजाइनिंग एजेंसियां, ऑफसेट प्रिंटिंग (श्रेणी ए), डिजिटल प्रिंटर और सिल्क स्क्रीन प्रिंटर (स्टेशनरी मदों) की श्रेणी में अपने पर्यटक साहित्य, होटल ग्राफिक्स और स्टेशनरी इत्यादि डिजाइनिंग और प्रिंटिंग करेंगी।

समय–सीमा इस प्रकार है :
- विस्तृत निविदा दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in से 21 मार्च 2026 10.15 बजे से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
- ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि और समय 10 अप्रैल 2026 को 18.00 बजे तक है।
- हार्ड कॉपी में बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। केवल उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित ऑनलाइन बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी।

टिप्पणी : इस निविदा से संबंधित सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन और विस्तार केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक एजेंसियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नियमित अपडेट के लिए वेबसाइट देखें।

कृपया अधिक जानकारी के लिए : कार्यालय, सहायक प्रबंधक (एसी–प्रोक्योरमेंट), अशोक समारोह प्रभाग, आईटीडीसी, फोन +91–11–26873182 से संपर्क करें

सहायक प्रबंधक (एसी–प्रोक्योरमेंट), अशोक समारोह प्रभाग, भारत पर्यटन विकास निगम, नई दिल्ली

सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

PUBLIC NOTICE

Be it known to the General Public at large that (1). **SH. ABHISHEK MANU SINGHVI** S/o Dr. L.M. Singhvi R/o House No. 14, Jor Bagh, Lodhi Road, New Delhi-110003; **(having 2/3rd undivided share) AND (2). SH. AVISHKAR MANAS SINGHVI** S/o Shri Abhishek Manu Singhvi R/o 30, Golf Links, Archbishop Makarios Marg, Lodhi Road, New Delhi-110003; **(having 1/3rd undivided share)** have represented themselves to be the joint owners (as per their respective holding) of Entire Freehold Property bearing No.A-129, situated at Neeti Bagh, New Delhi-110049, alongwith the ownership rights in the said plot of land measuring 838.88 Sq. Yds., alongwith all rights, interests, titles in the land beneath the same, fixtures and fittings contained therein, with the rights of usage of necessary amenities/services attached thereto, usage of sewer connection, electric and water connections as installed therein duly owned by them by virtue of Eight (8) Sale Deeds of respective dates with the intentions to sell the said property have agreed to sell the same to my client, free from all encumbrances, Charges, Liens, Prior Sale, Gift, Mortgage, any claims or Dispute(s), Litigations, Suits, Surety and Security, Attachment in the decree of any Court, Will, Trust, Exchange or any Registered or Unregistered encumbrances etc etc.

All the Original Allotment related Documents including the Allotment Letter, Perpetual Lease Deed, Occupancy Certificate, Mutations, Possession Letter, Original Conveyance Deed as issued by DDA and all Sale Deeds in their names related to the said Property are misplaced for which Police NCR has already been lodged by the aforesaid Sellers on date 19.03.2026 and the Certified copies of the Perpetual Lease Deed and also the Conveyance Deed has been obtained by the said Sellers to be given to my Clients upon completion of the Transaction.

Any other Legal heir(s) or any extended family member of the erstwhile owners, person(s), firm, having any claim against into or upon the said property by virtue of Sale, inheritance, Agreement (of any kind), Contract, Mortgage, Liens, Charges or otherwise is hereby asked & required to notify the same in writing alongwith supporting documentary evidence to the undersigned within 9 (Nine) days from the date of publication of this notice failing which it will be presumed that no valid claim or objections subsists therein and my client shall Conclude the Sale of the said property and Any claim and/ or objection if raised thereafter shall not be binding upon my client for future.

RAJIV KAPUR (ADVOCATE)
Enrl. No. D/1917/99.
G-1314 C R Park, New Delhi-19 Tel.: 9810425377, 7827244045.

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(ORDER V, RULE 20 OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE)
IN THE COURT OF SH. BHUPESH KUMAR DISTRICT JUDGE
(COMMERCIAL COURT-02) ROOM NO. 25, PHC, NDD, NEW DELHI
ROOM NO. 25
CASE NO : CS (COMM.) 301/2024
TITLE: HAMDARD NATIONAL FOUNDATION INDIA VS BANDHU STORE AND OTHERS
TO:
1. GULZAR AT:- KHAJURI KHAS, SHRI RAM COLONY B BLOCK, GALI NO. 27 DELHI – 110094

WHEREAS the above-named plaintiff has instituted a commercial suit against you, you are hereby summoned to appear before this court in person or through a pleader on 27.03.2026 at 10:00 AM to answer the same.

The written statement must be filed within 30 days from the date of receipt of the summons. You are also required to file an affidavit of admission/denial of the documents filed by the plaintiff along with the written statement.

It is made clear that any unjustified denial of documents and delay in timelines may lead to an order of costs against the concerned party.

Take notice that in default of your appearance on the above-mentioned date, the suit will be heard and decided in your absence.

GIVEN under my hand and the seal of the Court on this 09th day of JANUARY, 2026.

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
अशोक समारोह प्रभाग
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर–8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003

निविदा सूचना

भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा दिल्ली/एनसीआर में स्थापित पात्र एजेंसी की नियुक्ति के लिए दर संविदा आधार पर ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षरित बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जो सम्मेलन के श्रव्य–दृश्य उपकरण, सम्मेलन फोटोग्राफी और संबंधित सेवाओं आदि के लिए 02 वर्ष के लिए भाड़े के आधार पर (पैन इंडिया) उपलब्ध करवाती हैं।

समय–सीमा इस प्रकार है :
- विस्तृत निविदा दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etenders.gov.in से 21 मार्च 2026, 10.00 बजे से 10 अप्रैल 2026, 18.00 बजे तक देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
- ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि और समय 10 अप्रैल 2026 को 18.00 बजे तक है।
- हार्ड कॉपी में बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। केवल उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित ऑनलाइन बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी।

टिप्पणी : इस निविदा से संबंधित सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन और विस्तार केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक एजेंसियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

कृपया अधिक जानकारी के लिए :
कार्यालय प्रभागाध्यक्ष, (अशोक समारोह प्रभाग), आईटीडीसी
फोन +91–11–26872616 से संपर्क करें

प्रभागाध्यक्ष (अशोक समारोह प्रभाग)
भारत पर्यटन विकास निगम, नई दिल्ली

सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

निविदाएं (टेंडर्स)

INVITATION TO OFFER
DVV-Dream Valley Villas
GH-09,Techzone-4,Gr.Noida West UP-201306 # 9650571423,Email dreamvalleyvillasaoa@gmail.com
A 379 Villas Residential Society Managed by AOA Invites Applications
FACILITY MANAGEMENT AGENCY
Min. 3 years exp. in managing common area maintenance/utility services in residential societies in NCR with valid licenses.
SECURITY AGENCY
Min. 3 years exp. in managing security services of residential societies in NCR.
Interested agencies may apply separately. Opening Date: 21.03.2026 & Closing Date: 04.04.2026 (18:00 hrs)

IN THE COURT OF SH. S.S. RATHI, PRINCIPAL JUDGE EAST DISTRICT, ROOM NO.02, B-BLOCK, GROUND FLOOR KARKARDOOMA COURTS, DELHI.
SUMMONS/NOTICE FOR SERVICE BY ADVERTISEMENT IN A NEWSPAPER (O.5 R20)
HMA NO. 2176/2024 | NDOH:- 19.05.2026
SUPRIYA DEVI VS SHAILENDRA DWIVEDI
To
SH. SHAILENDRA DWIVEDI
S/O SH. SHESHMANI DWIVEDI
A-28, 1ST FLOOR, GANESH NAGAR-II NEAR CHAUDHARY DAIRY, DELHI-110092
Whereas (Petitioner) SMT. SUPRIYA DEVI D/O LATE SH. MITHILESH OJHA, C-2/201, EASTERN HEIGHT APPARTMENT, NAYAK KHAND-III INDRAPURAM, GHAZIABAD, UP has instituted a above said case u/s 13(1)(ia) of the Hindu Marriage Act, 1955 for annulment of marriage. You are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader on 19-05-2026 at 10:00 A.M. to answer the same, failing which the case will be disposed of ex-parte. Given under my hand and the seal of the court on 10-03-2026.
Principal Judge
North East District Family Court
Karkardooma Courts, Delhi

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

मकान नं. 1863, सेक्टर-12, सोनीपत के संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति का स्वामित्व सुमित अरोड़ा का है। इस पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार/दावा नहीं है। संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है। अतः कोई भी व्यक्ति इस संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन/समझौता अपने जोखिम पर करे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सार्वजनिक सूचना

स्वर्गीय श्री सत्यनारायण लखड़ा के विधिक उत्तराधिकारियों हेतु सूचना

विषय: मुंडका शाखा परिसर को खाली करने एवं किराया बकाया के निपटान के संबंध में

यह सार्वजनिक सूचना बैंक ऑफ बड़ौदा, जिसका शाखा कार्यालय 428/5, मेन रोहतक रोड, मुंडका, पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110041 (आगे "बैंक" कहा जाएगा) में स्थित है, द्वारा जारी की जाती है। उक्त परिसर स्वर्गीय श्री सत्यनारायण लखड़ा से लीज पर लिया गया था।

बैंक उक्त परिसर का विधिवत किरायेदार रहा है। बैंक को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि मकान मालिक स्वर्गीय श्री सत्यनारायण लखड़ा का निधन हो चुका है। बैंक द्वारा बार–बार संपर्क एवं प्रयास किए जाने के बावजूद, अब तक कोई भी वास्तविक विधिक उत्तराधिकारी आवश्यक दस्तावेजों सहित आगे नहीं आया है, जिससे स्वामित्व का दावा प्रस्तुत किया जा सके या किराया भुगतान प्राप्त किया जा सके।

यह सूचित किया जाता है कि उक्त परिसर की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है तथा बैंक परिसर को खाली कर अपनी सेवाओं को अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में है। इस संबंध में औपचारिक खाली करने की सूचना पूर्व में ही जारी की जा चुकी है।

बैंक संबंधित अवधि का समस्त बकाया किराया भुगतान करने हेतु तैयार एवं इच्छुक है, बशर्ते कि स्वर्गीय मकान मालिक को पूर्व में दिए गए ब्याज–मुक्त सुरक्षा जमा (Security Deposit) का समायोजन/वसूली की जा सके।

अतः स्वर्गीय श्री सत्यनारायण लखड़ा के सभी विधिक उत्तराधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर निम्नलिखित दस्तावेज बैंक को प्रस्तुत करें:
1. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र / विधिक उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र
2. सभी विधिक उत्तराधिकारियों के केवाईसी दस्तावेज (आधार कार्ड / पैन कार्ड)
3. बैंक विवरण / रद्द किया हुआ चेक (भुगतान हस्तांतरण हेतु)

यदि निर्धारित समयावधि के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो बैंक दिनांक 20.05.2026 तक उक्त परिसर को खाली कर देगा तथा बकाया किराया (सुरक्षा जमा समायोजन के पश्चात) सक्षम न्यायालय/प्राधिकरण के समक्ष जमा कर देगा और परिसर की चाबी/कब्जा संबंधित प्राधिकरण को सौंप देगा। इसकी संपूर्ण जवाबदारी एवं व्यय विधिक उत्तराधिकारियों के जिम्मे होगी।

संपर्क विवरण: क्षेत्रीय प्रमुख
बैंक ऑफ बड़ौदा पश्चिम दिल्ली क्षेत्र

दिनांक: 20.03.2026 स्थान: नई दिल्ली

TO BOOK YOUR TRAVEL ADS PLEASE CALL
AMAN : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

DRT NOTICE

THE BRISTOL
TENDER NOTICE 2026-27

The Bristol Hotel, Gurgaon invites quotation from established suppliers for the supply of following items on Annual Rate Contract basis for the Financial Year 2026-27.

Food and beverage related Supplies-Indian and imported Vegetables, Dairy Products, including Milk, Paneer etc. Mutton, Chicken and Sea Foods, Provision and General stores, eggs and breads, Soft beverages, mineral water and Juice and all foods related products. Banquet Operations Related Service Like Tent Decorator, Chaat Vendor, Flower, F & B Manpower supplier, DJ Services, Audio and Video Equipment, Fuel Gel, Coal vendor, Printing and Stationery vendor, etc.

Room Operation Related Service-Guest Supply and Amenities in room, Laundry service, Car Rental Services, Security Service, Pest Control, News Paper, Internet and WIFI Provider and related services.

Interested parties may send request for tender form on email: purchase@thebristolhotel.com
Tender Form duly filled up: Signed in PDF may be submitted by email latest by 05th april 2026
Purchase Department
The Bristol Hotel,
DLF Ph-1, Gurgaon
Phone No.: 0124-4351111/ 9958048117
www.thebristolhotel.in
purchase@thebristolhotel.com

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

चालक

चालक सामानों की बाजार आपूर्ति के लिए हेल्पर और ड्राइवरों की आवश्यकता है। पताः बी-1, मसूदपुर, वसंत कुंज, दिल्ली। शीघ्र सम्पर्क करें: 9810045132

एकाधिक रिक्तियां

आवश्यकता है अनुभवी कुक, शैफ, किचन हैल्पर, ड्राईवर, सिक्योरिटी गार्ड, गनमैन (लाइसेंस होल्डर), हाउसकीपिंग, मेड, माली, कपड़े धोने / प्रेस के लिए धोबी, इलेक्ट्रीशियन, PSOs, वृद्ध महिला के लिए केयरटेकर। रहने की सुविधा। संपर्क: 7065300010

A Private Limited Company in Paschim Vihar requires Accountant (M/F) Full Time, 2-3 years' experience Refrigeration Technician 5 - 6 years' experience Immediate recruitment Send your CV on WhatsApp: +91 98113 19466

तकनीकी

इंजीनियर्स

GLOBAL DENT AIDS
Plot No. 91, NSEZ, Phase-2, Noida, UP-201305
Urgently Require
Engineer/Jr. Engineer/ Operator
Must be from a mechanical background. (B.Tech/I.T.I./ Diploma in mechanical). Min. Experience 0-4 years.
Key Roles & Responsibilities:
1) Setup & operate machines. 2) Inspect finished products to ensure they meet blueprints & specifications. 3) Perform routine maintenance & troubleshoot machine issues
Salary: 15000-25000/month
Pls. Mail Resume to : kajal.sharma@stlm.in or Call : 9310049577

प्रॉपर्टी

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

EARN Monthly Rental 11K Buy Shop in pre-leased Mall in Greater Noida. Invest 13 Lac. WhatsApp: 9013707776.

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं अमन वशिष्ठ और पत्नी शालिनी भारद्वाज रेसिडेंट ऑफ़ 11 ग फ़, ह 11, वाटिका इंडिया नेक्स्ट, सेक्टर 82, गुरुग्राम 122004 घोषित करते हैं के हमारे पुत्र हेमांग का पूरा नाम हेमांग वशिष्ठ है.

I, Devender Kumar S/o Late Shri Budhi Ram R/o A4, Flat No. 103, Panchsheel Green One, Greater Noida West, District Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -201309, have changed my name to Devender Duklan for all future purposes.

I, Lalit Arora S/o Praveen Arora, R/o B-280 Baljeet Vihar, Nithari, Delhi-110086, am also known as Lalit.

I Rashika Jain D/O, Rakesh Kumar Jain R/o S-253,3rd, Floor, Panchseel Park, New Delhi-110017 have changed my name to Rashika Jain Mittal

I, Jitendra Advani, S/o Sh. Prakash Advani, R/o 1251, ATS Nobility, Plot No. 1/GH-04, Sec 4, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, UP 201318 have changed my name from Jitendra Advani to Jitendra Kumar Advani. Henceforth I would be known by the name of Jitendra Kumar Advani for all future purposes.

I, Popinder Pal Singh, S/o Late Joginder Singh, resident of House No. 276, FF, B-1, Janakpuri, Delhi - 110058, do hereby declare that I am also known by the names "Popinder Pal Singh", "P.P. Singh", and "Popinder Pal Chandok" in various records and documents. All these names refer to one and the same person, i.e., myself. This declaration is made for all official purposes.

I Sachin Gaur s/o Har Sharan Sharma R/o Flat-1505, Tower-A, Krishna Apra Sapphire, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh 201014, have changed the name of my minor son Aaryan Gaur aged 13 years and he shall hereafter be known as Aaryendra Gaur It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection

I, Rakhi Verma, wife of Gagan Verma, resident of H No. 182/14, 1st Floor, Street No. 4, Rameshwar Nagar, Delhi-110033, have changed my name from Rakhi Kumari to Rakhi Verma for all future purposes.

HEALTH & WELLNESS

गुप्त रोगी मिलें घर बैठे इलाज पायें सेक्स रोगी शुगर मोटापा बचपन की गलतियां बवासीर, सफेद दाग / सोरायसिस आकाश दवाखाना समय 10–7 तक एसबीआई टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली 9953396533 8860003863

गुप्त रोगी मिलें बवासीर, डायबिटीज, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद, नशा छुड़ायें डा. शेरा फरीदाबाद नई दिल्ली 9410000016

सैक्स संबंधी रोग मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें: नवीन क्लीनिक PNB BANK नई दिल्ली-110041 9811564909 9210990444

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT
SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

To book your Shopping ads
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY | RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
Central Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi	Sunil Srivastava	99994 99496
Noida + East Delhi	Sumit Negi	98992 68321

PM 2.5 के किस फैक्टर से होता है लंग्स कैंसर, एम्स करेगा पता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की हवा में मौजूद PM 2.5 के किस फैक्टर से लंग्स कैंसर होता है, एम्स इसका पता लगाएगा। 'AIRCARE' प्रोजेक्ट के जरिए एम्स के वैज्ञानिकों ने PM 2.5 और लंग्स कैंसर के संबंध स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। यही नहीं, इसके जरिए यह भी जानने की कोशिश की जाएगी कि दिल्ली की हवा में एक ही परिवार के दो लोग, चाहे कैंसर के मरीज हो या फिर नॉर्मल इंसान हो, दोनों पर PM 2.5 का किस प्रकार का असर होता है, उसमें कैंसर का खतरा किस स्तर पर और कितना होता है। एम्स के एक्सपर्ट का दावा है कि इस प्रकार की स्टडी देश में पहली बार की जा रही है, जो न केवल PM 2.5 और लंग्स कैंसर के संबंध को स्थापित करेगी, बल्कि इलाज और कैंसर की दिशा तय करने में पॉलिसी मेकर को भी सुझाव देगी।

यह स्टडी 1615 लंग्स कैंसर मरीजों, उनके परिवार पर आधारित होगी

दरअसल, एम्स ने एक अहम पहल शुरू की है, जिसे 'AIRCARE' (Air Pollution and Cancer Research Ecosystem) नाम दिया गया है। इस अध्ययन का नेतृत्व एम्स के कैंसर एक्सपर्ट डॉ. अभिषेक शंकर कर रहे हैं, जिनके साथ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और बायोस्टैटिस्टिक्स के विशेषज्ञों की टीम जुड़ी है। यह स्टडी दिल्ली-एनसीआर के 1615 लंग्स कैंसर मरीजों और 1615 उनके परिवार के सदस्य पर आधारित होगी, ताकि एक तरह की हवा के एक्सपोजर के आधार पर जोखिम का आकलन किया जा सके।

डॉ. अभिषेक ने कहा कि यह रिसर्च क्लिनिकल और नॉन-क्लिनिकल दोनों स्तरों पर की जाएगी। इसमें 'कोहोर्ट' और 'केस-कंट्रोल' मॉडल का इस्तेमाल कर अलग-अलग सामाजिक और आर्थिक समूहों में PM 2.5 के असर का अध्ययन किया जाएगा। साथ में भारतीय आबादी में प्रदूषण से जुड़े एक खास जेनेटिक सिग्नेचर की पहचान करने की भी कोशिश होगी, जिससे यह समझा जा सके कि शुरुआती स्तर पर होने वाले जेनेटिक बदलाव आगे चलकर कैंसर में कैसे बदलते हैं।

डॉक्टर ने कहा कि स्टडी के आधार पर भारतीय आबादी के लिए एक जोखिम-आधारित स्क्रीनिंग मॉडल तैयार किया जाएगा, जिसमें क्लिनिकल और मॉलिक्यूलर दोनों पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इससे उन लोगों की पहचान करना आसान होगा, जिन्हें भविष्य में लंग्स कैंसर का ज्यादा खतरा है।

स्टडी स्क्रीनिंग को नई दिशा दे सकती है

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दिल्ली जैसे शहर में लंग्स कैंसर पुरुषों में सबसे बड़ा कैंसर है, चाहे इसकी वजह स्मोकिंग हो या फिर दिल्ली की हवा। चिंता की बात यह भी है कि अब लंग्स कैंसर केवल स्मोकिंग करने वालों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नॉन स्मोकर, खासकर महिलाएं और युवा भी तेजी से चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में प्रदूषण को एक बड़े रिस्क फैक्टर के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन भारत से जुड़े मामलों में ठोस वैज्ञानिक आंकड़ों की कमी अब तक बनी हुई थी। ऐसे में स्टडी न केवल इलाज और स्क्रीनिंग को बेहतर बनाएगी, बल्कि नीति निर्माण, आर्थिक योजना और स्वास्थ्य रणनीतियों को भी नई दिशा दे सकती है।

5 लाख सालाना आय वाले का भी फ्री इलाज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के मरीजों के लिए एक अहम फैसला किया है। अब निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज का लाभ उठाने के लिए इनकी आय सीमा बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य महानिदेशालय (DGHS) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पहले जहां EWS श्रेणी के लिए वार्षिक आय सीमा 2 लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है। इस फैसले से अब अधिक संख्या में जरूरतमंद मरीज निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने EWS के मरीजों को दी बड़ी राहत

हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक के बाद यह फैसला किया गया है और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। सभी सरकारी और चिह्नित निजी अस्पतालों के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

12वीं के स्टूडेंट के साथ मारपीट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दयालपुर इलाके में 12वीं कक्षा का एक स्टूडेंट पर दूसरे स्कूल के स्टूडेंट्स ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित स्टूडेंट का नाम मोहम्मद फैजान (17) है।

SHRISHAKTI SUZUKI

KRISHNA NAGAR - 7669423289 | LAXMI NAGAR - 7835072637

WORKSHOP : 470, PATPARGANJ INDUSTRIAL AREA | MOB. 8799718636

सफदरजंग में फॉलोअप क्लिनिक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सफदरजंग अस्पताल के आईसीयू से डिस्चार्ज हुए मरीजों के लिए एक समर्पित क्रिटिकल केयर फॉलोअप क्लिनिक शुरू किया है, जो देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में अपनी तरह की पहली पहल मानी जा रही है। यह सेवा सरकार के ई संजीवनी ओपीडी टेलीमेडिसिन पोर्टल के जरिए उपलब्ध होगी, जिससे मरीज और उनके परिजन घर बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकेंगे। यह क्लिनिक हर मंगलवार और गुरुवार सुबह 10 से 11 बजे तक चलेगी।

ICU से निकले मरीजों के लिए हुआ शुरू

डॉक्टर के अनुसार, आईसीयू से ठीक होकर घर लौटने वाले कई मरीजों को लंबे समय तक कमजोरी, मेमरी से जुड़ी दिक्कतों और अन्य जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद भारत में ऐसे मरीजों के लिए व्यवस्थित फॉलोअप सेवाओं की कमी रही है। यह क्लिनिक इसी कमी को दूर करने की दिशा में एक अहम कदम है। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि इस नई सेवा से ICU से बाहर आने वाले मरीजों की रिकवरी बेहतर होगी और जटिलताओं को समय रहते पहचान और प्रबंधित किया जा सकेगा।

महिलाओं में फेफड़ों का कैंसर कम, लेकिन मौत की बड़ी वजह: AIIMS

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

महिलाओं में लंग कैंसर का पीक पुरुषों की तुलना में 10 साल पहले आता है: डॉक्टर सुनील

महिलाओं में लंग कैंसर पुरुषों की तुलना में 10 साल पहले आता है। यह खुलासा एम्स की स्टडी में हुआ है। एम्स के कैंसर एक्सपर्ट डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि हमारी स्टडी में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है, जबकि लॉजिक कहता है कि महिलाओं में फेफड़ों का कैंसर देरी से होना चाहिए, क्योंकि उनमें स्मोकिंग के मामले कम हैं। महिलाओं में होने वाले कैंसर में लंग कैंसर पहले पांच में भी नहीं है, आठवें या नौवें नंबर है। लेकिन मरने वालों में ये चौथे नंबर पर है। इसकी बड़ी वजह यह है कि इलाज के लिए इतने लास्ट स्टेज में आते हैं कि उनकी कोई मदद नहीं कर पाता। यह बड़ी चिंता की बात है।

शुक्रवार को एम्स में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि कैंसर की वजह जो भी हो, उसके प्रोसेस में समय लगता है, तुरंत नहीं होता है। अलग-अलग स्तर पर बदलाव की शुरुआत होती है। अगर समय पर पता चल जाए तो सिर्फ एक तरीके से यानी सर्जरी से ही पूरी तरह से बीमारी से निजात दिलाई जा सकती है, बाकी प्रोसेस करने की जरूरत नहीं हो। लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं में लंग कैंसर कम नहीं है, इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें से एक कारण कुकिंग स्टाइल है। यानी बायो फ्यूल, चूल्हे पर खाना पकाना हो सकता है। डॉक्टर ने कहा कि इसका असर एक दशक के बाद भी हो सकता है। इस बारे में डॉक्टर अभिषेक शंकर ने कहा कि कई बार आज भी महिलाएं गैस होने के बाद भी घर की बालकनी या दूसरे हिस्से में दूध गर्म करती है। इसके अलावा सेकंड हैंड स्मोकिंग, यानी परिवार या आस पास लगातार कोई स्मोकिंग करे, या फिर दिल्ली की प्रदूषित हवा जहां सभी सांस ले रहे हैं।

गृह मंत्रालय
सीमा प्रबंधन विभाग
(BM- II प्रभाग)

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में सदस्य (वित्त) की नियुक्ति

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2010 (2010 का 31) के अंतर्गत भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) में **सदस्य (वित्त)** के पद को भरने के लिए सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. इसकी विस्तृत जानकारी तथा अन्य नियम व शर्तें गृह मंत्रालय की वेबसाइट **http://mha.gov.in** तथा **http://lpai.gov.in** पर उपलब्ध है।

3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल, 2026 है (इस तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा)

4. आवेदन भेजने का पता नीचे दिया गया है:

श्री अजय कुमार साह, अवर सचिव (आईसीपी),
कक्ष संख्या 20, द्वितीय तल, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम,
सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली-110001.
Email- aksah.sah@nic.in

CBC 19142/11/0022/2526

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, ओल्ड एयरपोर्ट रोड, बेंगलूरु - 560 017
URSC

वैज्ञानिक/अभियंता-"एस.सी", वैज्ञानिक/अभियंता-"एस.डी" तथा चिकित्सा अधिकारी-"एस.सी" पद के लिए भर्ती हेतु ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

विज्ञा.सं. यूआरएससी: 01 : 2026 — 21.03.2026

अर्ह भारतीय नागरिकों से वैज्ञानिक/अभियंता – "एस.सी" (02 रिक्तियाँ (अनारक्षित)), वैज्ञानिक/अभियंता – "एस.डी" (01 रिक्ति (अनारक्षित)) तथा चिकित्सा अधिकारी – "एस.सी" (01 रिक्ति (अनारक्षित)) पदों की भर्ती हेतु ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये पद अस्थायी हैं, परंतु अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है। ऑन-लाइन पंजीकरण हेतु आवेदन इसरो वेबसाइट **www.isro.gov.in** में **"Careers"** के तहत **23.03.2026** से **12.04.2026** तक की अवधि के दौरान उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थी **23.03.2026** से **12.04.2026** तक के बीच पात्रता मानदंडों की जानकारी प्राप्त करने तथा अपने आवेदन ऑन-लाइन पंजीकृत करने के लिए हमारी वेबसाइट देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑन-लाइन के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कृपया इसरो वेबसाइट [http://www.isro.gov.in] देखें।

Admin-12011(16)/6/2025-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग
(औषधि अनुभाग)
****

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन प्रतिनियुक्ति के आधार पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन में नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी।

2. अधिक विवरण के लिए कृपया सीडीएससीओ की वेबसाइट https://cdsco.gov.in पर जाएं।

क्रम सं.	पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार वेतन	पदों की संख्या	कार्यालय जिसके लिए पद भरे जा रहे हैं
1.	वरिष्ठ सहायक (प्रशासन) गैर-राजपत्रित, मंत्रालयिक	(रू. 25,500 - 81,100) वेतन स्तर-4	07	केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन

निदेशक (प्रशासन)
सीडीएससीओ, मुख्यालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली - 110002

CBC 17194/11/0028/2526

मेट्रो केबल चोरी करने वाला एक और अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मेट्रो की सिग्नलिंग केबल चोरी करने के मामले में आजादपुर मेट्रो पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जहांगीरपुरी निवासी शाहिद (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर करीब 30 मीटर तांबे की केबल बरामद की है।

पुलिस ने इस मामले में जहांगीरपुरी निवासी शेख शफीक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 170–180 मीटर जली हुई केबल बरामद की थी। वहीं, शिकायत में करीब 1000 मीटर लंबी केबल चोरी होने की बात सामने आई थी। मेट्रो का काम देख रहे पीसीपीपी भरत रेड्डी के अनुसार 12 मार्च की सुबह करीब 4:20 बजे मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सिग्नल कंट्रोलर की ओर से सूचना दी गई थी कि मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन और आजादपुर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी हो गई है, जिससे सिग्नलिंग सिस्टम डाउन हो गया है। घटना वाले दिन मेट्रो पुलिस ने जंगल में कुछ लोगों को केबल जलाकर उसमें से तांबा निकालते देखा। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को पकड़कर उसके पास से करीब 170–180 मीटर जली हुई केबल बरामद की। आरोपी की पहचान शेख शफीक के रूप में हुई।

मैं. पंजाब वेस्ट प्लांट कंपनी प्रा. लिमिटेड
पंजी. कार्यालय जैड-3, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032

सूचना

शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पंजाब वेस्ट प्लांट कंपनी प्रा. लिमिटेड के शेयरधारकों की विशेष सामान्य बैठक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय अर्थात् जैड -3, नवीन शाहदरा, दिल्ली– 110032 में शनिवार 18 अप्रैल, 2026 को अपराहन 3.00 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित एजेंडा पर चर्चा की जाएगी:

1. अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन को अपनाना।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन को अपनाना।

सभी संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में उपस्थित रहें।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 13.03.2026

कृते पंजाब वेस्ट प्लांट कंपनी प्रा. लिमिटेड
निदेशक

जैव प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY Ministry Of Science And Technology Government Of India

ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट - बायोटेक्नोलॉजी (GAT-B) 2026
तथा
बायोटेक्नोलॉजी एलिजिबिलिटी टेस्ट (BET) 2026

भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा, नोडल एजेंसी क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद के माध्यम से निम्नलिखित राष्ट्रीय परीक्षाओं की घोषणा की जाती है:

1. **ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट–बायोटेक्नोलॉजी (GAT-B) – भाग लेने वाले संस्थानों में जैव प्रौद्योगिकी तथा संबंधित क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु।**
2. **बायोटेक्नोलॉजी एलिजिबिलिटी टेस्ट (BET) – जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए DBT- जूनियर रिसर्च फेलोशिप (DBT-JRF) प्रदान करने हेतु।**

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद, भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की ओर से, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के माध्यम से GAT-B 2026 और BET 2026 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की स्थापना भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वायत्त, आत्मनिर्भर तथा स्वयं-संचालित प्रमुख परीक्षण संगठन के रूप में की गई है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभ और अंतिम तिथि	19 मार्च 2026 से 08 अप्रैल 2026 तक (रात 11:50 बजे तक)
ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	09 अप्रैल 2026 (रात 11:50 बजे तक)
GAT-B – 2026 की तिथि और समय	17 मई 2026 (रविवार) **सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक**
BET–2026 की तिथि और समय	17 मई 2026 (रविवार) **दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक**
परीक्षा का माध्यम	कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा
प्रश्न पत्र का पैटर्न	बहुविकल्पीय प्रश्न
परीक्षा शुल्क	GAT-B 2026 के लिए : SC/ST/PwD के लिए ₹650/– और अन्य सभी के लिए ₹1300/–
	BET 2026 के लिए SC/ST/PwD के लिए ₹650/– और अन्य सभी के लिए ₹1300/–
	दोनों GAT-B और BET 2026 के लिए SC/ST/PwD के लिए ₹1300/– और अन्य सभी के लिए ₹2600/–

परीक्षा की योजना, अवधि, माध्यम, पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियों आदि की जानकारी सूचना पुस्तिका में दी गई है, जो निम्न वेबसाइटों पर उपलब्ध है: **https://exams.nta.nic.in/gat-bet/, www.rcb.res.in, https://dbt.gov.in/**

BET के लिए पाठ्यक्रम यहाँ उपलब्ध है: **https://rcb.res.in/upload/DBT-JRF%20BET-%202021%20Syllabus.pdf**

GAT-B के लिए पाठ्यक्रम यहाँ उपलब्ध है: **https://rcb.res.in/DBTPG/**

जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे GAT-B 2026 और BET 2026 की विस्तृत सूचना पुस्तिका पढ़कर केवल ऑनलाइन आवेदन निम्न वेबसाइटों के माध्यम से कर सकते हैं: **https://exams.nta.nic.in/gat-bet/ https://dbt.gov.in/ www.rcb.res.in**

परीक्षा शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन करना होगा, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, और यह नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई / वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए समय–समय पर उपरोक्त वेबसाइटों पर जाने की सलाह दी जाती है।

किसी भी सहायता के लिए dbt@nta.ac.in पर ई–मेल करें या 011–40759000 पर संपर्क करें।

Z-28015/45/2025-PMSSY-IV(8323809)
भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(पीएमएसएसवाई प्रभाग)
कमरा नंबर 12100, कर्तव्य भवन-1,
नई दिल्ली-110001

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (पीएमएसएसवाई प्रभाग) पात्र उम्मीदवारों से कल्याणी (पश्चिम बंगाल) और बिबिनगर (तेलंगाना) में स्थित प्रत्येक एम्स में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक (प्रशासन) के लेवल-13 (रु.123100-215900) (7वें सीपीसी के अनुसार) के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अधिक विवरण के लिए, कृपया मंत्रालय और इस प्रभाग की वेबसाइट अर्थात् https://www.mohfw.gov.in और https://pmssy.mohfw.gov.in पर जाएं।

3. विस्तृत विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45वें दिन होगी।

(अरविंद ठाकुर)
उप सचिव
टेली. 011-24013197/98

CBC 17101/11/0059/2526

50 हज़ार का इनामी मर्डर का फरार आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ-ईस्ट जिले के सरिता विहार इलाके में हुई एक सनसनीखेज हत्या में वॉन्टेड 50 हजार रुपये का इनामी भगोड़े विजय पत्रे को क्राइम ब्रांच ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। यह मामला 2023 का था, जब अर्धेंदु मंडल की चाकू और कुल्हाड़ी जैसे घातक हथियारों से हत्या कर दी थी। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके थे, जिनमें दो विजय के भाई हैं, लेकिन आरोपी विजय और अर्धेंदु हलदर फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर जुलाई 2025 में पचास हजार रुपये का इनाम रखा गया था।

मुंबई में रेस्टोरेंट में कर रहा था काम, 2023 से था फरार

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, शिकायतकर्ता आकाश मंडल ने आरोप लगाया था कि 15 सितंबर 2023 को विजय पत्रे और उसके साथियों ने उनके पिता अर्धेंदु मंडल की हत्या कर दी थी। सरिता विहार थाने में मर्डर और दंगा समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

कारोबारी को किया अधमरा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सूरजमल विहार इलाके में एक ट्रैवल कारोबारी अपने सगे और चचेरे भाई के साथ बार-रेस्टोरेंट में पार्टी करने गए थे। वहीं किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों लड़कों ने पीड़ित की बेरहमी से पिटाई कर दी। फिर उन्हें अधमरी हालत में छोड़ बाइक से फरार हो गए। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उनके बयान पर बीएनएस की धारा के तहत विवेक विहार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 32 वर्षीय अक्षय राठी परिवार के साथ ज्वाला नगर शाहदरा में रहते हैं। ट्रैवल्स का काम करते हैं। आरोप है कि 16 मार्च की देर रात करीब 1:30 बजे वह सूरजमल स्थित रेस्टोरेंट एंड बार में छोटे भाई नैतिक और चचेरे भाई इशांक के साथ पार्टी करने गए थे। तड़के करीब 3:30 बजे तीनों बार के बाहर आए। नशा ज्यादा होने के कारण वह उल्टी करने लगे। तभी वहां पर मौजूद दो लड़के उनके पास आकर बोलने लगे कि शराब झेल नहीं सकते तो पीते क्यों हो। इस पर अक्षय ने कहा कि तुम्हारे पैसे की तो नहीं पी। इस बात को लेकर दोनों अक्षय के साथ झगड़ा करने लगे।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in